

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 3, अंक : 86 रांची, सोमवार, 09 मार्च, 2026 (चैत्र, कृष्ण पक्ष 06, संवत 2082) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com





# टी-20 विश्व विजेता बना भारत

## न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर तीसरी बार जीता खिताब

एजेंसी

**अहमदाबाद।** आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 का खिताब टीम इंडिया ने अपने नाम कर लिया है। अहमदाबाद में रविवार को खेले गए फाइनल मैच में भारत ने 96 रनों से शानदार जीत हासिल की। तीसरी बार ये खिताब अपने नाम कर लिया। इस मुकाबले में टॉस जीतकर न्यूजीलैंड की टीम ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 256 का टोटल कीवी टीम के सामने रखा था। इसके जवाब में न्यूजीलैंड टीम 159 के स्कोर पर ही ढेर हो गई। भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में तीसरी बार खिताब जीतने वाली पहली टीम बन गई है। भारत लगातार दो बार टी20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम भी बन गई है। जसप्रीत बुमराह को उनके शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

इससे पहले फाइनल में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने आक्रामक प्रदर्शन करते हुए 20 ओवर में 255 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। भारत की ओर से संजू सैमसन ने 89 रन की शानदार पारी खेली, जो टी20 विश्व कप फाइनल में सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर रहा। वहीं ईशान किशन ने 54 और अभिषेक शर्मा ने 52 रन का योगदान दिया। आखिर के ओवरों में शिवम दुबे ने 08 गेंदों पर 26 रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने ज्यादा देर टिक नहीं सकी। ओपनर बैट्समैन टिम सीफर्ट ने 52 और कप्तान मिचेल सैंटनर ने 43 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज बड़ा योगदान नहीं दे सके। पूरी कीवी टीम 19 ओवर में 159 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 15 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि अक्षर पटेल ने 3 ओवर में 27 रन खर्च कर 3 विकेट हासिल किए। इस जीत के साथ भारत पहली ऐसी मेजबान टीम बन गया जिसने अपने घर में टी20 विश्व कप का खिताब जीता। साथ ही तीन बार टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली टीम बन गई।

### संजू बने 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट'



आईसीसी मेन्स टी20 विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुना गया. फाइनल में चार विकेट झटकने वाले बुमराह को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया.

### 'शाबाश! गर्व और खुशी से दिल भर दिया'

भारतीय क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराकर तीसरी बार टी20 विश्व कप जीता। इस जीत पर प्रधानमंत्री मोदी ने टीम इंडिया को बधाई दी। उन्होंने अपने हैंडल से पोस्ट किया, 'आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप जीतने पर भारतीय टीम को हार्दिक बधाई! यह शानदार जीत असाधारण कौशल, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क का प्रतीक है। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस जीत ने हर भारतीय के दिल को गर्व और खुशी से भर दिया है. शाबाश, टीम इंडिया!'

### जीत के पांच पांडव

**संजू सैमसन**
गेंद-46 रन-89
चौके-5 सिक्स-8



**अभिषेक**
गेंद-21 रन-52
चौके-6 सिक्स-3



**ईशान किशन**
गेंद-25 रन-54
चौके-4 सिक्स-4



**अक्षर पटेल**
ओवर-3 रन-27
विकेट-3



**जसप्रीत बुमराह**
ओवर-4 रन-15
विकेट-4



"पिछले दो सालों से हम अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं और हम बस वही अच्छी क्रिकेटिंग आदतें बनाए रखना चाहते थे जो हमने 2024 वर्ल्ड कप में अपनाई थीं.

– सूर्यकुमार यादव, कैप्टन

## सीएम कुर्सी छोड़ने से पहले नीतीश 10 मार्च से समृद्धि यात्रा और प्रगति यात्रा निकालेंगे



**पटना।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार 10 मार्च से सीमांचल और कोसी क्षेत्र के विकास कार्यों का जायजा लेने समृद्धि यात्रा और प्रगति यात्रा पर निकलेंगे। इस यात्रा में उनका मुख्य पड़ाव मधेपुरा होगा, जहां वे तीन दिनों तक रुकेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत 10 मार्च को सुपौल से होगी, जिसके बाद सीएम मधेपुरा पहुंचेंगे। मधेपुरा में वे नवनिर्मित पुलिस लाइन का लोकार्पण करेंगे। अपनी इस सघन यात्रा में सीएम नीतीश सीमांचल के छह प्रमुख जिलों मधेपुरा, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णिया और सहरसा के साथ खगड़िया का भी दौरा करेंगे।

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम

## पीएम ने महिला आवंटियों को सौंपीं जीपीआरए आवास की चाबी

**प्रधानमंत्री ने महिला आवंटियों और निर्माण कार्य में लगी श्रमजीवी बहनों से संवाद किया तथा उनके अनुभव और सुझाव भी सुने**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सरोजिनी नगर स्थित जनरल पूल रेजिडेंशियल अकॉमोडेशन (जीपीआरए) टाइप-5 क्वार्टर्स का दौरा किया और महिला आवंटियों को आवास की चाबियां सौंपकर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने महिला आवंटियों और निर्माण कार्य में लगी श्रमजीवी बहनों से संवाद किया तथा उनके अनुभव और सुझाव भी सुने। उन्होंने महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और सम्मान के लिए लगातार प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री ने आवासीय परिसर का निरीक्षण भी किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस मौके पर केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहे।



### राष्ट्रपति के अपमान पर मोदी ने कहा- जल्द टूटेगा टीएमसी का सत्ता का अहंकार


**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अपमान को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि सत्ता का अहंकार बहुत ही जल्द चूर-चूर होकर रहेगा। जनता इसे कभी माफ नहीं करेगी। प्रधानमंत्री ने रविवार को यहां बुराड़ी में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब पूरा देश अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान कर रहा है, तब वह दिल्ली और देशवासियों के साथ एक पीड़ा भी साझा करना चाहते हैं। मोदी ने कहा कि शनिवार को राष्ट्रपति मुर्मु संथाल आदिवासी परंपरा के एक महत्वपूर्ण उत्सव में शामिल होने के लिए बंगाल गई थीं, लेकिन उस कार्यक्रम को सम्मान देने के बजाय टीएमसी सरकार ने उसका बहिष्कार किया और कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को भी पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति स्वयं संथाल आदिवासी समाज से आती हैं और उन्होंने हमेशा आदिवासी समाज के विकास और कल्याण की चिंता की है।

## आज से संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण

**लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ पेश होगा अविश्वास प्रस्ताव**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरूआत के साथ कल ही लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव (नोटिस) पेश किया जाएगा। इस प्रस्ताव को सदन में विपक्षी सांसद मोहम्मद जावेद, के. सुरेश और डॉ. मल्लू रवि पेश करेंगे। इस बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 9 और 10 मार्च के लिए व्हिप जारी किया है। वहीं, कांग्रेस ने सभी सांसदों को 9-11 मार्च तक सदन में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है। पिछले महीने बजट सत्र के पहले चरण के दौरान विपक्ष ने लोकसभा के महासचिव को अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष पर पक्षपातपूर्ण तरीके से कार्य करने का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की गई थी।



इस प्रस्ताव पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके, वामपंथी दलों और अन्य दलों के सदस्यों सहित 118 सांसदों ने हस्ताक्षर किए थे। चर्चा के दौरान ओम बिरला अध्यक्षीय आसन पर नहीं बल्कि सदन में सत्तापक्ष के सदस्यों के साथ मौजूद रहकर अपने ऊपर लगाए गए आरोपों का जवाब दे सकेंगे।

**मिडिल ईस्ट तनाव पर संसद में घमासान के आसार :** ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच बढ़ते टकराव की गूंज अब संसद में भी सुनाई दे सकती है। माना जा रहा है कि मौजूदा पार्लियामेंट सेशन के दौरान वेस्ट एशिया का संकट एक प्रमुख मुद्दा बन सकता है। सूत्रों के मुताबिक, केंद्र सरकार इस संवेदनशील मामले पर बेहद सावधानी बरत रही है। सरकार ने अपने पार्टी नेताओं और मंत्रियों को सलाह दी है कि वे इस मुद्दे पर बयान देते समय संयम बरतें। विदेश मंत्री एस। जयशंकर संसद में इस संकट पर भारत का आधिकारिक रुख रखने की तैयारी कर रहे हैं। वो राज्यसभा में सुबह 11 बजे और लोकसभा में दोपहर 12 बजे अपना बयान देंगे।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रपति समेत कई नेताओं ने दीं शुभकामनाएं

## एक प्रगतिशील राष्ट्र की आधारशिला होती हैं शिक्षित और सशक्त महिलाएं : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने एक्स पर अपने संदेश में लिखा- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं! शिक्षित और सशक्त महिलाएं एक प्रगतिशील राष्ट्र की आधारशिला होती हैं। जब नारी शक्ति अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करती है और साहस के साथ नेतृत्व करती है, तो वह एक अधिक समावेशी और समृद्ध समाज की नींव को मजबूत बनाती है। उन्होंने आगे लिखा- इस अवसर पर आइए हम यह सामूहिक संकल्प दोहराएं कि ऐसा समाज बनाएंगे



जहां हर महिला को आगे बढ़ने और सम्मान, सुरक्षा व स्वतंत्रता के साथ जीवन जीने के समान अवसर मिलें। साथ मिलकर ऐसा वातावरण बनाएं, जहां महिलाओं की आकांक्षाएं और उपलब्धियां एक अधिक समान और न्यायपूर्ण भविष्य का निर्माण करें।

इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नारी शक्ति को बधाई देते हुए पोस्ट में लिखा कि समाज में नारी शक्ति की बेमिसाल भूमिका के लिए मानवता उनका ऋणी है। पीढ़ियों को पाल-पोसकर बड़ा करना और वैज्ञानिक और आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाना, वे हमारी जिंदगी के हर पहलू में योगदान देती हैं। इसी गहरी कृतज्ञता से प्रेरित होकर पीएम मोदी ने महिला-नेतृत्व वाले विकास की परिकल्पना की है, जहां महिलाएं अब सिर्फ प्रगति की साक्षी नहीं हैं, बल्कि परिवर्तन की वाहक बनकर हमारे देश को महानता की ओर ले जाने वाली अग्रदूत हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मैं सभी महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देता हूं, जिनकी शक्ति, समर्पण और दृढ़ संकल्प हमारे राष्ट्र को निरंतर प्रेरित करते हैं। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा- पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हम महिलाओं के लिए ज्यादा अवसर पैदा कर रहे हैं और नारी शक्ति को भारत की विकास यात्रा व राष्ट्र निर्माण में और अधिक सार्थक योगदान देने के लिए सक्षम बना रहे हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पोस्ट में लिखा- प्रत्येक क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दे रही देश की नारी शक्ति को नमन।

### राष्ट्रपति बोलीं - नारी चेतना ही समाज की प्रगति का मूल आधार

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि नारी चेतना ही समाज की प्रगति का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि साल 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य केवल तकनीकी प्रगति से नहीं बल्कि सांस्कृतिक जड़ों और नारी के पूर्ण सशक्तिकरण से प्राप्त होगा। द्रौपदी मुर्मु आज यहां विज्ञान भवन में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय महिला विचारक सम्मेलन 'भारती' के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने 'पद्म भारती' काफी टेबल पुस्तक का लोकार्पण भी किया। इस कार्यक्रम का विषय भारती– नारी से नारायणी पर आधारित था। राष्ट्र सेविका समिति, शरण्या और भारतीय विद्वत परिषद् द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस समारोह में राष्ट्रपति ने कहा, 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य केवल तकनीकी प्रगति से नहीं बल्कि अपनी सांस्कृतिक जड़ों और नारी शक्ति के पूर्ण सशक्तिकरण से प्राप्त होगा।

## चारधाम यात्रा में बाहरी व्यावसायिक वाहनों की मनमानी पर रोक

**देहरादून।** उत्तराखंड में आगामी चारधाम यात्रा को सुव्यवस्थित करने और बाहरी राज्यों के व्यावसायिक वाहनों की मनमानी पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। अब ऑल इंडिया परमिट वाले बाहरी व्यावसायिक वाहनों के लिए ग्रीन कार्ड के साथ-साथ ट्रिप कार्ड रखना अनिवार्य होगा। इस नए नियम के तहत वाहन चालकों को यात्रियों का संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराना होगा, अन्यथा उन्हें चेक पोस्ट से वापस लौटा दिया जाएगा। आरटीओ प्रशासन ने केंद्र सरकार द्वारा अखिल भारतीय पर्यटक यान (परमिट) के नियमों में किए गए संशोधनों को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए हैं।

# डालसा ने सिल्ली के खेरबेड़ा में चलाया जागरूकता कार्यक्रम

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रांची ।** प्रखंड के गोड़ाडीह पंचायत के खेरबेड़ा गांव में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम में पीएलवी शंकर महतो, कौशल्या देवी, ब्रजेश कुमार माहतो, बंशीधर महतो, बंशीधर घटवार, पंकज कुमार माहतो, राजकुमार माहतो आदि शामिल हुए। इस दौरान पीएलवी द्वारा लोगों को बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने के बारे में जानकारी दी। डालसा के तरफ से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में बताया। मोटरवैहिकल एक्ट, बाल विवाह कानून एवं दहेज प्रथा कानून के बारे में जानकारी दी। युवाओं को नशा से दूर रहने की



हिदायत दी गई। वहीं आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी गई तथा बताया गया कि वादकारियों के वादों को अधिवक्ताओं व मध्यस्थों के द्वारा निःशुल्क निस्तारण किया जायेगा। कार्यक्रम में वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मईंया सम्मान योजना, जॉब कार्ड, प्री-लिटिगेशन वाद, कन्या भ्रूण हत्या एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलनेवाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। वहीं कन्या भ्रूण हत्या तथा इससे संबंधित कानून, बाल विवाह कानून-2006, बाल श्रम, पोक्सो एक्ट, मानव तस्करी, शिक्षा का अधिकार, नालसा, झालसा और डालसा क्या है इस पर विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं आगामी 14 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में डालसा के पीएलवी के द्वारा जानकारी दी गयी। उन्होंने कहां कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटारा करा सकते हैं, जिससे आपको समय व धन की बचत होगी। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले जिसमें दीवानी, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक, पारिवारिक, उत्पाद, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक संबंध से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है। इस मौके पर सभी पीएलवी एवं ग्रामीण मश उपस्थित थे।

# जमुवारी में महिला दिवस सह सम्मान समारोह का आयोजन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पिठोरिया।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पलाश के बैनर तले कांके की बाड़ू पंचायत, जमुवारी में महिला दिवस सह सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि कांके विधायक सुरेश बैठा, कांके उप प्रमुख अंजय बैठा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजर खान ने महिलाओं को सम्मानित किया। इस दौरान विधायक सुरेश बैठा और उप प्रमुख अंजय बैठा ने महिलाओ को अपने हाथों से भोजन कराया। विधायक ने कहा कि आज महिलाएं भी पुरुष से कम नहीं है। देश ही नहीं पूरे विश्व मे महिलाओं ने अपने कार्य और प्रतिभा से लोहा मनवाया है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं में शिक्षा का अभाव है। इसलिए हर



महिला अपनी बेटी को जरूर पढ़ाए, ताकि वह अपने हक अधिकार को जान सके। विधायक ने मौके पर कांके जेएसएलपीएस के चारों कलस्टर को कार्यालय खोलने के लिए 10-10 लाख का भवन देने का आश्वासन दिया। इसके लिए सरकारी जमीन उपलब्ध कराने की बात कही। उप प्रमुख अंजय बैठा ने कहा कि महिलाओं का सम्मान सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि प्रत्येक दिन है। महिला के बिना सृष्टि की संरचना भी नहीं हो सकती। देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति भी एक महिला हैं। कार्यक्रम मे कांके प्रखंड अध्यक्ष संजर खान, विधायक प्रतिनिधि नीलेश मिश्रा, बिनोद सिंह, मनीष महतो, योगेंद्र उरांव, बीपीएम अभिषेक कुमार, कलीम अहमद, स्मृति, निर्मला गाड़ी, रुकमणी देवी, समित सिंह, देवी उरांव, सुरेंद्र कुमार, उमा शंकर यादव, कार्तिक साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### जामुदाग पंचायत में खराब चापानल की हुई मरम्मत



**सोनाहातू।** प्रखंड के जामुदाग पंचायत के चोगा, इडकु ओर जामुदाग गांव में खराब चापानल की मरम्मत पंचायत समिति सदस्य रूप कुमार साहू ने अपने स्तर से कराया। बढ़ते गर्मी में पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो इस स्थित को समझते हुए चापानल की मरम्मत किया गया।

### कुएं में गिरने से वृद्ध की मौत

**खूंटी।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के लापा ग्राम निवासी अमृत आईन्द (65 ) की शनिवार रात्रि कुएं में गिरने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार रात किसी कारणवश अमृत आईन्द घर से बाहर निकले थे। इसी दौरान अंधेरे में संतुलन बिगड़ने से वह घर के पास स्थित कुएं में गिर गए। रविवार सुबह काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने उनकी खोजबीन शुरू की। तलाश के दौरान घर के पास स्थित कुएं में उनका शव दिखाई दिया। ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलने पर रविवार को जरियागढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### तेज रफ्तार कार बिजली पोल से टकराई

**रामगढ़।** रामगढ़ भुरकुंडा मुख्य मार्ग पर बरकाकाना ओपी क्षेत्र में रविवार को एक तेज रफ्तार कार ( जेएच 01 जीई 3030) अनियंत्रित होकर सड़क के बीच में लगे बिजली पोल से टकरा गई। बताया जाता है कि वाहन रामगढ़ से भुरकुंडा की ओर जा रहा था। इसी दौरान चालक को झपकी आ गई, जिससे वाहन से उसका नियंत्रण हट गया और बोलोनो सीधे सड़क के बीच में लगे बिजली के पोल से जा भिड़ी। दुर्घटना के बाद मुख्य सड़क पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई। सड़क के बीच में वाहन खड़ा होने के कारण आने-जाने वाले वाहनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# राहे में हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन सामाजिक एकता पर दिया गया जोर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**राहे।** प्रखंड के शिवटंगरा मंदिर परिसर में रविवार को हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित हुए। सम्मेलन का उद्देश्य समाज में एकता, संस्कृति और धार्मिक मूल्यों को मजबूत करना था। कार्यक्रम की शुरूआत प्रखंड के हर गांव से कलश यात्रा निकाल कर कार्यक्रम स्थल तक आये।वैदिक मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद वक्ताओं ने हिन्दू संस्कृति की महान परंपराओं और समाज में आपसी भाईचारे के महत्व पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि समाज की मजबूती के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है। जाति, खान-पान,सामाजिक रिवाजों से समाज को बांटने वालो से सावधान रहने को कहा गया। सम्मेलन में उपस्थित वक्ताओं ने



युवाओं से अपनी संस्कृति और परंपराओं को जानने तथा उन्हें आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक समरसता और सद्भाव बनाए रखना अत्यंत जरूरी है। इसके लिए शिक्षा, जागरूकता और सकारात्मक सोच का होना आवश्यक है। इस दौरान कई सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने और जरूरतमंद लोगों की मदद करने पर जोर दिया। साथ ही लोगों से पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा के प्रसार और सामाजिक सेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की गई। मुख्य वक्ता प्रांत प्रमुख राजीव कमल बीटू, रंजीत कुमार, जगरनाथ मुखर्जी, स्वामी सत्यनारायण महाराज, गुड्डू मिश्रा आदि से विचार रखा। सम्मेलन में आयोजकों ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और सम्मानित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां ओर भजन कीर्तन किया गया।पूरे आयोजन का माहौल उत्साह और श्रद्धा से भरा रहा। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि समाज में जागरूकता और एकता को और मजबूत किया जा सके। संचालन कमलाकांत सिंह ने किया। मौके पर प्रमुख लीलमनी देवी,जिला परिषद सदस्य बादल महतो,उप प्रमुख उमेश महतो, सुरेंद्र प्रजापति, रामधन महतो, खगेश्वर महतो नारायण सांगा,पुष्पराज तिवारी, भुनेश्वर कुमार, योगेश्वर महतो, सुनील महाराज, सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थे।

# रामगढ़ एसपी ने किया बरकाकाना ओपी का निरीक्षण

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने रविवार को बरकाकाना ओपी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ओपी परिसर में तैनात पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर, कार्यालय कक्ष, मालखाना, हाजत सहित अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने थाना में दर्ज मामलों की समीक्षा की और लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने



पुलिस पदाधिकारियों से क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति, अपराध नियंत्रण तथा गश्ती व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी ली। साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसके लिए नियमित गश्ती तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखना आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि आम जनता के साथ विनम्र व्यवहार करें और लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर संबंध होने से अपराध नियंत्रण में काफी मदद मिलती है।

# रामनवमी में समय पर मूलभूत सुविधाओं को बहाल करे प्रशासन : राजेश ठाकुर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** चैत्र माह में होने वाले प्रमुख हिंदू पर्वों को लेकर तैयारियां तेज होने लगी हैं। इसी क्रम में श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति रामगढ़ के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को सात सूत्री ज्ञापन सौंपकर शहर की मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग की। महासमिति के पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि रामनवमी, नवरात्र और चैती छठ जैसे बड़े धार्मिक पर्वों के दौरान शहर में हजारों श्रद्धालु और अखाड़ा दल शोभायात्रा में शामिल होते हैं। ऐसे में प्रशासन की ओर से समय रहते आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है, ताकि पर्व शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। महासमिति ने प्रशासन से आग्रह किया कि रामनवमी शोभा यात्रा सह झांकी अखाड़ा जुलूस जिन सड़कों से गुजरता है, उन सड़कों का नव निर्माण या मरम्मत जल्द कराई जाए। इसके साथ ही जुलूस मार्गों पर लटके या अव्यवस्थित बिजली के तारों को व्यवस्थित करने की भी मांग की गई।

# भगवान सूर्य के बारह नामों का नित्य पाठ से रोगों का होता है निवारण : शालिनी त्रिपाठी

### इटकी में नगर भ्रमण में भक्तों की उमड़ी भीड़

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**इटकी।** सूर्य नारायण ऐसे देव है जो केवल प्रणाम से रीझ जातें हैं। चर्म रोग के लिए भगवान सूर्य के बारह नामों का नित्य पाठ करने से रोग का निवारण हो जाता है। ऐसे ही कारूणीक सूर्य वंश में भगवान श्री राम का अवतार हुआ। भगवान की प्राप्ति के लिए उनकी महिमा पर भरोषा की प्रवल इच्छा होनी चाहिए जो लोग भगवान के नाम का सधारण प्रयोग करते है वे वास्तव में भगवान नाम की अपार



महिमा से अनभिज्ञ है या फिर विश्वास नही है। प्रभु श्रीराम नाम की पहचान सबको नही होती है। रामनाम की महिमा अपार है। राम नाम जप से आगे चलकर भगवान की प्राप्ति होती है। उक्त बातें कथा वाचिका मानस मयुरी शालनी त्रिपाठी ने कही वे इटकी में आयोजित नव निर्मित सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे दिन प्रवचन दे रही थी। उन्होंने कहा जब महाराज दशरथ को पुत्र नही होने की ग्लानि हुई तो वे गुरु की शरण में गए तब गुरु ने कहा महाराज धीरज रखिये आपको चार पुत्र रत्न की प्राप्ति जल्द होगी। भगवान अवस्था से नहीं आस्था से मिलते हैं।आस्था और श्रद्धा प्रबल हो तो प्रभु को अवश्य आना पड़ता है। मनुष्य अपने भीतर के अंहकार को खोने के बाद अध्यात्मिक तरक्की करता है और खुद को परमात्मा के करीब पाता है।

### नगर भ्रमण में हजारों भक्तों की उमड़ी भीड़

इटकी के नव निर्मित सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे दिन रविवार को तीन बजे गाजे बाजे के साथ विशाल नगर भ्रमण यात्रा निकाली गई। नगर भ्रमण में वाद्य यंत्रों के धुन पर हजारों महिला पुरुष जयकारा लगाते और झुमते आगे बढ़ रहे थे। नगर भ्रमण सूर्य मंदिर परिसर से शुरू होकर महतो टोली, झारा, महुवा टिकरा, बाजार होते बनिया टोली पहुंची इसके बाद पुनः सूर्य मंदिर प्रागंण पहुंच कर समाप्त होई।

### अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम किया उद्घाटन

महोत्सव के तिसरे दिन रविवार की सुबह पण्डितों द्वारा मंडप में देवताओं का पूजा अर्चना, अन्नाधिवास, हवन,सांय आरती, प्रसाद वितरण सहित कई पूजा अनुष्ठान को पूरा किया।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सह सम्मान समारोह आयोजित



**सिल्ली।** सिल्ली स्टेडियम परिसर स्थित किसान भवन में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अखिल झारखंड महिला संघ की सिल्ली इकाई कि ओर से किया गया। अध्यक्षता जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी एवं संचालन चंचला भोक्ता ने की। कार्यक्रम में पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए ।उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं पुरूषों के बराबर ही नहीं बल्कि उनसे कहीं आगे हैं। वैसे तो महिलाएं स्वयं काफी सशक्त हैं लेकिन आज के इस कार्यक्रम से महिलाओं में और जागरूकता आएगी। उन्होंने कहा कि यदि एक महिला शिक्षित होती हैं तो वह अपने परिवार का ही नहीं संपूर्ण समाज का भला करती है। आज हमारे सामने बहुत सारी चुनौतियां हैं जिसमें सबसे बड़ी लिंगानुपात है। इसे बराबर करने में प्रत्येक महिला एवं पुरूष की बराबर भागीदारी है। महिलाओं के प्रति समाज में अच्छी सोच बनाने के लिए आवश्यक है कि महिलाओं की सफलता की कहानियों को जन-जन तक पहुंचाया जाए। हमारे देश में आदिकाल से ही नारी शक्ति को पूजनीय माना गया है ।कार्यक्रम के शुभारंभ पर विश्वास महिला दिवस के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन एवं कार्यक्रम की समापन शीला देवी ने किया। इस मौके पर गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, भानु देवी, सबिता रानी, उर्मिला देवी, अनीता देवी, जयंती देवी, सुनैना देवी, आरती देवी, सरिता कुमारी, ज्योति देवी, नीलिमा देवी, उमा देवी, सुकरी देवी, आलोका देवी समेत काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

## महिला दिवस मनाया गया



**सोनाहातू।** जामुदाग आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिकी स्वालंबी सहकारी समिति लिमिटेड के द्वारा गलऊ पंचायत सचिवालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्रामीण महिलाओं, सखी मंडल के सदस्यों और महिला कर्मियों के योगदान का सम्मान करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जेंडर इक्विटी, महिला सशक्तिकरण, रंगोली, और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं की प्रतिभा को प्रदर्शित किया गया। मौके पर समाज सेवी धनु नाग जेएसएलपीएस के ललित कुमार,हीरालाल महतो,करुणा देवी, सीएलएफ पदाधिकारी रीता महतो, होलिका देवी, प्राथमी देवी, संगीता कुमारी, हरेशरी देवी,कुमारी शांति, भुवनेश्वरी देवी, परुबाला देवी, जलेश्वरी देवी, चंचला कुमारी,बुदुला देवी,रुक्मणी देवी,पुष्पा देवी, संतोषी कुमारी, चंचला देवी, मुक्ता देवी आदि मौजूद थे। मंच संचालन वृहस्पति देवी ने किया।

## श्री महावीर मंडल कांके प्रखंड के अध्यक्ष बने महेश कुमार मनीष व मुख्य संरक्षक पंकज सिंह





**कांके।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर भव्य रूप से रामनवमी मनाने और झारखंड स्तरीय अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता 2026 के आयोजन को लेकर श्री महावीर मंडल कांके प्रखंड कांके चौक के पुनर्गठन को लेकर बैठक रविवार को संस्थापक मदन कुमार महतो की अध्यक्षता में हुई। इसमें सर्वसम्मति से महेश कुमार मनीष को अध्यक्ष चुना गया। पंकज सिंह को मुख्य संरक्षक, सीताराम मुंडा को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। मुख्य संयोजक अशोक कुमार महतो, संरक्षक मिथलेश तिवारी, गौरी शंकर, रघु मुंडा, शालीग्राम महतो, सुखलाल चौधरी, पंकज कुमार वर्मा को बनाया गया।

# सरना धर्म सोतो समिति के स्थापना दिवस पर प्रार्थना सभा आयोजित

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**खूंटी।** सिलादोन के कोलाद में रविवार को सरना धर्म सोतोः समिति की शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मंगल सिंह मुंडा, मंगरा पहान और साधो मुंडा की अगुवाई में सरना स्थल पर भगवान सिंगबोंगा की पूजा-अर्चना से हुई। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

सभा को संबोधित करते हुए धर्मगुरु बुधराम सिंह मुंडा ने कहा कि सरना धर्म मानव सभ्यता के प्राचीनतम धर्मों में से एक है, जिसका अपना मत-सिद्धांत, पूजा-विधान, आदर्श और मूल्य हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में धार्मिक प्रतिस्पर्धा के कारण सरना धर्म अलग-थलग



पड़ता नजर आ रहा है और समाज धीरे-धीरे कमजोर हो रहा है। समाज में धार्मिक अनुष्ठानों और रीति-रिवाजों में एकरूपता की कमी के कारण जातीयता और क्षेत्रीयता को लेकर आपसी मतभेद भी बढ़ रहे हैं। ऐसे में समाज को इन सीमाओं से ऊपर उठकर सरना धर्म को संगठित करने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर धर्मगुरु धिरजु मुंडा ने कहा कि झारखंड सरकार ने प्रकृति महापर्व सरहुल के लिए 21 मार्च को सरकारी अवकाश घोषित किया है, लेकिन जानकारी के अभाव में कई लोग इस दिन सरहुल नहीं मना पाते हैं। इससे छात्र-छात्राएं और नौकरीपेशा लोग अपने पारंपरिक पर्व-त्योहारों से वंचित हो जाते हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि 21 मार्च को अपने-अपने क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ सरहुल पर्व मनाएं और दोपहर में गाजा-बाजा के साथ शोभायात्रा निकालकर समाज में एकता, प्रेम और भाईचारे का संदेश दें। कार्यक्रम में लुथुडु मुंडा, पांडु मुंडा, चैतन मुंडा, किशुन राय मुंडा, बिरसा कंडीर, सुगना पहान, बिरसिंह ओड़ेआ और गोल्गा मुंडा सहित रांची, खूंटी, मुरहू, बंदगांव, अड़की और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में सरना धर्मावलंबी उपस्थित थे।

# समाज की प्रगति में महिलाओं की भूमिका अहम : राम सूर्या मुंडा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खूंटी प्रखंड के बूढ़ाडीह गांव में महिला मंडल की ओर से रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खूंटी विधायक रामसूर्या मुंडा शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत ग्रामीण महिलाओं की ओर से विधायक का पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ गर्मजोशी से स्वागत कर की गई। इस मौके पर विधायक रामसूर्या मुंडा ने कहा कि पहले महिलाओं को समाज में काफी शोषण और भेदभाव का सामना करना पड़ता था। यह समस्या केवल भारत तक सीमित नहीं थी, बल्कि दुनिया के कई देशों में महिलाओं को समान अधिकार नहीं



मिलाते थे। इसी स्थिति को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र की ओर से महिलाओं के सम्मान, अधिकार और उनके हितों की रक्षा के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को वैश्विक स्तर पर मान्यता दी गई। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, राजनीति, खेल, व्यापार और समाज के हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिलाओं को बराबरी का अवसर देना समाज और देश के समग्र विकास के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने महिला मंडल की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम महिलाओं को जागरूक और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में खूंटी पूर्वी जिला परिषद सदस्य गुलशन सिंह मुंडा, प्रखंड अध्यक्ष नंदराम मुंडा, डाढ़ीगुटू पंचायत के मुखिया, इंदीपीढ़ी पंचायत के मुखिया सुखराम सरूकद, जयप्रकाश मनकी, बूढ़ाडीह ग्राम प्रधान मदन मनकी, महादेव मुंडा, डाढ़ीगुटू पंचायत अध्यक्ष सिंगराय मुंडा, कोषाध्यक्ष महादेव मुंडा सहित गांव की महिला अगुवा और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सह आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभागाध्यक्ष डॉ मणिगोपा चक्रवर्ती ने की।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की शक्ति, संवेदना और प्रगति की आधारशिला हैं। उन्होंने महिलाओं को स्वस्थ एवं जागरूक रहने पर भी विशेष जोर दिया। महिलाओं के आत्मविश्वास, शिक्षा और समान अवसरों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर उद्यान विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पूनम होरो द्वारा सभी प्रतिभागियों को पुष्प प्रदान स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की महिला शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपना परिचय देते हुए स्वतंत्रता प्राप्ति से अब तक विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान को याद किया। कुछ प्रतिभागियों ने महिलाओं से जुड़ी विभिन्न समस्या और चुनौतियों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया किया।

कार्यक्रम में प्रेरणादायक गीतों की प्रस्तुति हुई। झारखंडी संस्कृति पर आधारित नृत्य भी प्रस्तुत किया गया, जिसने कार्यक्रम को और अधिक उत्साहपूर्ण एवं प्रेरणादायक बना दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रीति प्रिया, डॉ. निकिता एवं डॉ. नीतू ने किया। सहायक कुलसचिव डॉ. शशि किरण तिर्की ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। ?बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने विश्वविद्यालय की सभी महिला कर्मियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी है। कहा कि संस्थान की प्रगति और विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान है।

## रोज सोसाइटी की 103वीं बसंतकालीन गुलाब प्रदर्शनी 15 मार्च को

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** द रोज सोसाइटी ऑफ रांची 15 मार्च को रांची क्लब हॉल में 103वीं बसंतकालीन गुलाब प्रदर्शनी का आयोजन करने जा रही है। इसमें , रांची क्लब लिमिटेड के सहयोग कर रहा है। इस प्रदर्शनी में विभिन्न किस्मों और रंगों के गुलाब के फूलों के साथ-साथ शिल्प, पेंटिंग, फोटोग्राफ और गुलाबों की सजावट का प्रभावशाली प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शनी के सर्वश्रेष्ठ फूल को 'किंग ऑफ द शो' से नवाजा जाएगा। दूसरे सर्वश्रेष्ठ फूल को 'क्वीन ऑफ द शो' का पुरस्कार दिया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ 'फ्लोरीबंडा' के लिए 'प्रिंस ऑफ द शो' पुरस्कार दिया जाएगा। इसी प्रकार सर्वश्रेष्ठ 'मिनिएचर' को 'प्रिंसेस ऑफ द शो' से सम्मानित किया जाएगा।



द रोज सोसाइटी ऑफ रांची के अध्यक्ष गणेश मुंजाल ने बताया कि प्रतियोगिता को सात श्रेणियों में विभाजित किया गया है। इसमें व्यक्तिगत, संस्थागत, भारतीय गुलाब, नौसिखिए, गुलाबों का असीमित प्रदर्शन, गुलाब की सजावट, और पेंटिंग क्राफ्ट एवं कढ़ाई शामिल हैं। पूरी प्रतियोगिता में 59 सेक्शन होंगे। पुरस्कार के लिए प्रविष्टियों का चयन फूल के आकार, रंग, रूप, पदार्थ, पत्तियों और तने के आधार पर किया जाएगा। फूलों के प्रदर्शन के लिए सोसाइटी द्वारा कंटेनर और बोतल निःशुल्क उपलब्ध कराये जायेंगे। आम जनता और दर्शकों के लिए प्रदर्शनी में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। इस रोज शो का उद्देश्य रांची की अनुकूल मिट्टी और जलवायु परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए गुलाब उत्पादन को बढ़ावा देना है। आगंतुक फूलों की अद्भुत किस्मों के साथ-साथ सुंदर पेंटिंग, शिल्प और कढ़ाई के अवलोकन का आनंद ले सकेंगे।

# प्रदेश भाजपा ने निकाय चुनाव में विजयी जनप्रतिनिधियों को किया सम्मानित

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा की ओर से रविवार को चिरौंदी स्थित गीतांजलि बैंक्वेट हॉल में नव निर्वाचित निकाय जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने की। समारोह में रांची, मेदिनीनगर और आदित्यपुर नगर निगम के विजयी महापौर, लोहरदगा, गुमला, मिहिजाम और चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष, खूंटी, लातेहार, डोमचांच, जामताड़ा और महगामा नगर पंचायत के अध्यक्ष सहित 387 पार्षदों को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद अरुण सिंह, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित कई सांसद, विधायक और पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे। मंचस्थ नेताओं ने जनप्रतिनिधियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। महिला दिवस के अवसर पर महिला जनप्रतिनिधियों को विशेष रूप से शुभकामनाएं भी दी गईं। समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने सभी जनप्रतिनिधियों को जीत की बधाई देते हुए कहा कि वे अपने-अपने निकाय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह विकास की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि झारखंड में संपन्न निकाय चुनाव भाजपा के संघर्ष और न्यायालय के दबाव का परिणाम है, अन्यथा राज्य सरकार चुनाव कराने को तैयार नहीं थी। उन्होंने दावा किया कि चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में हैं और यह जीत का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कहा कि निकाय चुनाव के परिणामों ने राज्य सरकार को करारा संदेश दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर चुनाव पार्टी चिन्ह पर होते तो सत्ताधारी गठबंधन का पूरी तरह सफाया हो जाता। उन्होंने कहा कि जनता भ्रष्टाचार और कुशासन से परेशान है और आगामी चुनावों में भाजपा को समर्थन देगी। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों में सुशासन का नया मॉडल प्रस्तुत करें और विकास कार्यों को तेजी से जमीन पर उतारें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का यह प्रयास विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।




अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने भी विजयी जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि गुमला, लोहरदगा और खूंटी जैसे क्षेत्रों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की जीत पार्टी के मजबूत जनाधार का प्रमाण है। उन्होंने जनता का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन रांची पूर्वी जिला अध्यक्ष धीरज महतो ने किया। अतिथियों का स्वागत विवेकानंद सिंह, जितेंद्र वर्मा, सुनील साहू, बलराम सिंह, सागर उरांव, हरिकृष्ण प्रधान, नरेंद्र सिंह, सरिता मुर्मू, संजीव बावला, मनीर उरांव, अमित तिवारी और वंशी यादव सहित अन्य कार्यकताओं ने किया। समारोह में केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल, विधायक सीपी सिंह, उज्जवल दास, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, आरती कुजूर, दीपक बंका, हेमंत दास सहित प्रदेश पदाधिकारी और जिलाध्यक्ष भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### बेस्ट इन शो अवॉर्ड मिला

**रांची।** सैमसंग के फ्लैगशिप स्मार्टफोन सैमसंग गैलेक्सी एस 26 अल्ट्रा को 'ग्लोबल मोबाइल अवार्ड्स' में बेस्ट इन शो के सम्मान से नवाजा गया है। यह पुरस्कार बार्सिलोना में आयोजित मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस 2026 के दौरान दिया गया। बेस्ट इन शो श्रेणी उन उपभोक्ता-केंद्रित उत्पादों को सम्मानित करती है, जो तकनीक के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करते हैं।

### संवैधानिक प्रोटोकॉल का अनुपालन नहीं किये जाने की निंदा

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने पश्चिम बंगाल में राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओर से संवैधानिक प्रोटोकॉल का अनुपालन नहीं किए जाने,राष्ट्रपति को अपमानित किए जाने की कड़ी निंदा की है। साहू ने शनिवार देर रात प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यह अपमान पूरे राष्ट्र का अपमान है,जनजाति समाज के गौरव और प्रतिष्ठा का अपमान है। जनजाति संस्कृति और परंपरा का अपमान है। उन्होंने कहा कि आज पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने राजनीतिक मयार्दाओं को छिन्न भिन्न कर दिया। आजाद भारत के इतिहास में ऐसा व्यवहार कभी नहीं हुआ। ऐसा लगता है जैसे ममता बनर्जी ने मानसिक संतुलन खो दिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड का जनजाति समाज इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।

### झारखंड के 20 जिलों में तीन दिन तक बारिश और वज्रपात की संभावना

**रांची।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने झारखंड के कई जिलों में अगले तीन दिनों के दौरान गर्जन के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार 09, 10 और 11 मार्च को राज्य के करीब 20 जिलों में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, 09 मार्च को जिन जिलों में बारिश और वज्रपात की संभावना है, उनमें हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, साहिबगंज और गोड्डा शामिल हैं। वहीं 10 मार्च को भी कई जिलों में गर्जन के साथ बारिश और वज्रपात होने की संभावना है। इन जिलों में बोकारो, गिरिडीह, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज शामिल हैं।

## राष्ट्रपति के साथ ममता बनर्जी और बंगाल सरकार का व्यवहार अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक : बाबूलाल

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और बंगाल सरकार की ओर से राष्ट्रपति के साथ किए गए व्यवहार की कड़ी निंदा की है। मरांडी ने शनिवार रात सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में आयोजित 9वें अंतर्राष्ट्रीय संथाल सम्मेलन के दौरान संथाल आदिवासी समाज की बेटी एवं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ पश्चिम बंगाल सरकार का व्यवहार अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति के प्रति इस प्रकार का रवैया न केवल प्रोटोकॉल का उल्लंघन है,बल्कि यह आदिवासी समाज की भावनाओं को भी आहत करता है।



राष्ट्रपति के शब्दों में जो पीड़ा और असहजता झलक रही थी,वह पूरे देश ने महसूस की। उन्होंने कहा कि ममता दीदी,राजनीति अपनी जगह है,लेकिन राष्ट्र के सर्वोच्च पद और उससे जुड़े प्रोटोकॉल का सम्मान हर राज्य सरकार की जिम्मेदारी होती है।

## एसबीयू परिसर में नेशनल रैपिड व ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप की तैयारियों की हुई समीक्षा

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** अखिल झारखंड शतरंज संघ के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद प्रदीप कुमार वर्मा के दिशा-निर्देश में सरला बिरला महाविद्यालय परिसर में संघ की बैठक हुई। इसमें विश्वविद्यालय परिसर में 11 से 13 मार्च, 2026 तक आयोजित होने वाली नेशनल रैपिड एवं नेशनल ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप 2025-26 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 450 शीर्ष रैंक प्राप्त खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें 12 ग्रैंडमास्टर, 2 डब्ल्यूजीएम, 24 आईएम, 1 डब्ल्यूआईएम, 5 एफएम, 1 डब्ल्यूएफएम और 6 सीएम रैंकधारी खिलाड़ी शामिल हैं। यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के नियमों के अनुसार आयोजित की जाएगी।



संघ की अध्यक्ष श्रीमती ऋचा संचिता एवं महासचिव नवजोत अलंग ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए साढ़े छह लाख रुपये की आकर्षक पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि रैपिड कैटेगरी में 25 खिलाड़ियों को 4 लाख रुपये और ब्लिट्ज कैटेगरी में 15 खिलाड़ियों को कुल ढाई लाख रुपये की इनामी राशि प्रदान की जाएगी। बैठक में आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं एवं तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# मां शारदे मंच ने 101 महिलाओं को किया सम्मानित

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** मां शारदे मंच ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बनाने वाली 101 महिलाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद व साहित्यकार डॉ महुआ माजी मौजूद थीं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता और प्रतिभा का परिचय दे रही हैं। राजनीति, शिक्षा, विज्ञान, स्वास्थ्य, प्रशासन, मीडिया और व्यापार जैसे क्षेत्रों में महिलाएं अपनी मेहनत और लगन के दम पर नई ऊंचाइयों को छू रही हैं।



रांची की प्रख्यात दंत चिकित्सक एवं समाजसेविका डॉ मिनाक्षी सिंह ने भी अपने अनुभव साझा किए। झारखंड कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष बिभा सिंह ने कहा कि जिम्मेदारियों के बीच अपने सपनों को साकार करने वाली ये महिलाएं समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

नवनिर्वाचित मेयर रोशनी खलको ने भी मंच से महिलाओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति ईश्वर की वह अद्भुत शक्ति है, जो सृजन से लेकर संहार तक की क्षमता रखती है। समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मां शारदे मंच की अध्यक्ष नीतू सिन्हा ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद, डॉक्टर, पत्रकार, पिंक ऑटो चालिका, पैरालम्पिक खिलाड़ी और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन में समीर सिन्हा, मनोज सिन्हा, पंकज प्रसाद, शंभू प्रसाद, सांई ट्रेवल्स के अभय सिंह, हरि सिंह, आदित्य, शिखा प्रिया, सीमा श्रीवास्तव, पुष्पा सिंह, सिम्मी गोस्वामी आदि ने सहयोग किया।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ट्राइबल फूड फेस्टिवल का आयोजन

**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन, सेंटर फॉर बायोइनफॉर्मेटिक्स पॉलिटेक्निक कॉलेज, स्नेहकुल पब्लिक हाई स्कूल, संतोष कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं संतोष इंटर कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं ट्राइबल फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक (नगर प्रशासन निदेशालय, शहरी विकास एवं आवास विभाग) श्रीमती नैन्सी सहाय उपस्थित थीं। सम्मानित अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाजी कोच डी.साईश्वरी चानू एवं अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाजी खिलाड़ी भेग्यावती चानू उपस्थित थीं। विद्यार्थियों के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। ट्राइबल फूड फेस्टिवल में मोटे अनाजों एवं जनजातीय खाद्य जीवन शैली को स्थान दिया गया। मौके पर विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र मोमेंटो भेंट देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संस्थान की निदेशिका डॉ. रश्मि, विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



### सखी बहिनपा मैथिलानी समूह ने कार्यक्रम आयोजित किया

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सखी बहिनपा मैथिलानी समूह के तत्वावधान में मोरहाबादी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी शुरूआत दीप प्रज्वलित कर एवं भगवती बंदना जय जय भैरवि असुर भयाउनि के संग की गई। इस अवसर पर रांची की मेयर श्रीमती रौशनी खलको भी उपस्थित हुईं। उन्हें सम्मानित किया गया। इसके अलावा अनेकों सखियों को सम्मानित किया गया। कई सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। रैंप वाक दरभंगा ईकाई, गीत दिल्ली ईकाई, नाटक कोडरमा ईकाई, जोगीरा मधुबनी ईकाई, नृत्य धनबाद एवं गोड्डा ईकाई, सामूहिक गीत बोकारो इकाई द्वारा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थापिका आरती झा, रांची ईकाई की बबिता झा, अनीता झा, सुनीता झा, बिट्टू झा सहित काफी संख्या में सखियों ने भागीदारी निभाई।



### महिला दिवस पर समाज सेविकाएं प्रमिला रेखा और बिनु सम्मानित

रांची। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को दिनेश्वर नगर हरमू स्थित विहान भवन में एक समारोह आयोजित कर समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन छात्र क्लब ग्रुप और कपिल फाउंडेशन की ओर से किया गया। इसकी अध्यक्षता क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने की।



कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची रिग ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश चंद्र और पूर्व अध्यक्ष गगन शर्मा मौजूद थे। समारोह के दौरान सिलाई, कढ़ाई और ब्यूटीशियन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए रेखा देवी को सम्मानित किया गया। वहीं बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों की सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमिला देवी और बिनु शर्मा को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर शिव किशोर शर्मा ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है और समाज के हर व्यक्ति को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि समाज निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुटु कुमार, चंद्र प्रकाश शर्मा, सोनी कुमार, आशा शर्मा, रूबी देवी, निशु देवी, विजय सिंह, सोनू शर्मा, कोमल कुमारी, राजा कुमार, रवि कुमार, हेमंत कुमार, नितिशा कुमारी, प्रिया कुमारी और हनी कुमारी सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## मत्स्य कृषकों के लिए जीवन रक्षक तकनीक व जलक्रीड़ा प्रशिक्षण का शुभारंभ

# मत्स्य कृषकों को उत्तम तकनीक से लैस करना उद्देश्य : अमरेंद्र कुमार

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** मत्स्य कृषकों के लिए जीवन रक्षक तकनीक-जलक्रीड़ा और मोटरबोट संचालन के लिए दस दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ रविवार को हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्घाटन निदेशक (मत्स्य) अमरेन्द्र कुमार ने किया। केज पालकों को अपने बहुमूल्य जीवन की रक्षा तकनीक सीखने और मत्स्य शिकार माही में वृद्धि के साथ-साथ मोटरबोट की मरम्मत करने संबंधी प्रायोगिक जानकारी प्रदान करना इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय जलक्रीड़ा संस्थान (गोवा) से आए मुरूकेशन, मदन मोहन राव एवं जगदीश के उपस्थित थे। इस में गिरिडीह, कोडरमा, साहेबगंज, सिमडेगा, बोकारो, पलामू तथा खूंटी जिले के 40 मत्स्य पालक, केज पालक उपस्थित थे। मौके पर निदेशक ने कहा कि गोताखोरी के साथ साथ जीवन रक्षक तकनीक की जानकारी एवं मोटरबोट के संचालन एवं मरम्मत संबंधी जानकारी किसानों को कौशल विकास में सहायक सिद्ध होगी। जलाशय में मछली शिकार माही के दौरान दूसरों के जीवन रक्षक में भी यह प्रशिक्षण सहायक सिद्ध होगा। उक्त जानकारी मत्स्य निदेशालय के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने दी।




### मांडर प्रखंड के हरिल गांव में विश्व महिला दिवस का आयोजन




रांची। बाल विवाह मुक्त भारत के 100 दिवसीय अभियान के पूर्ण होने पर मांडर प्रखंड के हरिल गांव में महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिंदुआर टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय के निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि हमारे प्रयासों को मिली प्रतिक्रिया से हम आश्वस्त हैं कि बाल विवाह मुक्त रांची और बाल विवाह मुक्त भारत का लक्ष्य हासिल करते के बेहद करीब हैं। कार्यक्रम में गांव के मुखिया, जिला परिषद सदस्य, वार्ड सदस्य, एसएसजी की महिला सदस्य और संस्था के साथी ने मिलकर महिला दिवस के अवसर पर महिलो को कानूनी जानकारी दी और जागरूक किया। अंत में शपथ ग्रहण कर कार्यक्रम को समाप्त किया गया।

## सीसीएल : उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 15 महिला अचीवर्स सम्मानित

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सीसीएल के जवाहरनगर क्लब में ह्यदान से लाभह्न थीम पर कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती रीता तिवारी एवं श्रीमती नीरू हंजूरा की उपस्थिति रही। इस दौरान आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में बहुत सारे प्रतिभागियों ने भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सुश्री अल्पना अदिति की गणेश वंदना के साथ हुआ। महाप्रंधक प्रणाली सुश्री बीवा उरांव ने अतिथियों का स्वागत किया। महाप्रंधक एचआर श्रीमती कविता गुप्ता ने केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री का अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भेजा गया संदेश पढ़कर सुनाया। जीएम (ईएंडएम) श्रीमती सुचंद्रा सिन्हा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत किया।



इस अवसर सीसी एंड पीआर विभाग द्वारा बनाई गई एक विशेष लघु फिल्म हमारी बिंदा का प्रदर्शन किया गया। मौके पर प्रो. रश्मि वर्मा (मास कॉम विभाग, झारखंड सेंट्रल यूनिवर्सिटी), लेफ्टिनेंट कर्नल दुर्गावती, श्रीमती मोनिका गुंजन आर्या (जर्नो एक्टिविस्ट व संस्थापक पालो ना) और श्रीमती जयश्री देवी इंदवार (स्तंभ ट्रस्ट की अध्यक्षा व सोहराई पेंटिंग आर्टिस्ट) ने अपने विचार साझा किए। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में आदिवासी/स्वागत नृत्य, सुचित्रा मुखर्जी, सुचंद्रा सिन्हा एवं श्वेता शालिनी हांसदा द्वारा सुमधुर गीत, पूजा प्रसाद का वाद्य यंत्र वादन, पिंकी, उमंग सिंह, मीनाक्षी, प्रेमलता, डॉ. सांवली और सुरभि भगत की आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां शामिल रहीं। कंपनी की उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 15 महिला अचीवर्स को सम्मानित किया गया। धन्यवाद श्रीमती कविता गुप्ता (जीएम, एचआर/एनईई) ने किया।

# एक बार फिर पश्चिमी सिंहभूम जिले में स्वास्थ्य विभाग के कारनामे से मानवता शर्मशार

**अबकी बार झोले में नहीं डिब्बे में नवजात का लाया गया शव**

**चक्रधरपुर अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल**

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**चाईबासा।** एक बार फिर स्वास्थय विभाग के व्यवस्था पर जहां सवाल खड़ा हो गया है,वहीं इस बार बच्चे का शव डब्बे में भर कर ले जाया गया जिससे फिर एक बार मानवता की हद पार हो गई जिससे जिला शर्मशार :हो गया है.पश्चिमी सिंहभूम में जहाँ खनिज संपदा की चमक है, वहीं आज मानवता धुंधली पड़ गई। चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल में जो हुआ, वह सिर्फ एक परिवार की त्रासदी नहीं, पूरे सिस्टम की चरमराती तस्वीर है।

यहाँ एक नवजात की मौत के बाद पिता को शव को डिब्बे में रख-बाँहों में भर लेकर जाने को मजबूर होना पड़ा यहां कोई शव-वाहन नहीं, कोई सम्मान-पूर्ण व्यवस्था नहीं। परिजनों का आरोप है कि नवजात की मौत के बाद अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें जल्द से जल्द शव ले जाने को कहा और ना ही कोई वाहन की व्यवस्था की और ना ही और कुछ, अस्पताल प्रबंधन कहता रहा कि आप जल्द से जल्द सबको ले जाए मजबूरन पिता ने अपने नवजात शिशु केशव को एक कार्डबोर्ड के डिब्बे में रखकर ई रिक्शा की सवारी कर बंदगांव प्रखंड के नकटी गांव पहुंचना पड़ा.जबकी राज्य के आँकड़े बताते हैं। ग्रामीण अनुमंडल अस्पतालों में विशेषज्ञ- डॉक्टर 40% से अधिक पद खाली, नवजात-इंटेन्सिव केयर न्यून। यह घटना उसी खाई की गूँज है।

लेकिन सवाल सबसे बड़ा कि कब तक माँ-बाप डिब्बे को अंतिम सहारा मानेंगे? यह होली के रंग नहीं, बल्कि व्यवस्था का वह धब्बा है जिसे मिटाना जरूरी है।ज्ञात हो की कुछ माह पहले ही जगन्नाथपुर अनुमंडल के नोवामुण्डी प्रखंड के बड़ापासिया स्थित गांव में एक चार वर्ष के बच्चे की मौत ईलाज के दौरान सदर अस्पताल चाईबासा में हो गई थी उस बच्चें का शव झोले में भढ़ कर कारवां बस से लाया गया था.अब सवाल उठता है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन

**डालसा ने किया लोगों को जागरूक**

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**चाईबासा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डी एल एस ए पश्चिमी सिंहभूम मौहम्मद शाकिर के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय पोस्ट ऑफिस चौक और सदर बाजार में प्राधिकार के सचिव रवि चौधरी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण पर विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को कानूनी और सामाजिक रूप से मिलने वाली सुविधाओं के प्रति जागरूक करना था, उनके सामाजिक सांस्कृतिक आर्थिक एवं राजनीतिक उपलब्धियो को सम्मान देना तथा लैंगिक भेदभाव को दूर कर कार्यक्रम की शुरूआत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राएं तथा बाल कल्याण समिति की पूर्व सदस्य श्रीमती सुमित चौधरी एवं पीएलबी रेणु देवी सहित अन्य अधिकार मित्रों ने दीप प्रज्वलित कर किया, नाटक के माध्यम से नारी शक्ति को शिक्षा का महत्व और सामाजिक विकास भागीदारी में उनकी भागीदारी पर चर्चा की गई, आज महिलाएं सशक्त रूप मे स्वयं को हर क्षेत्र में अव्वल रह कर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है, महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता, एक शिक्षित महिला दो परिवारों को शिक्षित करती है। आज महिलाएं आत्मनिर्भर है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीएलबी रेणु देवी पीएलबी सुमन गोप, चैना दत्ता, हेमराज निषाद, सूरज ठाकुर, चमरू मुंडा, रविकांत ठाकुर, आशिमा चटर्जी सुजाता गोप ने योगदान दिया।

## संक्षिप्त

### जंगलों में फिर भड़की आग, वन विभाग ने जताई चिंता

चाईबासा। गर्मी की शुरूआत होते ही एक बार फिर जंगलों में आग लगने की घटनाएं सामने आने लगी हैं। गुवा से बड़ाजामदा जाने वाले रास्ते के किनारे स्थित जंगलों में असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगा दी जा रही है, जिससे वन विभाग की चिंता बढ़ गई है। वन विभाग की ओर से लगातार ग्रामीणों को जंगल में आग नहीं लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके बावजूद कुछ लोग महुआ चुनने में आसानी के लिए जंगलों में आग लगा देते हैं। वन विभाग के कर्मियों ने बताया कि गर्मी के मौसम में अक्सर लोग जमीन पर गिरे महुआ को साफ देखने के लिए सूखे पत्तों में आग लगा देते हैं, जिससे आग तेजी से फैल जाती है। जंगल में आग लगने से पेड़-पौधों के साथ-साथ कई दुर्लभ जीव-जंतु भी इसकी चपेट में आ जाते हैं, जिससे वन्यजीवों को भारी नुकसान होता है। वन विभाग के अनुसार जैसे ही जंगल में आग लगने की सूचना मिलती है, वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने के कार्य में जुट जाती है। साथ ही विभाग ने लोगों से अपील की है कि जंगलों को आग से बचाने में सहयोग करें और किसी भी प्रकार की आग लगने की सूचना तुरंत वन विभाग को दें।

### सांसद के कार्यालय सहायक स्वरूप चक्रवर्ती का निधन

**चाईबासा।** सांसद जोबा माझी के कार्यालय सहायक स्वरूप चक्रवर्ती का रविवार की अहले सुबह निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। 53 वर्षीय स्वरूप चक्रवर्ती अविवाहित थे और लंबे समय तक चक्रधरपुर में पत्रकारिता भी की थी। रविवार को ही उनका अंतिम संस्कार कुदलीबाड़ी स्थित शमशान घाट में कर दिया गया। इससे पहले अंतिम दर्शन के लिए सांसद जोबा माझी एवं मनोहरपुर के विधायक जगत माझी उनके रिटायर्ड कॉलोनी स्थित आवास पहुंचे थे। मालूम हो कि शांत और मृदुभाषी स्वभाव के स्वरूप चक्रवर्ती करीब दो दशक पूर्व से सांसद जोबा माझी से जुड़े हुए थे। वह सांसद के आवासीय कार्यालय में सहायक के रूप में कार्यरत थे। उनके निधन की खबर पाकर सांसद जोबा माझी एवं विधायक जगत माझी अंतिम दर्शन किये और श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सीआरपीएफ कैंप में महिलाओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जादूगोड़ा स्थित सीआरपीएफ कैंप में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय कावा के तत्वावधान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रुप केंद्र जमशेदपुर से जुड़ी महिलाओं और महिला कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

समारोह की शुरूआत क्षेत्रीय कावा प्रमुख रेनू सिंह ने दीप प्रज्वलित कर और केक काटकर की।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें संगीत, नृत्य और म्यूजिकल चेयर प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहे। महिलाओं ने हस्तशिल्प के माध्यम से भी अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया। कार्यक्रम स्थल पर विशेष प्रदर्शनी स्टॉल भी लगाए गए, जिन्हें लोगों ने काफी सराहा।

मौके पर क्षेत्रीय कावा प्रमुख रेनू सिंह ने समाज के निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि नारी स्वयं अर्धनारीश्वर का स्वरूप है और उसके भीतर ईश्वर का वास माना जाता है। उन्होंने कहा कि जब लोग शक्ति की कामना करते हैं तो मां दुर्गा से शक्ति, मां सरस्वती से विद्या और मां लक्ष्मी से धन की प्रार्थना करते हैं। ऐसे में महिला दिवस के अवसर पर यह संकल्प लेना आवश्यक है कि समाज में महिलाओं के सम्मान, गौरव और गरिमा को हमेशा सुरक्षित रखा जाएगा और एक ऐसा समाज बनाया जाएगा जहां महिलाएं सुरक्षित और सम्मानित महसूस करें। उन्होंने नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में सीआरपीएफ, क्षेत्रीय कावा और ग्रुप केंद्र जमशेदपुर की महिलाओं द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय कावा की सदस्या रोशन बानो ने अपने अथक प्रयासों और क्षेत्रीय कावा जमशेदपुर के सहयोग से कर्नाटक के अर्बन बैंक में नौकरी हासिल कर एक नई मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे परिवार के लिए प्रेरणादायक है और भविष्य में भी सभी को एकजुट होकर महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए काम करना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। हस्तशिल्प प्रतियोगिता में रानी मंडल ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में डॉ. मीना नवीन, सीएमओ ने बाजी मारी। इस अवसर पर डॉ. उर्मिला गारी (डीआईजी मेडिकल), डॉ. मीना नवीन (सीएमओ), पानमनी (सहायक कमांडेंट), रुखसार राबिया, बबीता बेरा, लता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बंदियों के साथ विशेष बैठक




**लातेहार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेष नाथ सिंह के निर्देश पर डालसा सचिव शिवम चौरसिया ने लातेहार जेल में महिला बंदियों के साथ एक विशेष बैठक की। बैठक के दौरान सचिव ने प्रत्येक महिला बंदी से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनके मामलों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उनके मुकदमों की प्रगति, उच्च न्यायालय में अपील की स्थिति और विशेष रूप से उन मामलों में जमानत बंधपत्र (बेल बॉन्ड) दाखिल करने की प्रक्रिया पर चर्चा की। इनमें उनके अधिवक्ता लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम से नियुक्त हैं। वर्तमान में लातेहार जेल में कुल 16 महिला बंदी हत्या एवं मानव तस्करी से संबंधित मामलों में निरुद्ध हैं। सभी बंदियों के पास अपने-अपने अधिवक्ता हैं, जिनमें निजी अधिवक्ता और अधिवक्ता लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के अधिवक्ता शामिल हैं। इस पहल का उद्देश्य महिला बंदियों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना और यह सुनिश्चित करना था कि उनके मामलों में विधिक सहायता प्रभावी रूप से उपलब्ध हो रही है।

### राष्ट्रपति के सवैधानिक सम्मान की उपेक्षा के विरोध में भाजपा ने किया ममता बनर्जी का पुतला दहन



**चाईबासा।** भारतीय जनता पार्टी पश्चिमी सिंहभूम जिला इकाई की ओर से आज चाईबासा के पोस्ट ऑफिस चौक पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यकताओं ने इस घटना को लोकतांत्रिक मयार्दाओं और संवैधानिक प्रोटोकॉल की अवहेलना बताया।भाजपा जिला इकाई ने कहा कि महामहिम राष्ट्रपति का पश्चिम बंगाल में आयोजित संथाली अधिवेशन में शामिल होने का कार्यक्रम पूर्व निर्धारित था। किंतु राज्य सरकार द्वारा कार्यक्रम के स्थल में अंतिम समय में बदलाव कर दिया गया। इतना ही नहीं, भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन महामहिम राष्ट्रपति के आगमन के समय न तो राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और न ही उनकी ओर से कोई अधिकृत मंत्री एयरपोर्ट अथवा कार्यक्रम स्थल पर उनकी अगवानी के लिए उपस्थित हुआ। यह आचरण न केवल असंवेदनशील है, बल्कि संवैधानिक परंपराओं और स्थापित प्रोटोकॉल का भी स्पष्ट उल्लंघन है।भाजपा नेताओं ने कहा कि भारत के राष्ट्रपति देश की एकता, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के सर्वोच्च प्रतीक होते हैं। ऐसे पद के प्रति सम्मान व्यक्त करना प्रत्येक राज्य सरकार का संवैधानिक दायित्व है। लेकिन पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा अपनाया गया यह रवैया दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है।भारतीय जनता पार्टी पश्चिमी सिंहभूम जिला इकाई ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह व्यवहार देश की संवैधानिक व्यवस्था के प्रति असम्मान को दशार्ता है। भाजपा कार्यकताओं ने मांग की कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस प्रकरण पर सार्वजनिक रूप से स्पष्टीकरण दें और देश से माफी मांगें।इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे और उन्होंने लोकतांत्रिक मयार्दाओं के संरक्षण की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

### सारंडा की वादियों में छाया घना कोहरा किरीबुरू, मेघाहातुबुरु में सुहाना मौसम

**चाईबासा।** सारंडा के घने साल वनों के बीच बसे सेल नगरी किरीबुरू और मेघाहातुबुरु में रविवार 8 मार्च की सुबह मौसम का बेहद मनमोहक नजारा देखने को मिला। अहले सुबह से ही पूरे क्षेत्र में घना कोहरा छाया रहा, जिससे पहाड़ियां, जंगल और शहर की सड़कें धुंध की सफेद चादर में ढकी नजर आईं। दूर-दूर तक दृश्यता कम हो गई थी और वातावरण रहस्यमयी व आकर्षक लग रहा था। घने कोहरे और आसमान में छाए बादलों के कारण क्षेत्र के तापमान में भी हल्की गिरावट दर्ज की गई। पिछले करीब 30 घंटों से आसमान में बादल छाए रहने से मौसम में ठंडक बनी हुई है।

# दो वर्ष बाद सरना धर्म में लौटा एक परिवार परंपरा के अनुसार हुआ शुद्धिकरण

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**चाईबासा।** टोन्टो प्रखंड के मौजा बुंडू के रेंगो टोला में एक परिवार ने लगभग दो वर्ष बाद अपनी मूल संस्कृति और प्राकृतिक आस्था में वापसी करते हुए सरना धर्म को पुनः स्वीकार किया। यह बदलाव 28 वर्षीय सोंगा केराई के परिवार में देखने को मिला। रविवार को सोंगा केराई ने अपनी पत्नी 25 वर्षीय सोमवारी कुई, पुत्र 5 वर्षीय सुरेश केराई तथा 2 वर्षीय प्रकाश केराई के साथ ग्रामीण मुंडा, गांव के दियुरी और आदिवासी हो समाज युवा महासभा के पदाधिकारियों की उपस्थिति में हो समाज की मूल संस्कृति और प्राकृतिक आस्था में वापसी की। इस अवसर पर गांव के दियुरी जवान अंगरिया ने हो समाज की परंपरा के अनुसार लाल मुर्गे की बलि देकर पूजा-पद्धति की शुरूआत की। इसके बाद परिवार के सभी सदस्यों का जाते-परची (शुद्धिकरण) किया गया। सामाजिक रूप से ग्रामीणों ने उन्हें फिर से अपने साथ स्वीकार करते हुए हो समाज के सभी रीति-रिवाजों के अनुसार जीवन जीने की अनुमति दी। अब यह परिवार पारंपरिक त्योहारों तथा जन्म, विवाह और मृत्यु से जुड़े सभी संस्कारों और अनुष्ठानों को पुनः मानेंगे।

# ईद की खरीदारी जोरों पर, बाजार में पैर रखने की जगह नहीं

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**धनबाद।** शहर के बाजारों में ईद की रौनक देखने को मिल रही है। जैसे-जैसे ईद करीब आ रही है, लोग खरीदारी के लिए बाजारों का रुख कर रहे हैं। खासकर धनबाद का पुराना बाजार इन दिनों पूरी तरह गुलजार नजर आ रहा है, जहां बड़ी संख्या में खरीदार पहुंच रहे हैं। कपड़े, जूते, टोपी, इत्र, लच्छा और सेवइयों की दुकानों पर लोगों की अच्छी-खासी भीड़ देखी जा रही है। शाम ढलते ही बाजार की रौनक और भी बढ़ जाती है। परिवार के साथ लोग ईद की खरीदारी करते नजर आते हैं।

धनबाद का पुराना बाजार शहर के सबसे पुराने और प्रमुख व्यापारिक केंद्रों में से एक माना जाता है। बताया जाता है कि दशकों से यहां ईद और अन्य त्योहारों के मौके पर खास रौनक रहती है। आसपास के कई इलाकों से लोग खरीदारी के लिए यहां पहुंचते हैं।

# कलश यात्रा के साथ विराट श्री रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**गढ़वा।** जिला मुख्यालय से सटे ग्राम जोबरईया के बंडा पहाड़ स्थित श्री नीलकंठ महादेव मंदिर में आयोजित श्री रुद्र महायज्ञ को लेकर रविवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान नीलकंठ महादेव की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद यज्ञाधीश आचार्य आशीष वैद्य के सानिध्य और अयोध्या धाम से पधारे कथाव्यास पंकज शांडील्य, काशी से आए आचार्य एवं महायज्ञ आयोजन समिति के प्रधान संयोजक राकेश पाल की अगुवाई में श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर से कलश यात्रा शुरू की। श्रद्धालु गढ़वा-मझिआंव मुख्य मार्ग होते हुए पुरानी बाजार स्थित दानरो नदी छठ घाट पहुंचे, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद जलकुंड से कलश में जल भरा गया। कलश यात्रा के दौरान गाजे-बाजे और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ और हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आयोजन समिति द्वारा पूरे मार्ग में टैंकर से पानी का छिड़काव कराया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए महाभंडारा का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मानस मंडली इकाई गढ़वा के जिला संयोजक द्वारकानाथ पांडेय, प्रधान यजमान जागृति युवा क्लब के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार पाल, सहायक यजमान विवेकानंद पाल, रमेश अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, रंजीत कुमार, सुरेंद्र कुशवाहा, सीताराम पाल, सत्येंद्र पाल सहित हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं जागृति युवा क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने यातायात नियंत्रण, प्रसाद वितरण एवं अन्य व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजन समिति के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार पाल ने बताया कि कथा मंडप का उद्घाटन झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने किया। इसके बाद श्रीराम कथा अमृतवर्षा का शुरू हो गई।

# गढ़वा में जल महोत्सव पखवाड़ा का शुभारंभ

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**गढ़वा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को गढ़वा जिले में जल महोत्सव पखवाड़ा का शुभारंभ रामा साहू आउटडोर स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार तथा पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल गढ़वा के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता और समुदाय में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिलाओं के कार्यों को विशेष रूप से सराहा गया। इसी क्रम में पेयजल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 15 जलसहिया दीदियों और पंचायत की मुखिया को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। जल महोत्सव पखवाड़ा का आयोजन 8 मार्च से 22 मार्च 2026 तक जिले के विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा। इस दौरान जल संरक्षण, सुरक्षित पेयजल, स्वच्छता तथा जल प्रबंधन से जुड़े विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम, जनसंवाद, रैलियां एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, ताकि आमजन में जल के महत्व के प्रति जागरुकता बढ़ाई जा सके।

# भूली में नौजवान संघर्ष चंद्र बोस रक्तदान समिति का गठन

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**



**धनबाद।** भूली श्याम नगर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस रक्तदान समिति ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में वार्ड 17 के पार्षद इम्तियाज अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मौके पर पार्षद ने कहा कि रक्तदान महादान है। ऐसे सामाजिक कार्यों में हर व्यक्ति को आगे बढ़कर हिस्सा लेना चाहिए, ताकि जरूरतमंदों को समय पर रक्त मिल सके। किसी की जान बचाई जा सके। इस मौके पर नौजवान संघर्ष चंद्र बोस रक्तदान समिति का भी गठन किया गया। समिति में क्षेत्र के युवाओं और महिलाओं को जिम्मेदारी दी गई है, ताकि रक्तदान के साथ-साथ अन्य सामाजिक कार्यों को भी आगे बढ़ाया जा सके। समिति के गठन में राकेश कांटी विश्वास को अध्यक्ष, दिलबाग सिंह को सचिव और राजेंद्र प्रसाद साहू को संरक्षक बनाया गया है। राजीव वर्मा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। समिति में संदीप कुमार, कुंवर श्रीवास्तव, अमरीप साह, सुबोध, सोमू दास और डिमन को सक्रिय सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

# महिला पुलिसकर्मियों ने चलाया एंटी क्राइम चेकिंग अभियान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**बोकारो।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को बोकारो पुलिस ने नारी शक्ति का संदेश देते हुए विशेष एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह के नेतृत्व में महिला पुलिसकर्मियों ने शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और प्रमुख स्थानों पर वाहनों की सघन जांच कर लोगों को सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इस अभियान में चास थाना प्रभारी सुषमा कुमारी, सेक्टर-6 थाना प्रभारी संगीता कुमारी, चास महिला थाना प्रभारी सुनीला लिंडा तथा नगर महिला पुलिस मीरा लकड़ा सहित कई महिला पुलिसकर्मी शामिल रहीं। महिला पुलिसकर्मियों ने नया मोड़ बिरसा चेक पोस्ट, चास चेक पोस्ट समेत अन्य स्थानों पर वाहनों की जांच की। जांच के दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट और ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों की विशेष रूप से जांच की गई तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों को चेतावनी दी गई। वहीं, हेलमेट पहनकर सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने वाली महिलाओं को महिला पुलिसकर्मियों की ओर से सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने सभी महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि महिला दिवस के अवसर पर महिला पुलिसकर्मियों को आगे रखकर यह विशेष जांच अभियान चलाया गया है, ताकि समाज में यह संदेश जाए कि महिलाएं हर क्षेत्र में सशक्त और सक्षम हैं। उन्होंने बोकारो वासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि या पुलिस सहायता की आवश्यकता होने पर तुरंत 112 नंबर पर सूचना दें। उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस का लक्ष्य सेवा ही लक्ष्य है और बोकारो पुलिस हमेशा जनता की सेवा में तत्पर है।

# तनिष्क ज्वेलर्स लूट के प्रयास मामले में दो अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**बोकारो।** बोकरो जिले के सेक्टर-4 थाना क्षेत्र के सिटी सेंटर स्थित तनिष्क ज्वेलर्स शोरूम में लूट के प्रयास मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो और अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शुभम कुमार ( 22) और पंकज कुमार ( 26) के रूप में हुई है। दोनों बिहार के बेगूसराय जिले के चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस ने शुभम कुमार को सूरत (गुजरात) से तथा पंकज कुमार को बेंगलुरु (कर्नाटक) से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर बोकारो लाया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के पास से दो देशी पिस्टल, चार जिंदा गोलियां और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 11 जनवरी 2026 को सिटी सेंटर स्थित तनिष्क ज्वेलर्स शोरूम में अज्ञात अपराधियों ने हथियार के बल पर लूट का प्रयास किया था। इस मामले में सेक्टर-4 थाना (कांड संख्या 02/26 ) दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी।

## संक्षिप्त

### बस्ताकोला में प्लाई गोदाम में भीषण आग, तीन झुलसे



**धनबाद।** झरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बस्ताकोला में रविवार को एक प्लाई गोदाम में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि गोदाम में रखा लाखों रुपये का प्लाई जलकर राख हो गया। घटना में राजू अग्रवाल समेत तीन लोग झुलस गए, जिन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडर फटने से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया।

### युवाओं को झामुमो की सदस्यता दिलाई गयी



**देवघर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष नितिन राऊत और पार्टी नेता महादेव पासवान के नेतृत्व में राउत नगर में युवाओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई गयी। इस दौरान युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राहुल चंद्रवंशी, सचिव प्रकाश पांडे, उपाध्यक्ष वैभव चंद्रवंशी, अनीस कुमार,पंकज कुमार, अक्षय यादव सहित अन्यम सदस्य मौके पर मौजूद थे। जिला अध्यक्ष ने सभी को झामुमो का पट्टा पहना कर पार्टी में स्वागत किया।

### सरायकेला-खरसावां में बम विस्फोट, एक घर की दीवार ध्वस्त

**सरायकेला।** खरसावां जिले के कपाली ओपी थाना क्षेत्र में देर रात एक बम विस्फोट की घटना हुई है। अज्ञात बदमाशों ने एक घर की दीवार पर बम लगाकर विस्फोट कर दिया, जिससे घर की दीवार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि घर में सो रही बुजुर्ग महिला मेहरून बीवी को कोई गंभीर चोट नहीं आई। विस्फोट की आवाज इतनी जोरदार थी कि आसपास के लोगों को लगा कि भूकंप आ गया है। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद कपाली ओपी पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

# महिला दिवस पर सहारा सिटी में महिला जनप्रतिनिधियों को किया गया सम्मानित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**पूर्वी सिंहभूम।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मानगो स्थित सहारा सिटी कम्युनिटी हॉल में नारी शक्ति के सम्मान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाजसेवी उपेंद्र सिंह मस्तान की पहल पर आयोजित महिला सम्मान समारोह में मानगो नगर निगम की पहली मेयर सुधा गुप्ता समेत हाल ही में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मेयर सुधा गुप्ता ने मानगो के विकास को लेकर अपना विजन साझा किया। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य मानगो को स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध बनाना है। इस दौरान उन्होंने झारखंड सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मानगो नगर निगम को महिला आरक्षित सीट घोषित किया जाना महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने यह भी घोषणा की कि क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महिला पुलिस की तैनाती की जाएगी, ताकि महिलाओं को भयमुक्त वातावरण मिल सके।

मेयर ने कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता साबित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आज की महिला देश की सरहद की रक्षा से लेकर अंतरिक्ष यान उड़ाने तक में सक्षम है और देश के विकास में आधी आबादी की भागीदारी बराबरी से बढ़ रही है। उन्होंने मानगो की महिलाओं को शिक्षा और स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का संकल्प भी दोहराया।

इस अवसर पर झारखंड सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए समाज में हो रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं की भागीदारी से समाज और राजनीति दोनों को नई दिशा मिलती है।

कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी उपेंद्र सिंह मस्तान ने सभी महिला जनप्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मानगो के विकास में महिलाओं का नेतृत्व एक सकारात्मक बदलाव का संकेत है ऐसे आयोजनों से समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और जागरूकता का संदेश जाता है।

समारोह में कांग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और सहारा सिटी सहित पूरे मानगो क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं। कार्यक्रम का माहौल उत्साह और सम्मान से भरा रहा।

## धनबाद के महिला खिलाड़ियों को मेयर और विधायक ने किया सम्मानित



**धनबाद।** राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महिला खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को सरायढेला स्थित सिंह मेंशन में मेयर संजीव सिंह एवं झरिया के विधायक रागनी सिंह ने मुकुट पहनाकर एवं शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। मेयर ने कहा कि धनबाद के खेल एवं खिलाड़ियों की प्रगति के लिए हमारा प्रयास जारी रहेगा। अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी वैष्णवी पाण्डेय, अंतर्राष्ट्रीय बुड बॉल एवं राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी रिंकू कुमारी, राष्ट्रीय एथलीट सुजापा ठाकुर, राष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी आकृति, राष्ट्रीय आर्चरी खिलाड़ी नोमीता टुडू, राष्ट्रीय खोखो एवं एथलेटिक्स खिलाड़ी पापिया सिंघा राय, राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मंजूरी पाण्डेय, राष्ट्रीय बास्केट बॉल खिलाड़ी मधु कुमारी, राष्ट्रीय बास्केट बॉल खिलाड़ी मौली समानता, राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी जय श्री को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एलआईसी ऑफ इंडिया के मुख्य सलाहकार एवं पूर्व राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी तारक नाथ दास, धनबाद जिला ताइक्वांडो संघ के महासचिव आचार्य कमलेश कुमार पाण्डेय एवं जिला मलखंभ संघ के सचिव तारक नाथ दास, टाटा के फुटबॉल प्रशिक्षक अनील लाल उपस्थित थे।

## कुडू प्रखंड परिसर के मैदान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन



**लोहरदगा।** जेएसएलपीएस के तत्वावधान मे कुडू प्रखंड परिसर के मैदान में कोयल झरना, निर्मल धारा एवं चुल्हापानी संकुल ने संयुक्त रूप से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक विकास में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका पर चर्चा की गई। अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली कैडर दीदीयों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही एसएचजी की दिदियों के लिए विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें विजयी होने वालों को पुरस्कार प्रदान किया गया। तीनों संकुल संगठनों की ओबी सदस्य कुमकुम देवी, पार्वती देवी, सुमित्रा देवी, रासो देवी, देवंती देवी, गुंजरी उराव, रंथी उराव, तीनों संकुलों के संकुल प्रबंधक नेहा कुमारी, जूही खातून, तनु कुमारी और कूडू जेएसएलपीएस कर्मी सहित एसएचजी की लगभग 250 दीदीयां उपस्थित थीं।

## नोवामुंडी की चार बच्चियों को रोजगार के नाम पर तमिलनाडु ले जाकर बंधक बनाने का आरोप

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिले के नोवामुंडी प्रखंड से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। नोवामुंडी क्षेत्र के ग्रामीणों ने जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सोनाराम सिंकु से मिलकर शिकायत की कि क्षेत्र की चार बच्चियों को रोजगार दिलाने के नाम पर तमिलनाडु ले जाया गया है, जहां उन्हें कथित रूप से बंधक बनाकर रखा गया है। परिजनों का कहना है कि बच्चियां अपने घर लौटना चाहती हैं, लेकिन उन्हें वापस आने नहीं दिया जा रहा है। बताया गया कि ये चारों बच्चियां पश्चिम सिंहभूम जिला अंतर्गत नोवामुंडी प्रखंड के महुदी पंचायत के बंगला डीपा गांव की निवासी हैं। इनमें सुखमती लागुरी (पिताझ मंगल लागुरी), सोनिवारी बरजो (पिताझ स्व. विरा बरजो), सपनी बरजो (पिता, गंगा राम बरजो) और सुखमती बरजो (पिता, देवा बरजो) शामिल हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक सोनाराम सिंकु ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मौके पर ही क्षेत्र के डीएसपी को फोन कर पूरे मामले की जानकारी दी और त्वरित जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रशासन से आग्रह किया कि बच्चियों को सकुशल वापस लाने के लिए शीघ्र कदम उठाए जाएं। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की बेटियों की सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरि है तथा ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मारवाड़ी महिला समिति ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में मारवाड़ी महिला समिति ने बेहद अनोखे तरीके से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। रविवार को रांची रोड स्थित होटल अरिहंत पैलेस में समाज में अग्रणी भूमिका निभाने वाली महिलाओं को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया गया। शिक्षा, चिकित्सा और समाज सेवा के क्षेत्र में बेहतर काम कर रही महिलाओं को एक प्रेरणा स्रोत के रूप में बताया गया। इस मौके पर संस्था का स्थापना दिवस भी मनाया गया। शहर के विशिष्ट लोगों तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान करने वाली महिलाओं को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया गया। जिसमें शहर की विख्यात शिक्षाविद् डॉ उर्मिला सिंह, समाजसेवी मधु अग्रवाल एवं वरिष्ठ चिकित्सक सौम्या जैन विशेष रूप से आमंत्रित थी। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए समिति की अध्यक्षा निशा जैन बताया कि संस्था पिछले 36 वर्षों से समाज सेवा के कार्यों में अपना विशिष्ट योगदान दे रही है। समिति की कल्याणकारी कार्यक्रमों से समाज के वंचित तबके को कई प्रकार की सहायता मिल रही है। उन्होंने बताया कि महिला दिवस के उपलक्ष में संस्था द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान करने वाली महिलाओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए उन्हें सम्मानित किया जा रहा है।

## महिला दिवस पर समाहरणालय में जल महोत्सव पखवाड़ा का शुभारंभ

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पूर्वी सिंहभूम।** जिला में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर जल महोत्सव पखवाड़ा की शुरूआत की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त (डीडीसी) नागेंद्र पासवान और पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल जमशेदपुर और आदित्यपुर के कार्यपालक अभियंताओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने जल महोत्सव पखवाड़ा के उद्देश्यों और इसके तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। उप विकास आयुक्त नागेंद्र पासवान ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा, खेल, उद्योग और प्रशासन सहित अनेक क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियां देश को गौरवान्वित कर रही हैं। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जल महोत्सव पखवाड़ा का आयोजन ०8 मार्च 2026 से 22 मार्च 2026 तक किया जाएगा।

# इनर व्हील क्लब देवघर ने साड़ी वॉकाथन कर कैंसर जागरुकता का दिया संदेश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**देवघर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इनर व्हील क्लब ऑफ देवघर ने अध्यक्ष ज्ञानी मिश्रा, सचिव कंचन मूर्ति एवं प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर रश्मि रंजन झा के संयुक्त नेतृत्व में साड़ी वॉकाथन का आयोजन किया। इसमें लगभग 400 महिलाओं ने भाग लेकर महिला शक्ति, स्वास्थ्य जागरुकता और एकजुटता का संदेश दिया।

इस वॉकाथन का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का उत्सव मनाने के साथ-साथ महिलाओं के बीच सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरुकता फैलाना था। महिलाओं ने साड़ी पहनकर इस वॉकाथन में भाग लि?या। वॉकाथन की शुरूआत इंडोर स्टेडियम से हुई। समाजसेवी रीता चौरसिया ने क्लब की सदस्यों के साथ संयुक्त रूप से फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। वॉकाथन इंडोर स्टेडियम से प्रारंभ होकर वीआईपी चौक, टावर चौक होते हुए राय कंपनी मोड़ से गुजरकर आर मित्रा स्कूल में जाकर संपन्न हुई। इस अवसर पर राष्ट्रीय पुरस्कारर से पुरस्कृनत श्वेता शर्मा को भी सम्मानित किया गया। मंच संचालन अर्चना सिन्हा् और प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर रश्मि रंजन ने व्यवस्थाओं का संचालन किया।

कार्यक्रम में डॉ. रीता ठाकुर ने सर्वाइकल कैंसर पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इसके लक्षण, बचाव और समय पर जांच के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम में क्लब की सक्रिय सदस्य निशा गुप्ता, सावित्री गुप्ता, निशा जयसवाल, सरिता अग्रवाल, रेखा सिंघानिया, नमिता भगत, मिनी दास, अर्पणा सिंहा, अर्चना सिंह, सुषमा रानी, सोनिका चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

# जगन्नाथपुर प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में संवाद कार्यक्रम आयोजित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** जगन्नाथपुर प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में रविवार, 8 मार्च 2026 को ब्लॉक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड के सभी बीएलए, 2, पंचायत कमिटी के पदाधिकारी, मंडल कमिटी तथा प्रखंड कमिटी के सदस्यों के साथ विस्तृत संवाद किया गया। कार्यक्रम के दौरान बीएलए, 2 कार्यकताओं को रक्फ़ से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण भी दिया गया, ताकि संगठनात्मक कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा सके। प्रशिक्षण में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने तथा जिम्मेदारियों के निर्वहन को लेकर आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक सोनाराम सिंकु उपस्थित रहे। वहीं जिला पर्यवेक्षक प्रदीप कुमार बालमुचू जी तथा जिला अध्यक्ष रंजन बोयपाई भी विशेष रूप से शामिल हुए और कार्यकताओं को संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष श्री ललित कुमार दोराईबुरु ने की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए एकजुट होकर काम करने की अपील की। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ललित कुमार दोराईबुरु, रंजीत गगराई, नोवामुंडी युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मामूर अंसारी, प्रखंड उपाध्यक्ष सूरज चंपिया,प्रखंड उपाध्यक्ष जेना पुराती, प्रखंड महासचिव प्रदीप प्रधान, प्रखंड महासचिव रोशन पान, प्रखंड महासचिव दानिश हुसैन, मोरान सिंह कराई, गुलजार अंसारी, सूरज मुखी, बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नवनिर्वाचित महापौर रवि राउत का सम्मान किया

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**देवघर।** झारखंड चिकित्सा व जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की जिला शाखा के कुष्ठ आश्रम रोड स्थित कार्यालय में जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र की अध्यक्षता में नवनिर्वाचित महापौर रवि राउत का सम्मान किया गया। संघ के पदधारियों ने उनका अभिनंदन किया। जिलाध्यक्ष ने संघ कार्यालय के जीर्णोद्धार में सहयोग करने, नगर निगम के अधीन संचालित अटल मुहल्ला क्लीनिकों सहित शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन विसंगतियों को दूर करने का आग्रह किया। महापौर ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र, संजीव कुमार मिश्र, अरुण यादव, बुद्धि नाथ झा, विश्व नाथ बक्शी का योगदान रहा। मौके पर अरुण कापरी, अरुण प्रसाद यादव, संजीव कुमार मिश्र, सौरभ रिचर्ड, अरूण कुमार चौधरी, विष्णु कुंवर, सविता कुमारी, अनिमेष घोष, अनिल कुमार गुप्ता, पारस नाथ अंबे, विश्वनाथ बक्शी, कुमार अभिषेक, रोबर्ट मुर्मू भी उपस्थित थे।

## संपादकीय

### ऊर्जा संकट की आशंका

**पश्चिम** एशिया में बढ़ते युद्ध के हालात ने पूरी दुनिया को एक नए ऊर्जा संकट की आशंका के सामने खड़ा कर दिया है। ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद जिस तरह संघर्ष तेज हुआ है, उससे यह खतरा बढ़ गया है कि यह जंग केवल सैन्य टकराव तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा आपूर्ति पर भी गहरा असर डालेगी। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने का निर्णय इस संकट को और गंभीर बना सकता है। यह समुद्री मार्ग दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की बड़ी मात्रा इसी रास्ते से होकर गुजरती है। यदि यह मार्ग लंबे समय तक बाधित रहता है, तो कई देशों के सामने ऊर्जा की आपूर्ति बनाए रखना एक बड़ी चुनौती बन जाएगी। ऊर्जा आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा का सीधा असर अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ता है। तेल की कीमतों में बढ़ोतरी होने पर परिवहन लागत बढ़ जाती है, जिसका असर हवाई यात्रा, माल ढुलाई और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों पर भी दिखाई देता है। इस स्थिति में महंगाई बढ़ने का खतरा भी बढ़ जाता है, जिससे कई देशों की आर्थिक स्थिति पर दबाव पड़ सकता है। भारत के लिए भी यह स्थिति चिंता का विषय है, क्योंकि देश अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात पर निर्भर होकर पूरा करता है। भारत के तेल आयात का एक महत्वपूर्ण भाग होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आता है। यदि इस मार्ग में बाधा बनी रहती है, तो भारत को वैकल्पिक स्रोतों से तेल खरीदने की रणनीति बनानी पड़ेगी। हालांकि देश के पास सीमित अवधि के लिए तेल का भंडार मौजूद है, लेकिन लंबे समय तक संकट रहने की स्थिति में यह पर्याप्त नहीं होगा। ऐसे हालात में यह जरूरी हो जाता है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय युद्ध को रोकने और तनाव कम करने के लिए गंभीर कूटनीतिक प्रयास करे। वैश्विक शांति और आर्थिक स्थिरता के लिए संवाद और समझौता ही सबसे प्रभावी रास्ता हो सकता है। यदि समय रहते समाधान नहीं निकाला गया, तो यह संघर्ष दुनिया के कई देशों के लिए गहरे ऊर्जा और आर्थिक संकट का कारण बन सकता है।

# संसद में क्यों कम हो रहा है संवाद

**जगमोहन सिंह राजपूत**



देश की संसद जनता की आकांक्षाओं की वह अभिव्यक्ति है, जो चयनित प्रतिनिधियों में पूर्ण विश्वास प्रकट कर निर्मित की गई है। इसके उत्तरदायित्व में मुख्य रूप से देश के विकास, सुरक्षा और आमजन के कल्याण के लिए नीति निर्माण एवं योजनाएं बनाना है। तकनीकी तरक्की के साथ अब संसद की सारी कार्यवाही सीधे हर घर तक पहुंचती है। अपेक्षा यही की जाती है कि संसद की बैठकों में संवाद और गरिमा के अनुकरणीय स्तर देखने को मिलेंगे। साथ ही इसमें संवेदनशील पारस्परिकता, समय के महत्त्व, जिम्मेदारी का बोध और अध्ययनशीलता जैसे प्रेरक तथा विश्वास उत्पन्न करने वाले तत्त्वों के समावेश की उम्मीद भी की जाती है। संसद के दोनों सदनों में जन प्रतिनिधियों को यह ध्यान रखना होता है कि देश की नई पीढ़ी उनके हर कार्यकलाप, आचार-विचार-व्यवहार को न केवल देखने और महसूस करने में रुचि रखती है, बल्कि उसका अनुसरण भी करना चाहेगी। स्वतंत्रता के बाद कई वर्षों तक संसद की कार्यवाही सामान्य जन आज की तरह देख तो नहीं सकते थे, लेकिन तब समाचार पत्रों में उससे संबंधित खबरों को तन्मयता से पढ़ा जाता था और उस पर लोग आपस में चर्चा भी करते थे कि संसद देश के भविष्य का निर्माण कर रही है। उस समय काफी हद तक वह सब मिलता था, जो जनता द्वारा चयनित कुशल, सभ्य, संयमित और जवाबदेह प्रतिनिधियों की शिखर संस्था से अपेक्षित होता था। तब देश के हर गांव, कस्बे और शहर में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी घटनाओं की चर्चा होती थी, आजादी पाने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वालों को सम्मान पूर्वक एवं गर्व से याद किया जाता था।

मगर देश के वे वरिष्ठजन, जो आज भी संसद की कार्यवाही में रुचि लेते हैं, उसका प्रसारण देखते हैं, उन्हें अब निराशा ही होती होगी। महात्मा गांधी की चर्चा अब कम ही होती है। उन्होंने तत्कालीन संदर्भ में कहा था कि कार्य करने के बाद प्राप्त किए गए अनुभव के बिना दिया गया वक्तव्य परिष्कार और शालीनता से रहित होगा! इसका अनुभव अब सामान्यजन को लगातार हो रहा है। उनकी अपेक्षाएं अब निराशा में तब्दील होती जा रही हैं। विकास के जो प्रयास हो रहे हैं, उनमें सर्वजन कल्याण की भावना के बजाय चयनात्मक सोच की झलक देखने को मिलती है। भारत में भी इसकी अपेक्षा थी कि विपक्ष और विशेषकर सत्ता से जनता द्वारा हटाए गए राजनीतिक दल भी लोकतंत्र की मूल भावना के अनुसार जनसेवा तथा जनसंपर्क पर अधिक ध्यान देंगेः सत्ता पक्ष से प्रश्न पूछेंगे, उनकी कमियां निकालेंगे और लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में काम करेंगे। मगर इस मूल भावना की कमी साफ देखने को मिल रही है। यह सही है कि विपक्ष के अधिकांश राजनीतिक दलों के पास जनता का विश्वास पुनः प्राप्त करने की कोई ठोस रूपरेखा उपलब्ध नहीं है, उनमें शामिल युवा और वरिष्ठ राजनेता भी अपने लिए कोई संभावनाएं नहीं देख पा रहे हैं। हताशा के इस माहौल में राष्ट्र और नई पीढ़ी के प्रति उत्तरदायित्व का बोध भी कम हो रहा है। संभवतः वे इस सिद्धांत को भी भूल गए हैं कि सत्ता में वापस आने का रास्ता जनता के दिलों में स्वीकार्यता से होकर गुजरता है और उसे आरोप-प्रत्यारोप के जरिए तलाशने का प्रयास निरर्थक है।

> ***देखा जाए तो जन सामान्य की चचाओं में केवल विपक्ष की ही आलोचना होती हो, ऐसा भी नहीं है। आज देश का आम नागरिक जागरूक है, वह स्थिति का विश्लेषण अत्यंत समझदारी और तुलनात्मक रूप से करता है तथा जो इसको समझ सकता है, वही अपने कार्यकलापों में अपेक्षित एवं आवश्यक बदलाव ला सकता है। लोकतंत्र, जनतंत्र या गणतंत्र, मूलभाव को समझने के लिए इनमें से कोई भी विकल्प चुना जाए, उसका आधार जिस शाब्दिक संकल्पना में निहित मिलेगा वह है- संवाद। हर समस्या और वाद-विवाद का समाधान संवाद से ही निकलता है। जनहित के संकल्प संवाद की सार्थकता में ही निहित हैं। इस समय देश का राजनीतिक वातावरण इस तरह का हो गया है कि लगता है सियासी दल और राजनेता इस पक्ष को भूलते जा रहे हैं। देश के राजनीतिक क्षितिज पर यह शब्द लगभग खो गया है, या यों कहें कि कुछ ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न की जा रही हैं कि सभ्य समाज की आधारभूत संकल्पना चर्चा-परिचर्चाइ की कोई संभावना ही ना बचे!***

देखा जाए तो जन सामान्य की चचाओं में केवल विपक्ष की ही आलोचना होती हो, ऐसा भी नहीं है। आज देश का आम नागरिक जागरूक है, वह स्थिति का विश्लेषण अत्यंत समझदारी और तुलनात्मक रूप से करता है तथा जो इसको समझ सकता है, वही अपने कार्यकलापों में अपेक्षित एवं आवश्यक बदलाव ला सकता है। लोकतंत्र, जनतंत्र या गणतंत्र, मूलभाव को समझने के लिए इनमें से कोई भी विकल्प चुना जाए, उसका आधार जिस शाब्दिक संकल्पना में निहित मिलेगा वह है- संवाद। हर समस्या और वाद-विवाद का समाधान संवाद से ही निकलता है। जनहित के संकल्प संवाद की सार्थकता में ही निहित हैं। इस समय देश का राजनीतिक वातावरण इस तरह का हो गया है कि लगता है सियासी दल और राजनेता इस पक्ष को भूलते जा रहे हैं। देश के राजनीतिक क्षितिज पर यह शब्द लगभग खो गया है, या यों कहें कि कुछ ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न की जा रही हैं कि सभ्य समाज की आधारभूत संकल्पना चर्चा-परिचर्चाइ की कोई संभावना ही ना बचे!

अब यह बात भी छिपी नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की प्रगति और साख में जो बढ़ोतरी हुई है, वह कई बड़े देशों की आंख की किरकिरी बन गई है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान जैसे प्रदेशों में किसी भी गांव और कस्बे में जाकर देखा जा सकता है कि वहां सरकारी तंत्र से जुड़ा रहा सम्मानित लोगों का वर्ग एक ही है। पक्ष या विपक्ष में होना एक-दूसरे के प्रति व्यक्तिगत सम्मान तथा सौहार्द में कोई कमी लाए, यह तो सामान्य अपेक्षा हो ही नहीं सकती है। वरिष्ठ राजनीतिक नेतृत्व को पक्ष-विपक्ष के भेदभाव को भूलकर विद्वत वर्ग और विशेषज्ञों की राय लेकर जनहित में संवादहीनता की इस घुटन से देश को मुक्त करने का हर संभव प्रयास करना होगा। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद स्वतंत्र हुए देशों में शामिल भारत में लोकतंत्र के स्थापित होने और उसके आगे बढ? को वैश्विक स्तर पर सम्मान से देखा जाता रहा है। आपातकाल को छोड़कर भारत में व्यक्तिगत हित साधने के लिए संविधान के प्रावधानों का दुरुपयोग करने जैसे अवसर पुनः नहीं आए। जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में देश ने एकजुट होकर लोकतंत्र को पुनः स्थापित कर दिया। यह भी याद रखना होगा कि देश के सुरक्षा बलों ने संविधान की उस आत्मा का अक्षरशः सम्मान किया है कि सर्वोच्च संस्था तो हम, भारत के लोगइ में ही निहित है। देश को सुरक्षित रखने के दायित्व का अत्यंत गरिमामय ढंग से पालन हुआ है। देश के सुरक्षा बल किसी भी प्रकार की राजनीतिक महत्त्वाकांक्षा से हमेशा दूर रहे हैं। सकारात्मकता की इस स्थिति के निर्मित होने में देश की ज्ञानार्जन परंपरा, दर्शन, वैचारिकता और वैश्विकता की संस्कृति का अहम योगदान रहा है। राजनीति में पक्ष और विपक्ष की सीमाओं से मुक्त हर भारतीय नागरिक यह गर्व से स्वीकार करता रहा है कि स्वतंत्र भारत राजनीतिक परिपक्वता का परिचय देता रहा है। इसी कारण इक्कसवीं सदी में भारत की विश्व स्तर पर मान्यता और साख तेजी से बढ़ी है। इसमें हमारे युवाओं और उनको तैयार करने वाली संस्थाओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है। मगर पिछले कुछ समय से जो सियासी माहौल बना है, उसमें जनहित के बजाय दलगत राजनीति के निहित स्वार्थ ज्यादा दिखते हैं। स्वतंत्र भारत में प्रारंभ से ही विकास के कार्यों में दूरदृष्टि-पूर्ण निर्णय लिए गए हैं। जो अच्छा कार्य करते हैं, उनसे ही यह अधिकार पूर्वक पूछा जाता है कि वे और अधिक अच्छा क्यों नहीं कर पा रहे हैं। यह आलोचना नहीं, बल्कि प्रेरणा और इच्छाशक्ति को मजबूती देता है। राजनीतिक दलों की अपनी विचारधारा जो भी हो, वे पक्ष में हों या विपक्ष में, उन्हें देश की प्रगति में आपसी सहयोग और सद्भाव के रास्ते लगातार तलाशते रहना होगा।

**– (लेखक वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार हैं)।**

# पश्चिम एशिया की स्थिति पर चिंतित भारत

**अरूनिम भुयान**



पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष पर मंगलवार को भारत का बयान संयम बरतने की एक रूटीन डिप्लोमैटिक अपील से कहीं ज्यादा है। यह एक सोच-समझकर तैयार किया गया जियोपॉलिटिकल मैसेज है। 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका-इजराइली हमलों के बाद तनाव बढ़ने पर जिसमें तेहरान में अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी, नई दिल्ली ने एक नाजुक संतुलन बनाने की कोशिश की है। अपनी स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप की रक्षा करना, अपने विशाल प्रवासी समुदाय की सुरक्षा करना और गुट की राजनीति में पड़े बिना अपनी एनर्जी सिक्योरिटी को बचाना। सात पैराग्राफ के बयान में विदेश मंत्रालय ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर गहरी चिंता जताते हुए इस क्षेत्र में रहने वाले भारतीय समुदाय की सुरक्षा और एनर्जी फ्लो रूट को सुरक्षित करने की भी मांग की। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है, हमने 28 फरवरी, 2026 को ईरान और खाड़ी क्षेत्र में लड़ाई शुरू होने पर अपनी गहरी चिंता जताई थी। उस समय भी भारत ने सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव बढ़ने से बचने और आम लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की थी। दुर्भाग्य से रमजान के पवित्र महीने में इस क्षेत्र में हालात काफी और लगातार बिगड़ते गए हैं।


हाल के दिनों में हमने न केवल लड़ाई को और तेज होते देखा है, बल्कि इसे दूसरे देशों में भी फैलते देखा है। तबाही और मौतें बढ़ गई हैं, जबकि आम जिंदगी और आर्थिक गतिविधियां रुक गई हैं। इस क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता में अहम हिस्सेदारी रखने वाले एक करीबी पड़ोसी के तौर पर ये घटनाक्रम बहुत चिंता पैदा करते हैं। भारत का बयान डिप्लोमैटिक रूप से सोचा-समझा, स्ट्रेटेजिक रूप से लेयर्ड और जियोपॉलिटिकली अहम है। यह न सिर्फ तुरंत क्राइसिस मैनेजमेंट को दिखाता है, बल्कि तेजी से पोलराइज्ड हो रहे ग्लोबल ऑर्डर में नई दिल्ली की बड़ी पोजिशनिंग को भी दिखाता है। बयान में आगे लिखा, लगभग एक करोड़ भारतीय नागरिक गल्फ रीजन में रहते और काम करते हैं। उनकी सुरक्षा और भलाई सबसे जरूरी है। हम ऐसे किसी भी डेवलपमेंट से बेपरवाह नहीं हो सकते जो उन पर बुरा असर डाले।इ यह वेस्ट एशिया में भारत के डेमोग्राफिक फुटप्रिंट की याद दिलाता है। गल्फ में दुनिया की सबसे बड़ी भारतीय प्रवासी आबादी रहती है और यूनाइटेड अरब अमीरात , सऊदी अरब, कतर, ओमान, कुवैत और बहरीन जैसे देशों से आने वाला रेमिटेंस भारत के फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व का एक अहम हिस्सा है। प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा पर जोर देकर भारत ने जरूरत पड? पर इवैक्युएशन ऑपरेशन के लिए तैयार रहने का संकेत दिया है, मेजबान सरकारों को सुरक्षा के बारे में अपनी उम्मीदों के बारे में संदेश दिया है और दुनिया भर में नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने वाले देश के रूप में अपनी पहचान मजबूत की है। मंत्रालय ने कहा, हमारी ट्रेड और एनर्जी सप्लाई चेन भी इसी इलाके से गुजरती हैं।इ किसी भी बड़ी रुकावट का भारतीय अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ता है। एक ऐसे देश के तौर पर जिसके नागरिक ग्लोबल वर्क$फोर्स में अहम हैं, भारत मर्चेंट शिपिंग पर हमलों का भी कड़ा विरोध करता है। पिछले कुछ दिनों में ऐसे हमलों की वजह से पहले ही कुछ भारतीय नागरिकों की जान चली गई है या वे लापता हैं।इ यह खाड़ी से तेल इंपोर्ट, एलएनजी सप्लाई और होर्मुज स्ट्रेट के जरिए समुद्री रास्तों का सीधा जिक्र है। ईरान पहले ही होर्मुज स्ट्रेट को बंद करने का आदेश दे चुका है। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया भर के तेल और एलएनजी शिपमेंट का लगभग 20 प्रतिशत हैंडल करता है। थोड़ी देर की रुकावट या ज्यादा रिस्क की सोच से भी कीमतें तेजी से बढ़ सकती है। भारत इस रास्ते से हर दिन लगभग 2।6 मिलियन बैरल कच्चा तेल इंपोर्ट करता है, और इस रुकावट का मतलब तुरंत सप्लाई में कमी या ज्यादा लागत हो सकती है। समुद्री ट्रैफिक पर असर डालने वाली कोई भी बढ़ोतरी भारत की इकॉनमी पर काफी असर डाल सकती है। मर्चेंट शिपिंग पर हमलों का विरोध करके, भारत न सिर्फ नेविगेशन की आजादी के अमूर्त सिद्धांतों की रक्षा कर रहा है, बल्कि ठोस राष्ट्रीय हितों की भी रक्षा कर रहा है। यह भारत को समुद्री सुरक्षा के बारे में बड़ी अंतरराष्ट्रीय चिंताओं से भी जोड़ता है। एक ऐसा क्षेत्र जहाँ वह ग्लोबल साउथ में लीडरशिप की भूमिका चाहता है। विदेश मंत्रालय ने कहा, इस बैकग्राउंड में भारत बातचीत और डिप्लोमेसी की अपनी बात जोर देकर दोहराता है। हम लड़ाई को जल्द खत्म करने के पक्ष में साफ तौर पर अपनी आवाज उठाते हैं। पहले ही, दुख की बात है कि कई जानें जा चुकी हैं और हम इस बारे में अपना दुख जाहिर करते हैं। यह भारत के लंबे समय से चले आ रहे स्ट्रेटेजिक ऑटोनॉमी डॉक्ट्रिन के मुताबिक है। अमेरिका इंडो-पैसिफिक में भारत का मुख्य स्ट्रेटेजिक पार्टनर है। इजराइल एक बड़ा डिफेंस सप्लायर और इंटेलिजेंस पार्टनर है। ईरान चाबहार पोर्ट, एनर्जी सिक्योरिटी और सेंट्रल एशिया तक पहुंच सहित कनेक्टिविटी के लिए जरूरी बना हुआ है।

**– लेखक के निजी विचार हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**9 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.36 बजे से |
| चंद्र | तुला में | मेष | 08.06 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 09.46 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 11.44 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 13.58 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.14 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.26 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 20.37 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 22.51 ब.से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | धनु | 01.07 बजे से |
| | | मकर | 03.13 बजे से |
| | | कुंभ | 04.59 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 68 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** षष्ठी 23.28 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** विशाखा 16.12 बजे को समाप्त।
**योग** व्याघात 07.36 बजे को समाप्त।
**करण** गर 10.17 बजे तदनन्तर वणिज 23.28 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 19.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 04° 35'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872643
**जूलियन दिन** 2461108.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान **तारीख** 19
**विशेष** एकनाथ छठ।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8794

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | | ■ | | ■ | 7 | 8 |
| | ■ | 9 | | 10 | | ■ | ■ | |
| 11 | | | ■ | | ■ | 12 | | |
| ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| 15 | | | ■ | 16 | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | ■ | 19 | | 20 | | ■ | |
| 21 | 22 | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा-3
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बटन, स्विच-2

**शब्द पहेली -8793 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | र | ह | म | त | ■ | म | ■ | ■ |
| ■ | ह | ■ | द | ■ | प | न | घ | ट |
| स | ब | ल | ■ | वी | रा | न | ■ | क |
| ■ | र | की | ब | ■ | या | ■ | ना | रा |
| स | ■ | र | ज | त | प | ट | ■ | व |
| र | वि | ■ | ब | ■ | न | ह | र | ■ |
| ह | ■ | म | जा | क | ■ | नी | वा | ला |
| द | फ | ना | ना | ■ | सा | ■ | य | ■ |
| ■ | ■ | ही | ■ | ग | फ | ल | त | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7728** ★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7727 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

पति संग पैपराजी को पोज

# दे रही थी अविका, अचानक हुई तबीयत में गड़बड़

## फैंस लगाने लगे खुशखबरी के कयास



टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस अविका गोर हाल ही में अपने पति मिलिंद चंदवानी के साथ स्पॉट हुईं। इस दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक्ट्रेस अचानक असहज महसूस करती नजर आईं। वीडियो सामने आने के बाद फैंस के बीच तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कई तो उनकी प्रेग्नेंसी के कयास लगाने लगे।

### अचानक बिगड़ी तबीयत


वायरल वीडियो में अविका ग्रीन कलर की ड्रेस में बेहद खूबसूरत नजर आईं। वह पैपराजी के सामने पति मिलिंद के साथ पोज दे रही थीं कि इस बीच वह अचानक असहज महसूस करने लगीं और मिलिंद की ओर देखने लगीं। कुछ ही क्षण बाद वह एक तरफ मुड़ीं और उन्हें उल्टी होने लगी। यह देख उनके पति तुरंत उन्हें संभालते नजर आए। इस पूरे पल को वहां मौजूद पैपराजी के कैमरों ने रिकॉर्ड कर लिया, जो अब इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### सोशल मीडिया पर शुरू हुई अटकलें

वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ लोग इसे खुशखबरी से जोड़कर देख रहे हैं और कपल को बधाई दे रहे हैं, जबकि कुछ यूजर्स ने इसे ओवररिएक्शन या ड्रामा तक बता रहे हैं।

# शाहरुख की KING में स्टार्स की फौज

## मूवी में दिखेंगे बॉलीवुड के 70% स्टार्स-चौंका देगा विलेन का नाम



**शाहरुख खान फिल्म पठान और जवान से धमाल मचाने के लिए धमाकेदार मूवी किंग से वापसी कर रहे हैं। किंग से जुड़ी अपडेट्स सामने आती रहती हैं। वहीं, जो ताजा जानकारी सामने आई है, वो बहुत ही जबरदस्त है। मूवी की शूटिंग जारी है और इसके विलेन का भी खुलास हो गया है। शाहरुख खान एक बार फिर अपनी फिल्म किंग से बॉक्स ऑफिस हिलाने के लिए तैयार हैं। फिल्म से जुड़ी कुछ ताजा जानकारी सामने आई है, जिसे सुनने के बाद फैन्स मूवी को लेकर और ज्यादा उत्साहित नजर आ रहे हैं।**

आपको बता दें कि हाल ही में शाहरुख खान की फिल्म किंग में नजर आने वाले सौरभ शुक्ला ने हिंदी रश को दिए इंटरव्यू में कुछ शानदार खुलासे किए। उन्होंने कुछ ऐसी बातें शेयर की, जो चौंकाने वाली तो है, लेकिन उत्साहित करने वाली भी हैं। शाहरुख खान की फिल्म किंग में दीपिका पादुकोण, सुहाना खान, अभय वर्मा, जैकी श्रॉफ, अरशद वारसी, अभिषेक बच्चन, अनिल कपूर, राघव जुयाल, जयदीप अहलावत, रानी मुखर्जी सहित अन्य स्टार्स नजर आएंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो शाहरुख खान की फिल्म किंग में अभिषेक बच्चन खूंखार विलेन का रोल प्ले करते नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि मूवी के क्लाइमैक्स में दोनों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिलेगी। खबर तो ये भी है कि स्रूध इसमें डबल रोल प्ले कर सकते हैं। शाहरुख खान की फिल्म किंग के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद है। बताया जा रहा है कि मूवी इसी साल क्रिसमस के मौके पर 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में धमाका करने रिलीज होगी। बता दें कि ये हाई-वोल्टेज एक्शन-थ्रिलर फिल्म है, जिसका बजट 200-250 करोड़ के करीब है। शाहरुख खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो वे आखिरी बार 2023 में आई 3 फिल्में पठान, जवान और डंकी में नजर आए थे। इन तीनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर जलवा दिखाया था। पठान और जवान ने तो 1000 करोड़ से ज्यादा कमाए थे। उनकी अपकमिंग फिल्में किंग के अलावा टाइगर वर्सेस पठान, जवान 2 हैं।

# राज ने बालाजी टेली फिल्म्स संग खत्म किया कॉन्ट्रैक्ट

## आरोपों को बताया बेबुनियाद



**निर्देशक** राज शांडिल्य ने एकता कपूर की बालाजी मोशन पिक्चर्स (बालाजी टेलीफिल्म्स) के साथ अपना कॉन्ट्रैक्ट खत्म कर दिया। राज ने ऑफिशियल बयान में अपने ऊपर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताया। राज शांडिल्य ने जारी ऑफिशियल बयान में स्पष्ट करते हुए बताया कि कॉन्ट्रैक्ट के अधिकारों के अनुसार टर्मिनेशन नोटिस जारी किया गया था, जिसे दो हफ्ते से ज्यादा समय बीत चुका है। राज शांडिल्य ने कहा, 'मैंने अपने कॉन्ट्रैक्ट के अधिकारों के अनुसार बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ अपना कॉन्ट्रैक्ट खत्म करने का नोटिस जारी किया था। टर्मिनेशन नोटिस जारी हुए अब दो हफ्ते से ज्यादा हो गए हैं। अगर बालाजी को लगता था कि उनके पास टर्मिनेशन को चुनौती देने का कोई ठोस कानूनी आधार है, तो वे सिविल कोर्ट जा सकते थे, लेकिन ऐसी कोई कार्रवाई शुरू नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बजाय अब बेबुनियाद क्रिमिनल आरोप लगाने की कोशिश की जा रही है। राज का कहना है कि ये आरोप पूरी तरह निराधार हैं और टर्मिनेशन को चुनौती देने के बजाय डराने-धमकाने की कोशिश लगती हैं। उन्होंने अपनी लीगल पोजीशन पर भरोसा जताया और कहा कि वे ऐसे किसी भी इल्जाम को सही कानूनी प्रक्रिया के जरिए देखेंगे।

# हॉलीवुड में काम करना चाहती हैं ऋचा चड्ढा



● पति के काम से खुश होकर कहा- 'मैं अली के नक्शेकदम पर चलना चाहूंगी'


**एक्ट्रेस** ऋचा चड्ढा ने हाल ही में अपने ड्रीम वर्क को लेकर खुलकर बातचीत की और खुलासा किया कि वे अपनी कला को बस बॉलीवुड तक सीमित नहीं रखना चाहती। एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने साल 2008 में बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत की थी और करीब दो दशकों में उन्होंने अपने अलग और दमदार किरदारों से इंडस्ट्री में खास पहचान बनाई है। अब 39 साल की ऋचा अपने करियर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की तैयारी कर रही हैं और हॉलीवुड में भी मजबूत पहचान बनाना चाहती हैं।

### पति के नक्शे-कदम पर चलना चाहती हैं ऋचा

ऋचा कहती हैं कि वे अपने पति और एक्टर अली फजल के नक्शे-कदम पर चलना चाहती हैं, जिन्होंने हॉलीवुड और इंटरनेशनल प्रोजेक्ट्स में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई है। अली फजल 'फ्यूरियस' 7 (2015), विक्टोरिया एंड अब्दुल (2017), डेथ ऑन द नील (2022) और कंधार (2023) जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं। ऋचा ने कहा, 'मैं भी अली के रास्ते पर चलना चाहती हूं और वेस्ट में कुछ अच्छा काम करना चाहती हूं। भला कौन ऐसा नहीं चाहता? अली ने जिस तरह भारत और विदेश दोनों जगहों पर काम को संभाला है, वह वाकई कमाल का है। उन्हें दोनों दुनिया को इतनी खूबसूरती से बैलेंस करते देखना अपने आप में प्रेरणादायक है। अगर मुझे अच्छी स्क्रिप्ट और दमदार किरदार मिलता है तो मैं हॉलीवुड में काम करना जरूर पसंद करूंगी।'

# दो जी सिने अवॉर्ड मिलने पर बोलीं अनीत पड्डा मैंने मेहनत से अपने पापा का सपना पूरा किया

**फिल्मी** दुनिया में अक्सर हम कलाकारों की शानदार लाइफस्टाइल से आकर्षित होते रहते हैं। लेकिन इस शोहरत के पीछे उनकी मेहनत और संघर्ष होता है। इस कड़ी में अभिनेत्री अनीत पड्डा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता को दिया। दरअसल, उन्होंने जी सिने अवॉर्ड्स 2026 में दो बड़े अवॉर्ड्स जीते, जिसे उन्होंने अपने पिता को समर्पित किया। अनीत पड्डा ने जी सिने अवॉर्ड्स 2026 में बेस्ट डेब्यू फीमेल का अवॉर्ड जीता। इसके साथ ही उन्हें व्यूअर्स चॉइस बेस्ट एक्ट्रेस का सम्मान भी मिला। स्टेज पर अवॉर्ड लेने पहुंची अनीत ने अपनी स्पीच में सबसे पहले अपने पिता का जिक्र किया और कहा, ''मैं इस जीत का श्रेय अपने पापा को देती हूं। यह पल मेरे जिंदगी के सबसे इमोशनल पलों में से एक है। मैंने मेहनत से अपने पापा का सपना पूरा किया है। मेरे पापा भी एक्टर बनना चाहते थे, लेकिन किसी वजह से उनका यह सपना पूरा नहीं हो सका, लेकिन अब उनकी बेटी ने उनका यह सपना पूरा किया है।






# ऑस्कर सेरेमनी में प्रियंका चोपड़ा करेंगी बड़ा काम, फैंस के लिए होगा गर्व का पल

प्रियंका चोपड़ा अपनी नई फिल्म 'द ब्लफ' को लेकर सुर्खियों में हैं। ऐसे में उन्होंने ग्लोबल लेवल पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा दिन पर दिन कुछ नया करने के लिए सुर्खियों रहती हैं। अब वह दुनिया के सबसे बड़े अवॉर्ड सेरेमनी, ऑस्कर के प्रेजेंटर्स की लिस्ट में शामिल हो गई हैं! गुरुवार को एकेडमी ने उन स्टार्स के नामों की घोषणा की जो 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स सेरेमनी में प्रेजेंट करेंगे। इसमें प्रियंका चोपड़ा का भी नाम है।

### इंस्टाग्राम पर दी जानकारी

प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह अनाउंसमेंट शेयर किया। इसमें दूसरे नंबर पर प्रियंका चोपड़ा का नाम है। अभिनेत्री ने इसके कैप्शन में लिखा है '2026 एकेडमी अवॉर्ड्स।' उनकी पोस्ट को कई लोग लाइक कर रहे हैं। इस पर जाकिर खान, नम्रता शिरोडकर और करण सिंह जैसे कलाकारों ने उन्हें शुभकामनाएं दी.




आयशा खान बोलीं-

# हर दिन मिलती हैं रेप की धमकियां

एक्ट्रेस आयशा खान ने हाल ही में बताया कि सोशल मीडिया पर अक्सर उन्हें बॉडी को लेकर सेक्शुअल कमेंट्स मिलते हैं और लगभग हर दिन उन्हें रेप की धमकियां भी दी जाती हैं। मोजो स्टोरी की समिट में आयशा ने कहा कि हाल ही में उन्होंने फिल्म धुरंधर के गाने शरारत की शूटिंग से जुड़ा एक अनुभव शेयर किया था। उन्होंने बताया था कि उस गाने की शूटिंग उन्होंने पीरियड्स के दौरान की थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर उन्हें काफी ट्रोल किया गया। आयशा ने कहा कि उन्हें लगा कि उनके पीरियड्स पर होना अचानक एक नेशनल जोक बन गया है। एक्ट्रेस ने कहा कि सोशल मीडिया पर लोग उनके कपड़ों को लेकर भी कमेंट करते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इंस्टाग्राम पर लगभग हर दिन अपनी बॉडी को लेकर सेक्शुअल कमेंट्स का सामना करती हूं। अगर मैं नॉर्मल टॉप पहनती हूं तो लोगों को समस्या होती है। अगर मैं स्कर्ट पहनती हूं तो भी लोगों को दिक्कत होती है। मुझे कुछ पोस्ट करने से पहले भी सोचना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कई बार इस तरह की बातें उन्हें इमोशनली परेशान करती हैं। उनके मुताबिक अगर किसी को कपड़े पहनने या फोटो पोस्ट करने से पहले सोचना पड़े, सिर्फ इसलिए कि लोग उसे सेक्शुअल तरीके से देखेंगे, तो यह एक दुखद स्थिति है।

### बातों को नजरअंदाज कर देती हूं

आयशा ने कहा कि कुछ दिनों में वह इन बातों को नजरअंदाज कर देती हैं, लेकिन कई बार ऐसे कमेंट्स ज्यादा परेशान करते हैं, खासकर जब लोग हिंसा की बात करते हैं। उन्होंने कहा, 'जब लोग लिखते हैं कि अगर उनके पास ताकत होती तो वह कुछ भी कर सकते थे, तो यह डराने वाला होता है। क्योंकि यह असली लोग हैं जो हमारे आसपास ही रहते हैं। समिट के दौरान आयशा से पूछा गया कि क्या उन्हें ऑनलाइन रेप की धमकियां मिलती हैं? इस पर उन्होंने कहा, 'हां, लगभग हर दिन। मैं अभी अपना फोन खोलकर दिखा सकती हूं। यह अब बहुत नॉर्मल हो गया है।

# तलाक की खबरों के बीच फिर तृषा के साथ नजर आए विजय, इस कार्यक्रम में एक्ट्रेस के साथ की शिरकत



साउथ फिल्मों के चर्चित एक्टर विजय थलापति इन दिनों अपने तलाक को लेकर चर्चा में हैं। इन्हीं खबरों के बीच एक कार्यक्रम में वह रूमर्ड गर्लफ्रेंड तृष्णा संग नजर आए। पिछले दिनों दक्षिण भारतीय अभिनेता विजय थलापति की पत्नी ने तलाक की अर्जी फैमिली कोर्ट में दायर की। तलाक की खबरों के बीच विजय गुरुवार को अपनी रूमर्ड गर्लफ्रेंड तृष्णा कृष्णनन के साथ एक कार्यक्रम में नजर आए। जानिए, दोनों साथ में कहां पहुंचे? क्या इस तरह उन्होंने अपने नए रिश्ते को दुनिया के सामने कबूल कर लिया है।

### साथ में कहां पहुंचे विजय और तृष्णा?

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल है, जिसमें विजय और तृष्णा भारतीय परिधान में एक कार्यक्रम में शामिल हुए। दोनों किसी कपल की तरह इस इवेंट में शामिल हुए। विजय और तृष्णा, कल्पना सुरेश और मीनाक्षी सुरेश के बेटे के रिसेप्शन में शामिल हुए। पब्लिक में इस तरह साथ नजर आकर दोनों ने अपने रिश्ते को कबूल कर लिया है।

### विजय की पत्नी संगीता ने दायर की तलाक की अर्जी

पिछले दिनों अभिनेता और टीवीके (तमिलगा वेत्रि कझगम) प्रमुख विजय थलापति की पत्नी संगीता ने चेंगलपट्टू फैमिली कोर्ट में तलाक की याचिका दायर की थी। संगीता और विजय की शादी अगस्त 1999 में हुई थी। इस कपल के दो बच्चे हैं, जेसन संजय और दिव्या शाशा। अब यह कपल अलग हो रहा है, इसकी वजह भी संगीता ने साझा की है। तलाक की याचिका के मुताबिक संगीता ने विजय पर बेवफाई का आरोप लगाया है। उनका दावा है कि विजय का एक अभिनेत्री के साथ 'अवैध संबंध' था। पत्नी से तलाक की खबर के बीच ही विजय और तृष्णा साथ नजर आए। इस तरह कहीं ना कहीं विजय ने अपने और तृष्णा के रिश्ते पर मुहर लगा दी है।

# विधायक ने लाजपत पार्क का किया निरीक्षण, कहा- जल्द सुधरेगी व्यवस्था

एजेंसी

**भागलपुर।** शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में शामिल लाजपत पार्क की बदहाल स्थिति को लेकर रविवार को नगर विधायक रोहित पांडे ने पार्क का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्क की व्यवस्था, साफ-सफाई, सुरक्षा और लगाए गए उपकरणों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद विधायक रोहित पांडे ने कहा कि शहर की सुंदरता और पहचान में लाजपत पार्क मैदान की अहम भूमिका है। इसलिए इसे सुसज्जित और व्यवस्थित रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन हजारों की संख्या में शहर वासी सुबह-शाम यहां टहलने और शुद्ध हवा लेने के लिए आते हैं, ऐसे में पार्क की बेहतर देखभाल और रखरखाव सुनिश्चित किया



जाना चाहिए। विधायक ने पार्क में लगे झूले, जिम उपकरण और अन्य सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जो भी इक्विपमेंट पार्क में लगाए गए हैं, उनकी सुरक्षा और नियमित मेंटेनेंस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। संबंधित विभाग को इस संबंध में संज्ञान लेने और आवश्यक कदम उठाने को कहा जाएगा।

रोहित पांडे ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही लाजपत पार्क को व्यवस्थित और आकर्षक बनाया जाएगा ताकि यहां आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि पार्क की सुरक्षा, साफ-सफाई और सुविधाओं को लेकर विभागीय स्तर पर विचार-विमर्श कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान शहर के कई गणमान्य लोग, शिक्षाविद, समाजसेवी, चिकित्सक और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। इस मौके पर कुछ लोगों ने विधायक रोहित पांडे का अंगवस्त्र देकर स्वागत किया और उम्मीद जताई कि उनके प्रयासों से लाजपत पार्क की स्थिति में जल्द सुधार होगा।

# 1.85 करोड़ की लागत से बनने वाले पुल का सांसद ने किया शिलान्यास

एजेंसी

**अररिया।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनान्तर्गत पलासी से सोहंदर जाने वाली सड़क में 1.85 करोड़ रुपए की लगत से बनने वाले पुल का शिलान्यास सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने रविवार को एक समारोह में किया। मौके पर जोकीहाट के विधायक मुर्शीद आलम,जिला परिषद अध्यक्ष आफताब अजीम उर्फ पप्पू अजीम,भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा समेत बड़ी संख्या में एनडीए के कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे। मौके पर सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीण कार्य विभाग अररिया प्रमंडल की ओर से एक करोड़ 84 लाख 95 हजार रुपए



की लागत से 17.50 मीटर लंबा पुल बनना है।सड़क निर्माण के साथ ही पुल निर्माण कार्य पूर्ण होने पर दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सहायता मिलेगी।

सांसद ने कहा कि जिले में लगातार विकास के कार्य हो रहे हैं। नेशनल हाईवे के साथ ही स्टेट हाइवे और ग्रामीण इलाकों में आवागमन व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सड़क के साथ पुल पुलिया का निर्माण कार्य हो रहा है। जिला में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं और जिले के लोगों की जीवनशैली में सुधार हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला दिवस पर बाल विवाह मुक्त को लेकर एसएसबी का कार्यक्रम

**अररिया।** अररिया जिला को बाल विवाह मुक्त करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सौ दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर फारबिसगंज प्रखंड के आदर्श गांव बघुआ में एसएसबी 56 वीं बटालियन और जागरण कल्याण भारती की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसएसबी 56 वीं बटालियन के कमांडेंट आईपीएस शाश्वत कुमार, नरपतगंज विधायक देवयंती यादव सहित एसएसबी के अधिकारियों, ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।कार्यक्रम का संचालन जागरण कल्याण भारती के संजय कुमार ने की। अभियान और कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ रही बाल विवाह की कुप्रथा पर पूर्ण रूप से विराम लगाने के साथ बेटियों को सशक्त,शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करना था।मौके पर सरहद को सुरक्षा में लगे एसएसबी के जवानों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने बाल विवाह मुक्त समाज निर्माण को लेकर संकल्प लिया।मौके पर महिला प्रतिनिधियों और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### बैडमिंटन खिलाड़ी सूरज कुमार को विधायक ने किया सम्मानित

**भागलपुर।** चैपियन भारतीय सीनियर बाल बैडमिंटन टीम के खिलाड़ी बिहपुर प्रखंड के बिक्रमपुर वार्ड नंबर चार निवासी पंकज पासवान-गुड़िया देवी के पुत्र सूरज कुमार का सम्मान लगातार जारी है। इंडोनेशिया के बाली में बीते माह 14 से 19 फरवरी तक भारत-इंडोनेशिया अंतरराष्ट्रीय बाल बैडमिंटन सीनियर और अंडर-21 आयु वर्ग की श्रृंखला आयाजित हुई थी, जिसमें भारतीय ने दोनों श्रृंखला अपने नाम किया था। रविवार को बिहपुर एनडीए कार्यालय में क्षेत्रीय विधायक ई.शैलेंद्र ने सूरज को बुके और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। विधायक ने अपने क्षेत्र के खिलाड़ियों को बिहपुर और बिहार ही नहीं बल्कि देश का गौरव कहा। ई.शैलेंद्र ने बिहपुर विस भूमि को शिक्षा के साथ साथ खेल के लिए काफी उर्वरा बताया।

# सीएम नीतीश कुमार के बेटे निशांत की राजनीति में एंट्री

## जदयू की सदस्यता ग्रहण की, बोले - पापा के काम को आगे ले जाउंगा

**सियासी गलियारों में अब निशांत कुमार के उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद देने की चर्चा हो गई है तेज**

एजेंसी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की राजनीतिक विरासत को अब उनके पुत्र निशांत कुमार आगे बढ़ायेंगे। निशांत कुमार ने रविवार को जदयू की सदस्यता ली। जदयू के प्रदेश कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारीअध्यक्ष संजय झा ने उन्हे पार्टी की सदस्यता दिलाई। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने निशांत कुमार को पार्टी का अंग वस्त्र पहनाया। जदयू की सदस्यता ग्रहण कनने के बाद निशांत ने ललन सिंह और संजय झा के पैर छुए। इस दौरान मंच पर विजय चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा सहित अन्य नेता मौजूद रहे। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कार्यक्रम में मौजूद नहीं थे। निशांत कुमार ने मौके पर



समर्थकों की भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि आज वे आधिकारिक तौर पर पार्टी में शामिल हो चुके हैं।

उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे नेताओं और कार्यकताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह पार्टी को मजबूत करने और आगे बढ़ाने की भरपूर कोशिश करेंगे। निशांत कुमार ने कहा कि पापा (नीतीश कुमार) ने बीस साल में जो काम किया है उसे वह आगे बढ़ाने का काम करेंगे। जनता के दिल में जगह बनाएंगे और जदयू के कार्यकर्ता के तौर पर पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि पापा पर विश्वास रखिए। मैं लोगों के हृदय में बसने की कोशिश करूंगा। पार्टी कार्यालय जाने से पहले निशांत ने हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद वे आधिकारिक रूप से जदयू का हिस्सा बने। पार्टी कार्यालय पहुंचने पर कार्यकताओं ने उनकी गाड़ी पर फूल बरसा कर उनका स्वागत किया। ढोल-नगाड़े भी बजे। हाथी-घोड़े और ऊंट भी लाए गए थे।

उधर, निशांत कुमार के जदयू में शामिल होते ही पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं के बीच खुशी देखने के लिए मिली। इस दौरान बिहार के अलग अलग जिलों से आये हजारों समर्थकों की भारी भीड़ निशांत को पार्टी में शामिल किये जाने की खुशी में पटना की सड़कों पर उमड़ी। जदयू कार्यालय कार्यकताओं की भीड़ से खचाखच भरा रहा और कार्यकताओं ने जिंदाबाद के नारे भी लगाए। कार्यालय के बाहर निशांत कुमार के पोस्टर लगाए गए हैं और कार्यकर्ता गुलाब के गुलदस्ते लेकर उनके स्वागत की तैयारी में जुटे थे। जश्न के माहौल को देखते हुए हाथी, घोड़े और ऊंट भी लाए गए थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाजसेवी स्वर्गीय फूलो देवी की 96वीं जयंती मनाई गई



**बेगूसराय।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और समाजसेवी फूलों देवी की 96 वीं जयंती पर शहीद सुखदेव सिंह समन्वय समिति की ओर से 3 महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए महिलाओं के नाम कुछ इस प्रकार हैं तबस्सुम खान सन्मार्ग के प्रिंट मीडिया, रिमझिम कुमारी एच०बी०एस न्यूज, शिक्षिका अर्चना कुमारी और जेपी सेनानी खगड़िया जिला के सचिव। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आलोक कुमार अग्रवाल पूर्व मेयर ,दधिचि देहदान समिति के जिला अध्यक्ष सुशील कुमार राय, महिला सेल सचिव सुनीता देवी और शिक्षिका अर्चना कुमारी थी। जिसकी अध्यक्षता शिक्षक नेता अमरेंद्र कुमार सिंह ने की। संचालन महिला सेल सचिव सुनीता देवी ने की।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आलोक कुमार अग्रवाल पूर्व मेयर ने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है और हम सब महिलाओं का सम्मान करें जिससे महिलाओं के सम्मान से देश तरक्की करेगी। और आज ही के दिन स्वतंत्रता सेनानी समाजसेवी स्वर्गीय फूलों देवी की 96 वीं जयंती पर नमन करते हुए उनके पुत्र शिक्षक नेता अमरेंद्र कुमार सिंह और उनकी बहू महिला सेल सचिव सुनीता देवी को धन्यवाद देते हुए अपना विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर अध्यक्ष संबोधन में शिक्षक नेता एवं अध्यक्ष जेपी सेनानी संपूर्ण क्रांति मोर्चा अमरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष महिलाओं को सम्मानित किया गया क्योंकि आज ही के दिन सौभाग्य मेरा है कि मेरी मां का भी जन्म आज ही दिन हुआ था। इस अवसर पर पवन कुमार शर्मा रोटी बैंक सहयोग समिति ने भी अपनी उपस्थिति दिखाकर आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर दधिचि देहदान समिति के जिला अध्यक्ष सुशील कुमार राय ने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 3 महिलाओं को सम्मानित किया गया ।इसके लिए अमरेंद्र कुमार सिंह और सुनीता देवी को धन्यवाद करता हूं। इस अवसर पर आलोक कुमार इंजीनियर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में हर वर्ष कार्यक्रम करने और महिलाओं को सम्मानित करने के लिए और समाज में जागरूकता लाने के लिए इनको बहुत बहुत धन्यवाद करता हूं। इस अवसर पर राजेंद्र कुमार महतो अधिवक्ता जेपी सेनानी, इंजीनियर आलोक कुमार, अशोक कुमार, छात्र आंचल कुमारी छात्रा, अन्यया कुमारी, नाथो साह, केदार नाथ चौधरी, इंजीनियर खुशी सिंह, आसमा कुमारी आदि ने अपना विचार व्यक्त किया।

# कामरेड जवाहर पासवान की श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**बेगुसराय।** नारायणपुर अकबरपुर के भाकपा नेता कामरेड जवाहर पासवान के श्राद्ध कर्म पर शनिवार देर शाम श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा प्रोफेसर रामकुमार सिंह की अध्यक्षता में की गई। अपने संबोधन में भाकपा नेता कां अनिल कुमार अंजान ने कहा कि कामरेड जवाहर पासवान पार्टी का एक निष्ठावान व समर्पित कार्यकर्ता थे। उनके असामयिक निधन से पार्टी को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। वो जानते थे की नीति या तो अमीर के पक्ष में होगा या गरीब के पक्ष में जाति या संप्रदाय के आधार पर नीति नहीं बनाया जा सकता है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी या भ्रष्टाचार रूपी व्याधि से हर तबका के गरीब लोग परेशान होते हैं और धन्ना सेठ की संपत्ति में उतने ही तेजी से इजाफा होते जाता है ।इसलिए वोट का आधार भी जाति या संप्रदाय नहीं होना चाहिए। गरीब लोगों के पक्ष में लड़ने वाला एकमात्र लाल झंडे की पार्टी है। इसलिए उन्होंने जीवन पर्यंत पार्टी में पूरे मुस्तैदी के साथ डटे रहे। इस अवसर पर अंचल मंत्री कामरेड अशोक सिंह के द्वारा पांच नव जवानों को नया सदस्य बनाया गया। मकसूदन पासवान, फंटूश पासवान, रविंद्र पासवान, धीरज कुमार एवं सुबोध पासवान को पार्टी सदस्यता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के शुरूआत में ही उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई एवं उनके बताएं रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में पूर्व उप प्रमुख कां राजीव पासवान, रामबालक पासवान, कां सुमन कुमार, राहुल कुमार, घूरन राम, इंद्रदेव सिंह ने भी भाग लिया। अध्यक्षीय भाषण एवं गगन भेदी नारों के साथ कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

एजेंसी

**भागलपुर।** भागलपुर के टॉउन हॉल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, सिटी एसपी शैलेंद्र सिंह और महापौर डॉ. वसुंधरा लाल सहित कई पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिसने कार्यक्रम में मौजूद लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की उपलब्धियों और समाज में उनकी बढ़ती भागीदारी पर भी चर्चा की गई। डीएसपी प्रेरणा सिंह ने कही कि आज के समय में महिलाओं की भूमिका हर क्षेत्र में मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि देश के साथ-साथ बिहार की महिलाएं भी तेजी से आत्मनिर्भर बन रही हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग में भी बिहार की बड़ी संख्या में महिलाएं अपनी सेवाएं दे रही हैं और जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रही हैं। कार्यक्रम में कई अधिकारी, महिलाएं और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# स्व. बोढ़न प्रसाद की स्मृति में राज्यस्तरीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित

एजेंसी

**मंझौल/बेगूसराय।** बेगूसराय मंझौल के ऐतिहासिक शताब्दी मैदान में शिक्षाविद् स्वर्गीय बोढ़न प्रसाद सिंह स्मृति में आयोजित राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन केंद्रीय मंत्री एवं बेगूसराय के सांसद गिरिराज सिंह कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेलों के विकास को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मंझौल का शताब्दी मैदान वर्षों से खेल प्रतिभाओं को निखारने का केंद्र रहा है। यहां से कई राष्ट्रीय



स्तर के खिलाड़ी निकल चुके हैं और यह मैदान क्षेत्र में खेल संस्कृति को जीवित रखने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीति है कि खिलाड़ी पदक लाओ और नौकरी पाओ, ताकि युवाओं को खेल के प्रति अधिक प्रोत्साहन मिल सके।उन्होंने कहा कि बेगूसराय में जल्द ही इनडोर खेल परिसर का उद्घाटन किया जाएगा, जिससे खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण की सुविधा मिलेगी। साथ ही जिले में वॉलीबॉल, फुटबॉल, कबड्डी और क्रिकेट जैसे खेलों को बढ़ावा देने की बात कही, जिसमें विशेष रूप से वॉलीबॉल को प्रमुखता दी जाएगी। इस दौरान उन्होंने बताया कि इस संबंध में कल्याण चौबे से भी बातचीत हुई है, जो अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष तथा भारतीय ओलंपिक संघ के महामंत्री हैं।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाली बेटियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर भाजपा ने किया सम्मानित

एजेंसी

**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय स्थित अटल सभागार में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया तथा उपस्थित मातृशक्ति को संबोधित किया। इस अवसर पर अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बेटियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज का दिन नारी के अंदर विश्वास, खुशी और अपने सपनों को साकार करने का उत्सव मनाने का दिन है। बिहार भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज नारीशक्ति हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। उन्होंने कहा कि अपने सपनों, साहस और आत्मविश्वास से मातृशक्ति हर दिन नई



संभावनाओं की दिशा तय करती है और लगातार आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि एनडीए सरकार ने महिलाओं के शैक्षणिक, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। पंचायत और नगर निकाय चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण, सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण एनडीए सरकार की देन है। उन्होंने जोर देकर कहा कि महिलाओं को मिले अधिकार के बल पर बिहार आज बदल रहा है। सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है। कार्यक्रम के दौरान महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष और सांसद डॉ. धर्मशिला गुप्ता ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में अंशु और अंकिता, शालिनी सुमन, पूनम शर्मा, पिंकी यादव, अंजू मिश्रा, प्रीति सहित अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाली बिहार की कई बेटियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री रमा निषाद, श्रेयसी सिंह, पूर्व उपमुख्यमंत्री सह विधायक रेणु देवी, शोभा सिंह, सीता साहू, अनामिका भूषण, अनामिका पासवान, सजल झा,मीना झा, दिव्या झा, सरला रजक, सरोज जायसवाल, सीमा पांडेय, शशि वल्दियार सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई महिला जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं, खिलाड़ियों, उद्यमियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की उपस्थिति रही।

# बिना महिला सशक्तिकरण के समाज का विकास संभव नहीं : मदन सहनी

एजेंसी

**पटना।** बिहार के समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने कहा कि किसी भी समाज का विकास तब तक संभव नहीं है, जबतक उस समाज की महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से न जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बिहार में महिलाओं को सम्मान के साथ आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कानून बनाए हैं। साथ ही, कई योजनाएं शुरू की हैं। इसका परिणाम है कि आज हर क्षेत्र में बिहार की महिलाएं सफलता की नई दास्तां लिख रही हैं। मदन सहनी रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस-2026 के अवसर पर राजधानी के ज्ञान भवन में



समाज कल्याण विभाग के महिला एवं बाल विकास निगम के स्तर से आयोजित सशक्त महिला- समृद्ध बिहार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री के साथ पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की मंत्री रमा निषाद के अलावा समाज कल्याण विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी और महिला एवं बाल विकास निगम के निदेशक योगेश कुमार सागर समेत विभाग के कई अधिकारी और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही है महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी। मौके पर रमा निषाद ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अथक प्रयास से बिहार में अब हर तरफ महिला सशक्तिकरण का जोर दिखता है। चाहे वह पुलिस महकमा हो या शिक्षा विभाग। समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य कल्याणकारी योजनाओं को समाज में सबसे वंचित महिला तक पहुंचाना है। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विभाग के स्तर से चलाई जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला और कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्राथमिकता है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर डीएम ने महिलाओं को किया सम्मानित

एजेंसी

**नवादा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं विकास निगम, कला एवं संस्कृति विभाग, जीविका एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को डीआरडीए सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का मुख्य विषय गिव टू गेन रखा गया है, जिसके माध्यम से समाज में



महिलाओं के सशक्तिकरण, सम्मान तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया।

जनसंपर्क कार्यालय में पदस्थापित महिला कर्मी रजनी कुमारी को भी उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए डीएम ने सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की सहभागिता के बिना देश की सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति संभव नहीं है। महिलाएँ परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# इजरायल ने लेबनान में खोदा कब्रिस्तान, 40 साल पहले खोए पायलट की तलाश

एजेंसी

**बेरूत।** ईरान में जारी युद्ध के बीच इजरायल ने पूर्वी लेबनान के अंदर एक ऑपरेशन को अंजाम दिया है, जिसकी चर्चा पूरे क्षेत्र में हैं। ईरान के साथ-साथ लगातार लेबनान पर बम बरसा रहीं इजरायली सेना ने शुक्रवार की रात अपनी एक स्पेशल यूनिट के साथ एक स्थानीय कब्रिस्तान के ऊपर धावा बोल दिया। यूनिट का टारगेट था, 40 साल पहले लापता हुए इजरायली फाइटर पायलट रॉन अराद के अवशेषों को खोजना। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार की रात इजरायली सेना ने हिज्बुल्लाह लड़ाकों द्वारा किए गए कुछ प्रतिरोध के बावजूद इस मिशन को अंजाम दिया। अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की कि उनका यह अभियान अराद के अवशेषों को ढूंढ? के लिए था। हालांकि, उन्हें अराद के अवशेष नहीं मिले। सेना ने संकेत दिए कि वह अराद के अवशेषों की खोज लगातार करती रहेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायली सेना का यह ऑपरेशन लेबनान की बेका घाटी के नबीशीत गांव में हुआ। स्थानीय लोगों के मुताबिक इजरायली कमांडो चार हेलीकॉप्टरों में सवार होकर कब्रिस्तान के बाहर उतरे और उन्होंने अंदर जाकर एक कब्र को खोदना शुरू कर दिया। कुछ देर तक लगातार वहां पर काम करने के बाद इजरायली सैनिक वहां से वापस लौट गए। एक स्थानीय रिपोर्टर के मुताबिक, लोगों का मानना है कि अराद की मौत के बाद उन्हें यहीं कहीं दफनाया गया है। इस घटना के 40 साल बाद भी इजरायल अपने फाइटर पायलट के शव की तलाश कर रहा है। इजरायली पायलट रॉन अराद 1986 में हिज्बुल्लाह के खिलाफ चलाए गए एक मिशन का हिस्सा थे। इस मिशन के दौरान ही उनके हेलीकॉप्टर को लेबनान के ऊपर मार गिराया गया। इसके बाद से रॉन लापता हो गए, इजरायल की तमाम कोशिशों के बाद भी उनका पता नहीं लगाया जा सका। स्थानीय लोगों के बीच में यह मान्यता है कि इस घटना के बाद ही रॉन की मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद उन्हें बेका घाटी में ही दफन कर दिया गया, हालांकि अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। 40 साल के समय के बाद भी इजरायल लगातार अपने पायलट की या उसके अवशेषों की तलाश कर रहा है। इजरायली खुफिया एजेंसी ने इसके लिए कई अभियान भी चलाए हैं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, अराद के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए पहले हिज्बुल्ला से जुड़े कुछ लोगों को भी इजरायली एजेंटों द्वारा हिरासत में लिया गया था। लेकिन इसके बाद भी कुछ हाथ नहीं लगा।



## न्यूयॉर्क मेयर ममदानी के आवास पर बम से हमले की कोशिश

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां मेयर जोहरान ममदानी के आधिकारिक आवास, ग्रेसी मेंशन के बाहर बम हमले का प्रयास किया गया। न्यूयॉर्क सिटी पुलिस विभाग ने इस मामले में दो संदिग्धों की पहचान की है और उन्हें हिरासत में लिया है। यह घटना रमजान के पवित्र महीने के दौरान हुई, जब दो विरोधी प्रदर्शनकारी समूहों के बीच हिंसक झड़प हुई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार घटना के दौरान एक वीडियो में एक संदिग्ध को एक उपकरण दूसरे को सौंपते हुए दिखाया गया है, जिसके तुरंत बाद गिरफ्तारी हुई। पुलिस द्वारा बरामद किए गए उपकरण में एक जार था, जो काले टेप से लिपटा हुआ था और उसमें नट, बोल्ट, स्क्रू और एक फ्यूज भरा हुआ था। यह उपकरण फुटबॉल से थोड़ा छोटा बताया जा रहा है।

## बमबारी से सत्ता नहीं बदलती- उमर अब्दुल्ला

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने ईरान के ऊपर अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए हमले की निंदा की है। उन्होंने इस हमले को ताकत का घोर दुरुपयोग बताते हुए अंतर्राष्ट्रीय कानून का घोर उल्लंघन करार दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की सत्ता किसके पास रहना चाहिए, इसका फैसला उस देश के निवासियों को करना चाहिए, न कि किसी दूसरे देश में बैठे व्यक्ति को इसका अधिकार होना चाहिए। खामेनेई की हत्या पर रोष जताते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि एक धार्मिक नेता की इस तरीके से हत्या कर देना बहुत ही ज्यादा चिंताजनक है। उन्होंने कहा, 'उन्होंने एक ऐसे धार्मिक नेता का जीवन बलिदान कर दिया, जिनके नेतृत्व को सिर्फ शिया समुदाय ही नहीं बल्कि दुनिया भर के मुसलमान मान्यता देते हैं।' अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि बाहरी ताकतें किसी देश में शासन परिवर्तन नहीं थोप सकतीं। उन्होंने कहा, 'ईरान की सत्ता किसके हाथ में होगी इसका फैसला ईरान के लोगों को करना है, न कि वाशिंटकन, तेल अवीव, नई दिल्ली, बीजिंग या कहीं और बैठे व्यक्ति को। केवल ईरान की जनता ही तय कर सकती है कि वह किसकी सरकार को चाहते हैं और बदलाव कैसे करना है।

## जेल से बाहर आया नासिर-जुनैद हत्याकांड का आरोपी मोनू मानेसर, बुलेट प्रूफ जैकेट में निकला काफिला

**भरतपुर।** राजस्थान हाइकोर्ट से जमानत मिलने के बाद गुरुग्राम के मानेसर का रहने वाला मोनू मानेसर शनिवार देर शाम राजस्थान के भरतपुर की सेवर जेल से बाहर आया। जेल से बाहर निकलते समय उसकी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। मोनू मानेसर को बुलेटप्रूफ जैकेट पहनाकर जेल से बाहर लाया गया और पुलिस की गाडि?ों ने उसकी कार को एस्कॉर्ट करते हुए वहां से रवाना कराया। हरियाणा से कई गौसेवक उसे लेने पहुंचे थे। मोहित यादव उर्फ मोनू मानेसर के वकील नवीन कुमार जांगड़ा ने बताया कि ढाई साल के बाद मोनू मानेसर जेल से रिहा हुआ है। मोनू मानेसर गोरक्षक और बजरंग दल से जुड़ा रहा है। उस पर साल 2023 में गोतस्करी के शक में नासिर और जुनैद की हत्या कर शव जलाने का आरोप है। फरवरी 2023 में राजस्थान के डीग जिले के घाटमीका गांव निवासी नासिर और जुनैद के लापता होने का मामला सामने आया था। 15 फरवरी को दोनों के परिजनों ने उनके गायब होने की रिपोर्ट गोपालगढ़ थाने में दर्ज कराई गई थी। परिवार ने आरोप लगाया कि नासिर और जुनैद को 15 फरवरी को उनके गांव से किडनैप किया गया था। अगले दिन 16 फरवरी को हरियाणा के भिवानी में एक जली हुई कार बरामद हुई थी, जिसमें दो लोगों कंकाल मिले थे। जांच में पुष्टि हुई कि कंकाल नासिर और जुनैद के थे, जिनकी हत्या कर शवों को जला दिया गया था। हरियाणा के गोरक्षकों पर उनकी हत्या का आरोप लगा। इनमें सबसे चर्चित नाम मोनू मानेसर का था। राजस्थान पुलिस ने जिन 8 आरोपियों की फोटो जारी की, उनमें मोनू का नाम नहीं था। 6 जून को चार्जशीट में मोनू का नाम शामिल किया गया। इसके अलावा रिंकू सैनी, गोगी, मोनू राणा और अनिल मुलथाना भी आरोपी बनाए गए थे। हरियाणा पुलिस ने 12 सितंबर 2023 को मोनू मानेसर को गिरफ्तार कर राजस्थान पुलिस को सौंप दिया था। नासिर-जुनैद हत्याकांड के अलावा भी मोनू मानेसर पर कई केस चल रहे हैं। पटौदी की बाबरशाह कॉलोनी में 6 फरवरी 2023 को दो समुदायों के बीच झगड़ा हुआ। इसमें 4 लोग घायल हुए, जिनमें से एक को गोली लगी थी। मोनू पर गोली चलाने का आरोप लगा। उस पर हत्या की कोशिश का केस दर्ज है। उसे इस मामले में जमानत मिल चुकी है। नूंह में 31 जुलाई 2023 को ब्रजमंडल यात्रा के दौरान हिंसा भड़क गई थी। इस यात्रा से पहले मोनू मानेसर ने वीडियो जारी कर कहा था कि 31 जुलाई को वो ब्रजमंडल यात्रा में शामिल होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### वीर सावरकर एक निष्ठावान देशभक्त, जिनकी हिंदुत्व की व्याख्या आज भी प्रासंगिक : नितिन गडकरी

**नागपुर, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने विनायक दामोदर सावरकर को एक सच्चे देशभक्त और वैज्ञानिक सोच वाला व्यक्ति बताया है। उन्होंने कहा कि सावरकर ने हिंदुत्व को जिस तरह से समझाया था, वह आज भी बहुत काम आता है और महत्वपूर्ण है। एक कार्यक्रम में, जहां सेना के पूर्व प्रमुख जनरल मनोज पांडे (रिटायर्ड) का सम्मान किया गया, गडकरी ने कहा कि सावरकर सभी के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि सावरकर सिर्फ एक देशभक्त ही नहीं थे, बल्कि एक बेहतरीन कवि, विचारक और इतिहासकार भी थे। सबसे खास बात यह है कि वे समाज को सुधारने वाले एक आदर्श व्यक्ति थे। गडकरी ने कहा, 'सावरकर की सोच वैज्ञानिक थी। उन्होंने हिंदुत्व के बारे में जो बातें बताईं, वे आज के समय में बहुत उपयोगी और प्रासंगिक हैं।' उन्होंने बताया कि सावरकर का मानना था कि हिंदू समाज में जो जाति-भेदभाव और छुआछूत है, उसे पूरी तरह खत्म कर देना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह सावरकर का दृढ़ विश्वास था कि किसी भी व्यक्ति को उसकी जाति के कारण श्रेष्ठ नहीं माना जा सकता; व्यक्ति अपने गुणों के कारण श्रेष्ठ बनता है। गडकरी ने कहा कि सावरकर का पूरा जीवन त्याग, तपस्या और समर्पण का उदाहरण है। उन्होंने दावा किया कि देश के लिए सावरकर के परिवार जितना बलिदान किसी अन्य परिवार ने नहीं दिया है। केंद्रीय मंत्री ने एक 'बड़े राजनीतिक नेता' का अप्रत्यक्ष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि जब कोई सावरकर की आलोचना करता है, तो उन्होंने ऐसे नेता से कहा था कि यदि महान स्वतंत्रता सेनानी सावरकर महान नहीं हैं, तो देश में कोई भी महान नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैंने उस नेता से कहा कि आप विचारधारा की आलोचना कर सकते हैं और विचारधारा पर मतभेद हो सकते हैं। लेकिन, देश के लिए सावरकर और उनके परिवार से अधिक किसी ने बलिदान नहीं दिया है।

### शंकराचार्य पर केस कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी पर चलती ट्रेन में जानलेवा हमला, नाक काटने की कोशिश

**कौशाम्बी, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के कौशाम्बी जिले में सिराथू रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन में एक बड़ी वारदात सामने आई है। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ केस करने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी पर जानलेवा हमला किया गया है। हमलावरों ने धारदार हथियार से उनकी नाक काटने की कोशिश की और उनके चेहरे पर कई वार किए। आशुतोष ब्रह्मचारी ने किसी तरह ट्रेन के टॉयलेट में खुद को बंद कर अपनी जान बचाई। जानकारी के अनुसार, आशुतोष ब्रह्मचारी ट्रेन से प्रयागराज की ओर जा रहे थे। जब ट्रेन सिराथू रेलवे स्टेशन के पास पहुँची, तभी अज्ञात हमलावरों ने उन पर हमला बोल दिया। चश्मदीदों और पीड़ित के बयान के अनुसार, हमलावर पूरी तैयारी के साथ आए थे और उनके पास धारदार हथियार थे। हमलावरों ने आशुतोष ब्रह्मचारी को घेर लिया और सीधे उनके चेहरे पर प्रहार करना शुरू कर दिया। हमलावरों का मुख्य निशाना उनकी नाक थी, जिसे काटने का प्रयास किया गया। हमले में उनके नाक और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। अचानक हुए इस हमले से ट्रेन के कोच में अफरा-तफरी मच गई। जान बचाने के लिए आशुतोष ब्रह्मचारी लहूलुहान हालत में भागे और खुद को ट्रेन के टॉयलेट के अंदर बंद कर लिया। हमलावरों ने टॉयलेट का दरवाजा तोड़ने की कोशिश भी की, लेकिन तब तक शोर मचने और अन्य यात्रियों के सक्रिय होने के कारण वे मौके से फरार हो गए। प्रयागराज पहुँचने पर उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी और अपना प्राथमिक उपचार कराया।

# भारत में बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन नहीं करेगी केंद्र सरकार, इस्तेमाल की कड़ी शर्तें

एजेंसी

**नई दिल्ली।** डिजिटल दुनिया में बच्चों की सुरक्षा को लेकर चल रही बहस के बीच भारत सरकार ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। शीर्ष सरकारी सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के पक्ष में नहीं है। इसके बजाय, सरकार 18 वर्ष से कम उम्र के किशोरों के लिए एक नुआंस्ड और ग्रेडेड (बारीक और श्रेणीबद्ध) दृष्टिकोण अपनाने पर विचार कर रही है, जिसमें उम्र के हिसाब से अलग-अलग पाबंदियां तय की जाएंगी। एक रिपोर्ट में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के हवाले से कहा है कि सरकार इस मुद्दे पर एक नया कानून लाने की तैयारी में है, जिसे संसद के आगामी मानसून सत्र में पेश किया जा सकता है। प्रस्तावित नियमों के तहत बच्चों को तीन श्रेणियों में बांटा जा सकता है :

8 से 12 वर्ष : सबसे अधिक प्रतिबंधात्मक नियम। 12 से 16 वर्ष : मध्यम स्तर की निगरानी और सीमाएं। 16 से 18 वर्ष : अधिक स्वतंत्रता, लेकिन सुरक्षा मानकों के साथ। सरकार का मानना है कि आज की पीढ़ी पिछली पीढ़ियों की तुलना में अधिक जागरूक और परिपक्व है, इसलिए प्रतिबंध जैसा कठोर कदम उठाने के बजाय नियमों को तर्कसंगत बनाना बेहतर होगा। आईटी मंत्रालय के भीतर चल रही चर्चाओं में टाइम-बेस्ड लिमिट (समय सीमा) का विकल्प सबसे ऊपर है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार कुछ ऐसे प्रावधानों पर विचार कर रही है जिनमें बच्चों को शाम या रात के समय सोशल मीडिया लॉग-इन करने की अनुमति न हो। दिन भर में सोशल मीडिया के उपयोग के लिए एक निश्चित समय (जैसे एक घंटा) निर्धारित किया जाए। किसी भी प्लेटफॉर्म पर पहुंच के लिए माता-पिता की अनिवार्य सहमति को तकनीकी रूप से लिंक किया जाए। यह मॉडल काफी हद तक चीन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के हालिया कदमों से प्रेरित नजर आता है, जहां ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया पर कड़े समय प्रतिबंध लागू किए गए हैं। राज्यों के अलग-अलग सुर हाल ही में आंध्र प्रदेश ने 13 वर्ष से कम और कर्नाटक ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन का प्रस्ताव रखा है। हालांकि, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग नियम से चिंतित है। कंपनियों का तर्क है कि अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग उम्र सीमा होने से तकनीकी रूप से इसे लागू करना बेहद जटिल होगा।

यही कारण है कि केंद्र सरकार एक समान केंद्रीय कानून की दिशा में बढ़ रही है, ताकि पूरे देश में एक जैसे मानक लागू हों। फेसबुक जैसी दिग्गज कंपनियों ने भी स्पष्ट किया है कि वे नियमों का पालन करेंगी, लेकिन नियम सभी ऐप्स पर समान रूप से लागू होने चाहिए ताकि किशोर असुरक्षित या अनियंत्रित साइटों की ओर न मुड़ें। इस कानून की आवश्यकता के पीछे डिजिटल एडिक्शन (लत) और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं सबसे प्रमुख हैं। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में भी बच्चों के लिए उम्र-आधारित सीमाएं तय करने और उन पर लक्षित विज्ञापनों को रोकने की सिफारिश की गई थी। सर्वेक्षण में बच्चों के लिए साधारण फोन या केवल शिक्षा के लिए टैबलेट को बढ़ावा देने की बात भी कही गई थी।



# गुरुग्राम में 20 सेक्टरों के बाजारों की बदलेगी सूरत, निगम ने शुरू किया काम

एजेंसी

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम शहर के पुराने इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है। गुरुग्राम नगर निगम ने उन 20 सेक्टरों के बाजारों को नया रूप देने की तैयारी पूरी कर ली है, जो पिछले साल अगस्त में निगम के अधीन हुए थे। इन्हें संवारा जा रहा है। इन बाजारों में टूटी सड़कें, गंदगी और अव्यवस्था को दूर करने के लिए बड़े स्तर पर काम किया जाएगा। इसको लेकर निगम ने योजना तैयार कर ली है। बता दें कि 20 सेक्टरों के बाजार पहले एचएसवीपी के पास थे, जबकि सेक्टर का रिहायशी एरिया निगम के पास था। अगस्त 2025 में इन सेक्टरों के बाजार नगर निगम के अधीन आ गए है। ऐसे में अब निगम ने इन सेक्टरों के बाजारों को संवारने का काम शुरू कर दिया है। नगर निगम की इस योजना में सबसे पहले सेक्टर-56 के बाजार में काम शुरू किया गया है। यहां 1.3 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों की मरम्मत, सीवर लाइन को ठीक करने और जन-सुविधाओं को बेहतर बनाने का जिम्मा ठेकेदार को दे दिया गया है।



**सेक्टर-46 के बाजार में दिखेगा सबसे बड़ा बदलाव :** वहीं, सबसे बड़ा बदलाव सेक्टर-46 के बाजार में देखने को मिलेगा। यहां 8.3 करोड़ रुपये का भारी-भरकम बजट खर्च होगा। इस योजना के तहत गाडि?ों और स्कूटरों के खड़े होने के लिए बहुत बड़ी और व्यवस्थित जगह बनाई जाएगी। पार्किंग की मार्किंग की जाएगी। बाजार में सुंदर पौधे, फव्वारे और नई लाइटें लगाई जाएंगी। इसके अलावा पानी की निकासी और सीवर की पुरानी लाइनों को पूरी तरह बदला जाएगा, पैदल चलने वालों के लिए सुरक्षित और साफ रास्ते बनाए जाएंगे। सेक्टर-46 के लोगों का कहना है कि वर्तमान में बाजार की हालत बहुत खराब है। पार्किंग न होने से जाम लगता है और दुकानों के बाहर अतिक्रमण के कारण पैदल चलना मुश्किल है। बाजार में सिर्फ एक ही शौचालय है, वह भी अक्सर बंद रहता है। लोगों की मांग है कि नगर निगम केवल कागजों पर योजना न बनाए, बल्कि जल्द से जल्द सड़कों पर काम शुरू करे। नगर निगम ने कई अन्य इलाकों के लिए भी खर्च का ब्योरा तैयार कर लिया है। नगर निगम ने कुछ सेक्टरों के बाजारों को संवारने का अनुमान तैयार कर लिया है।

## पृथला और धुलावट के बीच बिछेगी डबल रेल लाइन

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद से सटे पलवल और नूंह जिलों के लिए अच्छी खबर है। हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर (एचओआरसी) प्रोजेक्ट के तहत पलवल के पृथला से जिला नूंह के धुलावट के बीच नई दोहरी रेल लाइन के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। इस परियोजना के पूरा होने से न केवल रेल कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी, बल्कि दिल्ली-एनसीआर के बीच लॉजिस्टिक्स की आवाजाही भी बेहद सुगम हो जाएगी।

फरीदाबाद मंडल के जिला पलवल से जिला सोनीपत तक हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर के निर्माण किया जा रहा है। इसमें पलवल स्थित पृथला स्टेशन पर डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर और इंडियन रेलवे से कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जाएगी है। यहां दोनों रेल मार्गों का जंक्शन बनाया जाएगा। 126 किलोमीटर से अधिक लंबे इस प्रोजेक्ट में मुख्य रूप से 67 गांवों में 665 हेक्टेयर भूमि पर सिविल कार्य प्रगति पर हैं। परियोजना के तहत करीब 30 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है, जिसके तहत प्रदेश में कई स्थानों पर रेल लाइन बिछाई गई है, लाइन बिछाने के लिए आरओबी बनाए गए हैं।

## दुनिया जंगल के कानून पर वापस नहीं जा सकती : वांग यी

**बीजिंग, एजेंसी।** अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान पर किए गए युद्ध को चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रविवार को 'कभी नहीं होना चाहिए था' बताते हुए कड़ी निंदा की। बीजिंग में पत्रकारों से बात करते हुए वांग यी ने कहा दुनिया को जंगल के कानून पर लौटने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए। सैन्य कार्रवाई तुरंत समाप्त होनी चाहिए। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध को लेकर अपने आत्मविश्वास का इजहार किया। ट्रंप ने कहा कि ईरान की सेना और नेतृत्व को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया है और युद्ध अभी कुछ समय तक जारी रहेगा। ट्रंप ने कहा हम युद्ध में बहुत आगे हैं। हमने उनका पूरा बुरा साम्राज्य खत्म कर दिया। हमें यकीन है कि यह थोड़ी देर और चलेगा। युद्ध अपने सर्वोत्तम स्तर पर है। ट्रंप ने यह टिप्पणी एयर फोर्स वन में मियामी जाते समय की। उन्होंने ईरानी नौसेना, वायुसेना और मिसाइल क्षमताओं को निशाना बनाने और लगभग हर सैन्य नेतृत्व को समाप्त करने का दावा किया। उन्होंने कहा कि मिसाइलें अब कम चल रही हैं और ड्रोन क्षमताएं काफी हद तक प्रभावित हुई हैं।

## जंग में मारी गई बच्ची को महिलाओं ने कंधा दिया

**तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी।** ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल हमले का रविवार को नौवां दिन है। जंग की वजह से ईरान के कई शहरों में भंयकर तबाही हुई है और 1400 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। लोग अपना घर छोड़कर सुरक्षित जगह पर शरण लेने को मजबूर हैं। वहीं दुनिया भर में इस जंग के खिलाफ और समर्थन में प्रदर्शन किया जा रहा है। ईरान समर्थकों और अमेरिका समर्थकों ने शनिवार को एक ही दिन ब्रिटेन में मार्च निकाला। वहीं दूसरी तरफ लेबनान में भी इजराइल, ईरान समर्थक ग्रुप हिजबुल्लाह के खिलाफ हमले कर रहा है।

## नाइजीरिया में सैन्य कार्रवाई में 45 उग्रवादियों की मौत

**अबूजा , एजेंसी।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी राज्य कत्सिना में सेना और उग्रवादियों के बीच हुई भीषण झड़पों में 45 उग्रवादियों के मारे जाने की खबर है। यह घटना शुक्रवार को दानमुसा क्षेत्र में हुई। राज्य के आंतरिक सुरक्षा और गृह मामलों के आयुक्त, नासिर मुआजू ने एक बयान में बताया कि यह झड़प गुरुवार को उग्रवादियों द्वारा मवेशी चोरी की कोशिश के बाद हुई। जिसमें उग्रवादियों और सेना के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें 45 उग्रवादियों को ढेर कर दिया गया। नाइजीरिया देश के उत्तरी क्षेत्रों में विभिन्न सशस्त्र समूहों से जूझ रहा है। जिनमें बोको हराम और उसके गुट, इस्लामिक स्टेट वेस्ट अफ्रीका प्रोविंस (आईएसडब्ल्यूएपी), आईएस-लिंक्ड लकुरवा, और अपहरण, फिरौती और अवैध खनन में विशेषज्ञता रखने वाले अन्य डाकू समूह शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, नाइजीरिया में हजारों लोग इन संघर्षों में मारे जा चुके हैं।

# असम में सीट शेयरिंग ने बढ़ाई भाजपा की चिंता, फ्रेंडली फाइट के मूड में एनडीए के साथी

एजेंसी

**गुवाहटी।** असम में 2026 की चुनावी बिसात बिछ चुकी है, लेकिन सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ही खेमों के भीतर सीटों के गणित को लेकर तनातनी कम होने का नाम नहीं ले रही है। गठबंधन की राजनीति के इस दौर में सहयोगी दलों की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं ने रणनीतिकारों की नींद उड़ा दी है। हालात यह हैं कि कई निर्वाचन क्षेत्रों में गठबंधन के सहयोगियों के बीच ही 'मैत्रीपूर्ण मुकाबलाइ होने की संभावना प्रबल हो गई है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार एक तरफ विकास के दावों के साथ मैदान में है, वहीं दूसरी ओर उसे अपने सहयोगियों असम गण परिषद और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंटको संतुष्ट रखने की बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। असम गण परिषद 2014 से भाजपा की वफादार साथी रही है। इस बार अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए दबाव बना रही है। पिछले 2021 के चुनावों में एजीपी ने 29 सीटों पर दांव आजमाया था, जिनमें से 26 पर उसने अकेले चुनाव लड़ा और 3 सीटों पर भाजपा के साथ दोस्ताना मुकाबला किया था। अंततः पार्टी 9 सीटें जीतने में सफल रही थी। इस बार एजीपी के जमीनी कार्यकताओं की मांग है कि पार्टी को अधिक सीटों पर मौका मिलना चाहिए, जिससे भाजपा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।



मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने संकेत दिया है कि एजीपी के साथ शुरूआती दौर की चर्चा शुरू हो चुकी है और 9 या 10 मार्च तक सीटों का अंतिम खाका तैयार हो सकता है। हालांकि, जब उनसे सहयोगियों की बढ़ती मांगों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट किया कि वे किसी औपचारिक मांग से अवगत नहीं हैं, लेकिन उन्होंने 'फ्रेंडली फाइटइ की संभावना से इनकार भी नहीं किया। गठबंधन की सबसे पेचीदा स्थिति बोडोलैंड क्षेत्र में देखने को मिल रही है। यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल ने अपनी आक्रामक रणनीति का ऐलान करते हुए 21 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इनमें से 15 सीटें बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल क्षेत्र की हैं और 6 सीटें उससे बाहर की हैं। सबसे बड़ी बाधा यह है कि बीपीएफ और यूपीपीएल के बीच की कड़वाहट खत्म होने का नाम नहीं ले रही। दोनों दलों ने साफ कर दिया है कि वे न तो साथ चुनाव लड़ सकते हैं और न ही किसी सीट-शेयरिंग फॉमूर्ले पर सहमत होंगे।

# राजस्थानियों का प्यार ही मेरे लिए सबसे बड़ा पद : वसुंधरा राजे

**जयपुर।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि उनके लिए राजस्थान की जनता का प्यार ही सबसे बड़ा पद है। उन्होंने कहा कि राजनीति में कई लोग पद पाने की इच्छा रखते हैं, लेकिन अगर काम अच्छा और ईमानदारी से किया जाए तो पद अपने आप व्यक्ति के पास आ जाता है। राजे ने यह बात शनिवार को जयपुर में आयोजित सशक्त युवा-सशक्त राष्ट्र सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। राजे ने अपने संबोधन में कहा कि राजनीति में अक्सर पद को लेकर चर्चा होती है, लेकिन असल मायने में जनता की सेवा और विकास कार्य ही सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने कहा कि अगर नेता जनता के लिए समर्पण भाव से काम करे तो उसे सम्मान और पद दोनों मिलते हैं। उन्होंने युवाओं से भी कहा कि वे समाज और राष्ट्र के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाएं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दौर तकनीक का है और युवाओं को इसके साथ कदम मिलाकर चलना होगा। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी आधुनिक तकनीकें आने वाले समय में दुनिया की दिशा तय करेंगी। जो देश इन क्षेत्रों में आगे होगा, वही वैश्विक स्तर पर नेतृत्व करेगा। इसलिए युवाओं को तकनीकी ज्ञान हासिल कर इन क्षेत्रों में आगे बढ़ना चाहिए।



**नशे से दूर रहने का दिया संदेश :** राजे ने युवाओं को नशे से दूर रहने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को कमजोर करता है और समाज को भी नुकसान पहुंचाता है। इसलिए युवाओं, समाज और सरकार को मिलकर इस समस्या के खिलाफ काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर युवा अपनी ऊर्जा सही दिशा में लगाएंगे तो वे देश की सबसे बड़ी ताकत बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय मूल के लोग दुनिया के अलग-अलग देशों में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं।

# आईसीसी ने भारत में फंसी टीमों के लिए चार्टर फ्लाइट का किया इंतजाम

एजेंसी


**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मध्यपूर्व में जारी संघर्ष को देखते हुए कोलकाता में फंसी टीमों के लिए विशेष उड़ान का इंतजाम किया है। : आईसीसी ने ये व्यवस्था इसलिए की है क्योंकि टूनार्मेंट से बाहर होने के बाद भी कुछ टीमें भारत में ही फंसी हुई हैं। इन्हीं टीमों के लिए विशेष व्यवस्था की गयी है। मध्य पूर्व में संघर्ष के कारण दुबई सहित कई जगहों से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में बाधा आई है। इसी को देखते हुए आईसीसी ने वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की टीमों के लिए चार्टर फ्लाइट बुक की है। इन तीनों टीमों की यात्रा में देरी हो रही थी, जिसके बाद आईसीसी ने खिलाड़ियों और सहायेगी स्टाफ को सुरक्षित तरीके से अपने-अपने देशों तक पहुंचाने के लिए चार्टर फ्लाइट बुक की है।

वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार इंग्लैंड टीम शनिवार शाम मुंबई से लंदन के लिए रवाना हुई जबकि वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीकी टीम को अलग चार्टर फ्लाइट के जरिए भेजा जाएगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले जोहान्सबर्ग पहुंचेगी, जबकि वेस्टइंडीज की टीम वहां से आगे एंटीगुआ के लिए रवाना होगी। वेस्टइंडीज की टीम 1 मार्च से कोलकाता में ही रुकी हुई थी। कैरिबियाई टीम अपने अंतिम सुपर-8 मुकाबले में भारत से पांच विकेट से हार के बाद ही बाहर हो गयी थी। इसके बाद अमेरिका और इजराइल के ईरान पर किए गए हमलों के बाद उड़ाने बंद होने से टीम भारत में ही फंस गयी थी। इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की टीमें भी टूनामेंट से बाहर होने के बाद भी भारत में ही रुकी हुई थीं। इंग्लैंड को सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ हार मिली थी। दक्षिण अफ्रीका को न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में हराया था। इन हार के बाद दोनों टीमों को उड़नो शुरू नहीं होने से भारत में ही रहना पड़ा। वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने भी इसको लेकर आईसीसी से नाराजगी जतायी थी। वहीं वेस्टइंडीज के स्पिनर अकील हुसैन ने भी सोशल मीडिया पर हंसते हुए लिखा, अब तो बेहतर होगा कि मैं स्टार फुटबॉल स्टार से अपना जेट भेजकर मुझे यहां से ले जाने का अनुरोध करुं। इससे पहले जिम्मेबाब्वे भी कुछ दिन भारत में फंसी थी।

## टी-20 विश्व कप : सबसे तेज शतक लगाने वालों में फिन एलेन सबसे आगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप में तेज शतक लगाने वालों में अगर छह लोगों की सूची देखा जाए तो उसमें कोई भी भारतीय नहीं हैं। इस सूची में एक समय पर क्रिस गेल का दबदबा था। जो इस विश्वकप में टूट गया हैं। 22 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज ने वानखेड़े स्टेडियम में भारत के खिलाफ सिर्फ 45 गेंदों में शतक जड़ दिया और 48 गेंदों में 105 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस प्रदर्शन के साथ बेथल टी-20 विश्व कप में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर आ गए। इससे पहले न्यूजीलैंड के फिन एलेन ने विश्व कप 2026 के पहले सेमीफाइनल में सिर्फ 33 गेंदों में शतक बनाकर यह टूनार्मेंट का सबसे तेज शतक दर्ज किया था। इस कारनामे के दौरान वेस्टइंडीज के धाकड़ बल्लेबाज क्रिस गेल का 10 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। गेल ने साल 2016 के टी-20 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ 47 गेंदों में शतक लगाया था, जिसे अब बेथल ने पीछे छोड़ दिया। टी-20 विश्व कप के इतिहास में सबसे तेज शतक बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में क्रिस गेल की छाप अब भी बनी हुई है। गेल ने साल 2016 में 47 गेंदों में शतक लगाया और साल 2007 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 50 गेंदों में शतक जमाया था। उनके शतक में 57 गेंदों में 10 छक्के और 7 चौके शामिल थे, जिससे उन्हें यूनिवर्स बॉस का खिताब भी मिला।



## तजिंदरपाल सिंह ने बढ़ाया मान, 20 मीटर से अधिक के थ्रो के साथ गोला फेंक में जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तजिंदरपाल सिंह तूर ने शनिवार को इंडियन ओपन थ्रो प्रतियोगिता के पहले दिन गोला फेंक (शॉट पुट) स्पर्धा में 20 मीटर से अधिक का थ्रो करके स्वर्ण पदक जीता।एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तजिंदरपाल सिंह तूर ने शनिवार को इंडियन ओपन थ्रो प्रतियोगिता के पहले दिन गोला फेंक (शॉट पुट) स्पर्धा में 20 मीटर से अधिक का थ्रो करके स्वर्ण पदक जीता। पंजाब के 31 वर्षीय एथलीट ने सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 20.51 मीटर की दूरी के थ्रो से स्वर्ण पदक जीता।पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान परिसर में दो दिवसीय प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद तूर ने कहा, मैं अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। तूर ने दो अन्य प्रयासों (20.02 मीटर और 20.07 मीटर) में भी 20 मीटर का आंकड़ा पार किया जिससे संकेत मिलता है कि उनका प्रशिक्षण सत्र अच्छा चल रहा था। उनके अन्य तीन प्रयास विफल रहे। तूर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 21.17 मीटर जून 2023 में बना था। इस सत्र में उनका मुख्य लक्ष्य जापान के आइची-नागोया एशियाई खेलों में अपने खिताब को बरकरार रखने के लिए साल के अंत तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। पटियाला में शनिवार को आयोजित हैमर थ्रो प्रतियोगिता में रिलायंस का प्रतिनिधित्व करने वाले स्वर्ण पदक विजेता दमनीत सिंह पर भी सबकी निगाहें टिकी थीं।

## ऑल इंग्लैंड ओपन 2026 : विटर लाई को हराकर लक्ष्य सेन ने कटाया फाइनल का टिकट



**बर्मिंघम, एजेंसी।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने ऑल इंग्लैंड ओपन चैंपियनशिप 2026 के फाइनल में अपनी जगह बना ली है। लक्ष्य दो बार इस टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने पुरुष सिंगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले में कनाडा के विक्टर लाई को हराते हुए फाइनल का टिकट हासिल किया। 24 साल के लक्ष्य ने दाहिने पैर के अंगूठे में छालों के बावजूद एक घंटे 37 मिनट तक चले मुकाबले में विक्टर लाई को 21-16, 18-21, 21-15 से मात दी। सेन के मेंटोर प्रकाश पादुकोण 1980 और 1981 में ऑल इंग्लैंड फाइनल में पहुंचे थे, और उन्होंने पहली बार में ही खिताबी मुकाबले में जीत दर्ज की थी। शनिवार को सेन और लाई के बीच हुए सेमीफाइनल मैच में दोनों खिलाड़ियों के स्टैमिना का टेस्ट हुआ, क्योंकि उन्होंने कई रैलियां कीं जो 50 स्ट्रोक से ज्यादा चलीं। सेन की अतिरिक्त गेयर ढूंढने की काबिलियत ने ही भारतीय खिलाड़ी को पहला गेम जीतने में मदद की।

# न्यूजीलैंड विमेंस पेसर ली ताहूहू का वनडे क्रिकेट से संन्यास



### व्हाइटफर्न्स की टॉप विकेट टेकर रहीं; कहा- टी-20 वर्ल्ड कप अगला टारगेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।**न्यूजीलैंड विमेंस क्रिकेट टीम की अनुभवी तेज गेंदबाज ली ताहूहू ने वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया। 35 साल की ताहूहू ने अपने 15 साल लंबे वनडे करियर पर ब्रेक लगाया। वे टी-20 क्रिकेट खेलना जारी रखेंगी, उन्होंने कहा कि उनका टारगेट इस साल जून में होने वाला वर्ल्ड कप है। न्यूजीलैंड की सबसे सफल वनडे गेंदबाज ताहूहू ने 2011 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया था। तब से वे कीवी टीम के बॉलिंग डिपार्टमेंट को लीड कर रही हैं। उन्होंने पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपना आखिरी वनडे खेला। इस मुकाबले में उन्होंने 9 रन देकर 1 विकेट लिया।

### ताहूहू के नाम 3 बड़े रिकॉर्ड्स

- **सबसे ज्यादा विकेट:** वे न्यूजीलैंड की ओर से वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। उन्होंने 103 मैचों में 125 विकेट झटके।
- **100 मैचों का क्लब:** वे न्यूजीलैंड की उन चुनिंदा 12 महिला खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने 100 से ज्यादा वनडे मैच खेले।
- **वर्ल्ड कप का अनुभव:** ताहूहू ने अपने करियर में 4 वनडे वर्ल्ड कप (2013, 2017, 2022 और 2025) खेले।

### सपना सच होने जैसा रहा सफर

ताहूहू संन्यास की घोषणा करते हुए ताहूहू भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा, 'व्हाइटफर्न्स के लिए वनडे खेलना हमेशा गर्व की बात रही। जब मैंने शुरुआत की थी, तो एक मैच खेलना भी बड़ी बात थी, लेकिन अपने देश के लिए 100 से ज्यादा मैच खेलना मेरे लिए सपने जैसा है। मैं इस सफर की हर याद को संजोकर रखूंगी।

## ब्रेट ने पांच गेंदों में पांच विकेट लिए, न्यूजीलैंड के डोमेस्टिक टूर्नामेंट में किया कारनामा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के घरेलू टूर्नामेंट प्लंकेट शील्ड में 8 मार्च को सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के ब्रेट रैंडेल नाम के तेज गेंदबाज ने इतिहास रच दिया। सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स और नॉर्दर्न ड्रिस्ट्रिक्ट्स के बीच नेपियर के मैकलीन पार्क में खेले जा रहे मुकाबले में रैंडेल ने पहली पारी में लगातार 5 गेंदों पर 5 विकेट झटक लिए। फर्स्ट क्लास क्रिकेट के इतिहास में



पहली बार किसी गेंदबाज ने लगातार पांच गेंदों पर पांच विकेट झटके हैं। इससे पहले आयरलैंड के ऑलराउंडर कर्टिस कैम्फर ने 2021 में एक घरेलू टी-20 मैच में लगातार पांच गेंदों पर पांच विकेट झटके थे। रैंडेल की गेंदबाजी से नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स की टॉप ऑर्डर ढह गई। टीम 9 रन पर 5 विकेट गंवा बैठी, वह भी सिर्फ रैंडेल की पांच गेंदों में। रैंडेल ने अपनी दूसरी ओवर की आखिरी गेंद पर ओपनर हेनरी कूपर को बोल्ड किया। अगली ओवर की पहली गेंद पर जीत रावल को आउट किया। इसके बाद जो कार्टर को कैच आउट कराकर हैट्रिक पूरी की। चौथा विकेट रॉबर्ट ओ'डॉनेल का रहा, जो स्लिप में कैच हुए। पांचवां विकेट क्रिस्टियन क्लार्क का रहा, जिनका अंदरूनी किनारा लगकर गेंद स्टंप्स से टकरा गई। उस समय रैंडेल के आंकड़े 2.4 ओवर में 2 रन देकर 5 विकेट थे। बाद में रैंडेल ने आठ गेंदों में छह विकेट लेकर एक और रिकॉर्ड बनाया। रैंडेल ने 3.5 ओवर में सात विकेट पूरे किए और 11 ओवर में 25 रन देकर करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (7/25) किया।

## भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने प्राग अंतर्राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट में स्पेन के डेविड एंटोन गुइज़ारो को हराया




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने कल चेक गणराज्य में आयोजित प्राग अंतर्राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट के मास्टर्स वर्ग के नौवें और अंतिम दौर में स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो को हराया। भारत के अरविंद चिदंबरम ने अंतिम दौर में चेक गणराज्?य के डेविड नवारा को हराकर 5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव 6 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहे। चैलेंजर्स वर्ग में, भारत की दिव्या देशमुख ने चेक गणराज्य की हर्बेक स्टेपन को हराकर 5 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रैंडमास्टर सूर्य शेखर गांगुली 4 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

## अमीलिया ने 44 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा : वनडे में 7 विकेट लिए



**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड विमेंस की कप्तान अमीलिया कर ने रविवार को डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल मैदान में इतिहास रच दिया। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे में कर ने महज 34 रन देकर 7 विकेट झटके। यह न्यूजीलैंड विमेंस के लिए वनडे क्रिकेट में अब तक की बेस्ट बॉलिंग परफॉर्मेंस है।जैकी लॉर्ड का 1982 में बना रिकॉर्ड तोड़ा अमीलिया कर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 7 विकेट लेकर जैकी लॉर्ड का 44 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। जैकी ने 1982 के विमेंस वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ महज 10 रन देकर 6 विकेट लिए थे। तब से कोई भी कीवी गेंदबाज एक पारी में 7 विकेट नहीं ले पाई थीं।जिम्बाब्वे की पारी 102 रन पर सिमटी न्यूजीलैंड की घातक गेंदबाजी के सामने जिम्बाब्वे की टीम ताश के पत्तों की तरह ढह गई। पूरी टीम 102 रन ही बना पाई। ओपनर केलिस एनध्लोवु ने 12 और विकेटकीपर मोडेस्टर मुपाचिक्वा ने 32 रन बनाकर टीम को 50 के पार पहुंचाया। वहीं औड्रे माज्विशाया ने 13 और तेंदाई माकुशा ने 12 रन बनाकर जिम्बाब्वे को किसी तरह 100 रन के पार कराया। न्यूजीलैंड के लिए मौली पेनफोल्ड ने जिम्बाब्वे के टॉप ऑर्डर को तोड़ते हुए शुरुआती 3 विकेट लिए। इसके बाद कर ने मोर्चा संभाला और एक के बाद एक 7 विकेट लेकर जिम्बाब्वे की कमर तोड़ दी। ब्री इलिंग, रोजमेरी मेयर और नेन्सी पटेल कोई विकेट नहीं ले पाई। दुनिया की 7वीं गेंदबाज बनीं अमीलिया अमीलिया कर दुनिया की 7वीं ही गेंदबाज बनीं, जिन्होंने एक विमेंस वनडे में 7 विकेट लिए।

# डे-नाइट टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा कायम





**एलिसा हीली की शानदार विदाई**

## लूसी ने किया कमाल, भारतीय महिला टीम को हराया

**पर्थ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने महिलाओं के एकमात्र दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रविवार को तीसरे दिन भारत के खिलाफ 10 विकेट की आसान जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरी पारी में 149 रन पर समेटने के बाद 25 रन के मामूली लक्ष्य को बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। यह कप्तान एलिसा हीली के लिए शानदार विदाई रही जिन्होंने अपने करियर का अंत एक ऐसे विरोधी पर शानदार जीत के साथ किया जिसके खिलाफ उन्होंने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया।

### 149 रन पर सिमटी भारत की दूसरी पारी

भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 105 रन से आगे खेलते हुए 48.2 ओवर में 149 रन पर सिमट गई जिसमें प्रतिका रावल ने 137 गेंद में 63 रन की पारी खेली। एशले गार्डनर (आठ रन पर दो विकेट) ने स्नेहा राणा (30) और प्रतिका को आउट किया। गार्डनर ने स्नेह को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। प्रतिका भी इसके बाद ऑफ स्पिनर गार्डनर की गेंद को पुल करने की कोशिश में हवा में लहरा गई और मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एनाबेल सदरलैंड ने उनका शानदार कैच लपका जिससे भारतीय पारी का अंत हुआ।

ऑस्ट्रेलिया की सबसे सफल गेंदबाज– लूसी हैमिल्टन रहीं जिन्होंने 32 रन पर तीन विकेट चटकाए, जबकि सदरलैंड ने 15 और एलेना किंग ने 23 रन पर दो-दो विकेट हासिल किए। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए सिर्फ 25 रन की दरकार थी और सलामी बल्लेबाजों जॉर्जिया वोल (नाबाद 16) और फोबे लिचफील्ड (नाबाद 11) ने 4.3 ओवर में ही बिना विकेट खोए 28 रन बनाकर मेजबान टीम को जीत दिला दी।इससे पूर्व भारत ने पहली पारी में 198 रन बनाए थे जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने सदरलैंड के 129 रन की मदद से 323 रन बनाकर मेजबान टीम को पहली पारी में अहम बढ़त दिलाई थी। मैच के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, हमने टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज जीतकर अच्छी शुरुआत की लेकिन वनडे और टेस्ट मैच में अच्छा काम जारी नहीं रख सके लेकिन ऑस्ट्रेलिया में पूर्ण सीरीज खेलना एक अच्छा अनुभव था। गुलाबी गेंद का टेस्ट एक अलग चुनौती थी।

सेबी ने शुरू कर दिया नया फीचर

# म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए जरूरी खबर

**नई दिल्ली एजेंसी।** सर्कुलर में कहा कि यह सुविधा डीमैट वाले और बिना डीमैट वाले दोनों तरह के फोलियो के लिए उपलब्ध होगी। इसके तहत निवेशक अपना फोलियो लॉक कर सकेंगे, जिससे लॉक रहने तक उस फोलियो से म्यूचुअल फंड यूनिट डेबिट नहीं की जा सकेंगी। म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए जरूरी खबर है। बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल



फंड निवेशकों की डिजिटल सुरक्षा बढ़ाने के लिए स्वैच्छिक डेबिट फ्रीज सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक सर्कुलर में कहा कि यह सुविधा डीमैट वाले और बिना डीमैट वाले दोनों तरह के फोलियो के लिए उपलब्ध होगी। इसके तहत निवेशक अपना फोलियो लॉक कर सकेंगे, जिससे लॉक रहने तक उस फोलियो से म्यूचुअल फंड यूनिट डेबिट नहीं की जा सकेंगी। बाजार नियामक ने कहा कि स्वैच्छिक डेबिट फ्रीज सुविधा 30 अप्रैल से शुरू हो जाएगी। सेबी के मुताबिक, म्यूचुअल फंड फोलियो लॉक करने की सुविधा पहले चरण में रजिस्ट्रार एंड ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) के जरिये एमएफ सेंट्रल मंच पर उपलब्ध कराई जाएगी। यह सुविधा केवल उन निवेशकों के लिए होगी जिनका केवाईसी पूरा है और जिनके वैध ईमेल आईडी एवं मोबाइल नंबर दर्ज हैं। एम्फी को प्रक्रिया तय करने का निर्देश म्यूचुअल फंड उद्योग संगठन एम्फी को फोलियो लॉक और अनलॉक करने की विस्तृत प्रक्रिया तय करने का निर्देश दिया गया है। यह भी तय किया जाएगा कि लॉक अवधि के दौरान कौन-कौन से वित्तीय और गैर-वित्तीय लेनदेन की अनुमति होगी। सेबी ने कहा कि सभी परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां (एएमसी) और आरटीए इस सुविधा को अपनाने की प्रक्रिया तथा लॉक अवधि के दौरान लेनदेन पर इसके प्रभाव से जुड़ी जानकारी अपनी वेबसाइट और अतिरिक्त सूचना विवरण (एसएआई) में सार्वजनिक करेंगे।

### सेबी ने सोने-चांदी पर भी लिया फैसला

हाल ही में सेबी ने म्यूचुअल फंड योजनाओं के तहत फिजिकल रूप से रखे गये सोने और चांदी की मूल्यांकन व्यवस्था में संशोधन किया है। इसके तहत शेयर बाजारों द्वारा सर्वेक्षण के आधार पर जारी हाजिर मूल्यों का उपयोग मूल्य निर्धारण के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। फिजिकल रूप से वितरित सर्राफा डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान के लिए उपयोग किए जाने वाले हाजिर मूल्य अब ऐसी संपत्ति के मूल्य निर्धारण का आधार बनेंगे, जो पहले के मानक का स्थान लेंगे। वर्तमान में सोने और चांदी के ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) अपनी होल्डिंग्स का मूल्यांकन लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन (एलबीएमए) की सुबह 10.30 बजे की नीलामी मूल्यों के आधार पर करते हैं। अन्य शुल्कों को समायोजित करके घरेलू मूल्य निर्धारित किए जाते हैं।



# अमेरिका की मंशा आई सामने

**नई दिल्ली एजेंसी।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद मिडिल ईस्ट में टेंशन है। इसने इंटरनेशनल ऑयल मार्केट में हलचल पैदा कर दी है। इस बीच अमेरिका ने अचानक भारत को रूसी तेल खरीदने की इजाजत दे दी। इसके लिए 30 दिन की छूट मिली है। अब अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने इसके पीछे की मंशा बताई है। उन्होंने बताया कि अमेरिका ने तेल की कीमतें कम रखने में मदद के लिए शॉर्ट टर्म उपाय लागू किए हैं। इसके तहत वह चाहता है कि भारत जल्दी से तेल लेकर उसे रिफाइन करके मार्केट में लाए। अमेरिका का यह रुख इसलिए भी अहम है क्योंकि अब तक वह रूसी तेल का दुश्मन रहा है। रूसी तेल खरीदने के लिए उसने भारत पर एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत भी टैरिफ लगाया था। अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने भरोसा दिलाया कि ईरान युद्ध के बीच गैस की कीमतों में बढ़ोतरी टेम्परारी है। इंटरव्यू के एक हिस्से को उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया। हमने तेल की कीमतें कम रखने में मदद के लिए शॉर्ट टर्म उपाय लागू किए हैं। हम भारत में अपने दोस्तों को पहले से जहाजों पर मौजूद तेल लेने, उसे रिफाइन करने और उन बैरल को जल्दी से मार्केट में लाने की इजाजत दे रहे हैं। सप्लाई फ्लो और प्रेशर कम करने का यह एक प्रैक्टिकल तरीका है। जियोपॉलिटिकल अस्थिरता के बावजूद भारत को एनर्जी की कमी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। उन्होंने कच्चे तेल की सप्लाई में संभावित रुकावटों को लेकर चिंताओं पर यह बात कही।

# मिडिल ईस्ट तनाव का असर : दुबई में सोना अंतरराष्ट्रीय भाव से सस्ता

**दुबई में वैश्विक कीमत से 30 डॉलर प्रति औंस कम भाव**

**उड़ानें रुकीं, शिपमेंट अटकी, सप्लाई चेन टूटी तो सस्ता हुआ सोना**

**युद्ध से हिला गोल्ड बाजार, दुबई में छूट पर बिक रहा सोना, भारत पर भी नजर**

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध और भू-राजनीतिक तनाव का असर अब वैश्विक सोना बाजार पर भी दिखाई देने लगा है। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के कारण दुबई में सोने की ट्रेडिंग प्रभावित हुई है, जिसके चलते वहां सोना अंतरराष्ट्रीय कीमतों की तुलना में भारी छूट पर बिक रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार दुबई के ट्रेडर्स वैश्विक बेंचमार्क कीमत से करीब 30 डॉलर प्रति औंस तक का डिस्काउंट दे रहे हैं, जो भारतीय मुद्रा में लगभग 2,700 से 2,800 रुपये के बराबर है। जानकारी के मुताबिक दुबई में 8 मार्च की सुबह सोने का भाव लगभग 5,173.73 डॉलर प्रति औंस दर्ज किया गया। एक औंस में लगभग 28.34 ग्राम सोना होता है। हालांकि इस कीमत पर भी ट्रेडर्स अतिरिक्त डिस्काउंट दे रहे हैं, क्योंकि मौजूदा हालात में सोने की शिपमेंट और सप्लाई चेन बाधित हो गई है।

दरअसल, पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव के कारण कई देशों के एयरस्पेस आंशिक रूप से बंद हो गए हैं और कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। सोने की अंतरराष्ट्रीय शिपमेंट आमतौर पर यात्री विमानों के कार्गो होल्ड के जरिए की जाती है। उड़ानों पर प्रतिबंध लगने से दुबई जैसे बड़े बुलियन ट्रेडिंग हब से सोने का निर्यात प्रभावित हुआ है। इसके चलते सोने की खेप समय पर दूसरे देशों तक नहीं पहुंच पा रही है।

शिपिंग और इंश्योरेंस लागत में बढ़ोतरी के साथ-साथ डिलीवरी में अनिश्चितता भी बढ़ गई है। ऐसे में कई अंतरराष्ट्रीय खरीदार नए ऑर्डर देने से हिचकिचा रहे हैं। व्यापारियों के सामने स्टोरेज और फाइनेंसिंग की लागत तेजी से बढ़ने का दबाव है। इसी कारण वे अपने पास मौजूद सोने के स्टॉक को निकालने के लिए अंतरराष्ट्रीय कीमतों से कम दर पर बिक्री करने को मजबूर हो रहे हैं। दुबई लंबे समय से वैश्विक सोना व्यापार का एक प्रमुख केंद्र रहा है। यहां सोने की रिफाइनिंग, ट्रेडिंग और एक्सपोर्ट बड़े पैमाने पर होता है। स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और कई अफ्रीकी देशों से आने वाले सोने की खेप भी अक्सर दुबई के जरिए एशियाई बाजारों तक पहुंचती है। मौजूदा संघर्ष के चलते इस पूरी सप्लाई चेन पर असर पड़ा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो इसका असर वैश्विक सोना बाजार पर और गहरा हो सकता है। भारत जैसे बड़े उपभोक्ता देश भी इससे प्रभावित हो सकते हैं। भारत के संदर्भ में फिलहाल स्थिति गंभीर नहीं मानी जा रही है। बाजार विश्लेषकों के अनुसार देश में जनवरी के दौरान सोने का आयात अपेक्षाकृत अधिक हुआ था, जिससे बाजार में फिलहाल पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

# तेल पर कतर की एक चेतावनी और भरभरा गया ग्लोबल मार्केट

**नई दिल्ली एजेंसी।** इंटरव्यू में अल-काबी ने कहा कि अगर पश्चिम एशिया में युद्ध और तेज हुआ तो दुनिया की इकोनॉमी पर इसका बुरा असर पड़ सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि संघर्ष बढ़ने की स्थिति में खाड़ी क्षेत्र के ऊर्जा निर्यातक देशों को कुछ ही दिनों में उत्पादन बंद करना पड़ सकता है। पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध तनाव के बीच कतर के ऊर्जा मंत्री साद अल-काबी ने एक ऐसी चेतावनी दी है जिससे ग्लोबल मार्केट के निवेशकों में टेंशन आ गई है। इस बयान ने शुक्रवार को वैश्विक वित्तीय बाजारों में अचानक हलचल मचा दी। उनकी टिप्पणी के बाद भारतीय शेयर बाजार समेत दुनिया के कई बाजारों में तेज गिरावट देखी गई और तेल की कीमतों में भी तेजी दर्ज की गई। ब्रिटेन के अखबार फाइनेंशियल टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में अल-काबी ने कहा कि अगर पश्चिम एशिया में युद्ध और तेज हुआ तो दुनिया की इकोनॉमी पर इसका बुरा असर पड़ सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि संघर्ष बढ़ने की स्थिति में



खाड़ी क्षेत्र के ऊर्जा निर्यातक देशों को कुछ ही दिनों में उत्पादन बंद करना पड़ सकता है। ऐसा होने पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। अल-काबी के मुताबिक अगर युद्ध तुरंत समाप्त भी हो जाए तब भी ऊर्जा आपूर्ति को सामान्य स्थिति में लौटने में लंबा वक्त लग सकता है। ये कई हफ्तों से लेकर महीनों तक का समय हो सकता है। मतलब ये कि किसी भी परिस्थिति में संकट कम नहीं होता दिख रहा है।

### भारतीय बाजार पर असर

इस चेतावनी का असर भारतीय शेयर बाजार पर तुरंत देखने को मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,097 अंक यानी 1.37 प्रतिशत टूटकर 78,918.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,203.72 अंक लुढ़ककर 78,812.18 अंक तक आ गया था। इसी तरह, एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी भी 315.45 अंक यानी 1.27 प्रतिशत के नुकसान के साथ 24,450.45 अंक पर बंद हुआ। इस बीच, भारत सरकार ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश देने के लिए एस्मा कानून के तहत आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल किया है। इसका मकसद पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण संभावित व्यवधानों से निपटने के लिए घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता बढ़ाना है।

## 3 कंपनियों को मिली आईपीओ लाने की मंजूरी, 3300 करोड़ जुटाने की तैयारी

**नई दिल्ली एजेंसी।** इन कंपनियों ने अक्टूबर और दिसंबर के बीच भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपने शुरुआती दस्तावेज जमा कराए थे, जिस पर रेगुलेटरी ने चार से पांच मार्च के दौरान अपनी टिप्पणियां जारी कीं। बाजार नियामक सेबी ने एनर्जी सेक्टर की ईस्टमैन ऑटो एंड पावर, पार्ट्स का उत्पादन करने वाली माइलस्टोन गियर्स और





आर्टिफिशियल टेक्नोलॉजी सेक्टर की कंपनी बॉनब्लॉक टेक्नोलॉजीज को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से कुल 3,300 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दे दी है। यानी आने वाले समय में इन तीनों कंपनियों का आईपीओ आएगा। इन कंपनियों ने अक्टूबर और दिसंबर के बीच भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपने शुरुआती दस्तावेज जमा कराए थे, जिस पर रेगुलेटरी ने चार से पांच मार्च के दौरान अपनी टिप्पणियां जारी कीं। मर्चेंट बैंकरों के अनुसार, ये तीनों कंपनियां मिलकर आईपीओ के जरिए 3,300 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने की तैयारी में हैं। ईस्टमैन ऑटो एंड पावर का आईपीओ 1,800 से 2,000 करोड़ रुपये का होगा। प्रस्तावित आईपीओ नए शेयर जारी करने और ऑफर फार सेल का मिश्रण होगा।

## देश की प्रमुख आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.81 लाख करोड़ रुपये घटा

**शीर्ष 10 की सूची में रिलायंस और इंफोसिस के मूल्यांकन में बढ़ोतरी दर्ज की गई**

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह शेयर बाजार में गिरावट की वजह से देश की प्रमुख 10 मूल्यवान कंपनियों में आठ के संयुक्त बाजार मूल्यांकन में 2,81,581.53 करोड़ रुपये की कमी आई है। इसमें भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ा। शीर्ष 10 की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंफोसिस ही ऐसी कंपनियां रहीं, जिनके मूल्यांकन में बढ़ोतरी दर्ज की गई। आंकड़ों के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन 53,952.96 करोड़ रुपये घटकर 10,55,567.27 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक के मूल्यांकन में 46,936.82 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 9,40,049.82 करोड़ रुपये पर आ गया। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 46,552.3 करोड़ रुपये घटकर 13,19,107.08 करोड़ रुपये रह गया। लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के बाजार पूंजीकरण में 45,629.03 करोड़ रुपये की कमी आई और यह 5,43,208.36 करोड़ रुपये रहा। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 28,934.56 करोड़ रुपये घटकर 5,91,136.03 करोड़ रुपये पर आ गया। इसके विपरीत रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 14,750.39 करोड़ रुपये बढ़कर 19,01,583.05 करोड़ रुपये हो गया। इंफोसिस का मूल्यांकन भी 3,459.99 करोड़ रुपये चढ़कर 5,30,546.54 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बाजार पूंजीकरण के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है।

## महारत्न कंपनी 33वीं बार दे रही है डिविडेंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महारत्न कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने डिविडेंड का ऐलान किया है। कंपनी ने एक शेयर पर 2 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है। इस डिविडेंड के लिए कंपनी की तरफ से रिकॉर्ड डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। महारत्न कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने डिविडेंड का ऐलान किया है। कंपनी ने एक शेयर पर 2 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है। इस डिविडेंड के लिए कंपनी की तरफ से रिकॉर्ड डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। बता दें, कंपनी 33वीं बार शेयर बाजार में एक्स-डिविडेंड ट्रेड करेगी। आइए डीटेल्स में जानते हैं कंपनी के विषय में ... स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में कंपनी ने बताया है कि एक शेयर पर दो रुपये का डिविडेंड योग्य निवेशकों को दिया जाएगा। इस डिविडेंड के लिए कंपनी ने 12 मार्च की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। कंपनी की तरफ से डिविडेंड 5 अप्रैल 2026 या उससे पहले कर दिया जाएगा। महारत्न कंपनी ने पहली बार निवेशकों को 2001 में डिविडेंड दिया था। तब कंपनी ने एक शेयर पर 9.5 रुपये का डिविडेंड दिया था। इसके बाद कंपनी ने 2025 में दो बार डिविडेंड दिया था। 2025 में आखिरी बार कंपनी की तरफ से 5 रुपये का डिविडेंड एक शेयर पर बांटा गया था। इस कंपनी ने पहली बार निवेशकों को 2009 में बोनस शेयर दिया था। तब कंपनी ने एक शेयर पर एक शेयर बोनस के तौर पर दिया था। 2016 और 2018 में भी कंपनी ने एक शेयर पर एक शेयर बोनस के तौर पर दिया है।

## पश्चिम एशिया संकट और तेल की कीमतों से प्रभावित होगा शेयर बाजार

**ऊर्जा बाजार में उतार-चढ़ाव बाजार में बढ़ा सकता है अस्थिरता**

**मुंबई।** इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार की दिशा मुख्य रूप से पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और उससे जुड़ी भू-राजनीतिक घटनाओं पर निर्भर करेगी। बाजार के जानकारों ने कहा कि इस संघर्ष के चलते बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है, जिससे एफपीआई (विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक) की बिकवाली बढ़ी है। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक संघर्ष का स्पष्ट परिणाम सामने नहीं आता और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट नहीं होती, विदेशी निवेशक बाजार में बड़े पैमाने पर निवेश करने की संभावना कम है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड इस सप्ताह 8.52 प्रतिशत उछलकर 92.69 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि उच्च तेल कीमतें भारत जैसी तेल आयातक अर्थव्यवस्थाओं के लिए नकारात्मक संकेत हैं। उन्होंने कहा कि ऊर्जा बाजार में उतार-चढ़ाव निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता को प्रभावित करता है और बाजार में अस्थिरता बढ़ा सकता है। उन्होंने कहा ?कि ब्रेंट क्रूड का 90 डॉलर से ऊपर होना भारतीय अर्थव्यवस्था और शेयर बाजार के लिए बुरी खबर है। विश्लेषकों के अनुसार वैश्विक बाजार के रुझान और एफपीआई की गतिविधियां भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगी। यदि वैश्विक बाजार सकारात्मक रहेगा, तो कुछ हद तक भारतीय बाजार में स्थिरता बनी रह सकती है। लेकिन पश्चिम एशिया संकट और तेल की कीमतों में तेजी इसे दबाव में रख सकते हैं। घरेलू मोर्चे पर निवेशक 12 मार्च को आने वाले उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। ये आंकड़े निवेशकों को अर्थव्यवस्था की वर्तमान स्थिति और मौद्रिक नीति के रुझान का संकेत देंगे।

# विदेशी मुद्रा भंडार फिर पहुंचा ऑल टाइम हाई पर

**मुंबई, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले दिनों एक बार फिर से सोना (त्नश्चद्यस्र) महंगा हुआ है। साथ ही भारत का फॉरेन करेंसी एसेट या एफसीए ) भंडार भी बढ़ा है। तभी तो अपना विदेशी मुद्रा भंडार एक बार फिर से रिकॉर्ड उच्चतम स्तर, 728.494 बिलियन पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 27 फरवरी 2026 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 4.885 बिलियन की बढ़ोतरी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले इसमें 2.11 बिलियन की गिरावट दर्ज की गई थी। अब अपना भंडार बढ़ कर 728.494 बिलियन के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इससे पहले 13 फरवरी 2026 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपना विदेशी मुद्रा भंडार 725.727 बिलियन का था, जो कि इससे पहले का रिकार्ड उच्चतम स्तर था। रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 27 फरवरी 2026 को समाप्त



सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियों में 561 मिलियन की बढ़ोतरी हुई। एक सप्ताह पहले इसमें 1.039 बिलियन की कमी हुई थी। अब अपना एफसीए भंडार बढ़ कर 573.125 बिलियन का हो गया है। उल्लेखनीय है कि देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा आस्तियां या फॉरेन करेंसी असेट एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। डॉलर में अभिव्यक्त किये जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसे गैर अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। आलोच्य सप्ताह के दौरान अंतराष्ट्रीय बाजार में सोने के मूल्य में वृद्धि हुई। इस वजह से बीते 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान रिजर्व बैंक के सोने के भंडार की वैल्यू में 4.141 बिलियन की बढ़ोतरी हुई। इसी के साथ अब अपने सोने के भंडार का वैल्यू बढ़ कर 131.630 बिलियन का हो गया है। उल्लेखनीय है कि इस समय आरबीआई के पास सोने का भंडार 880 टन के पार चला गया है। यह देश के कुल फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व का करीब 15 फीसदी बैठता है।

### एसडीआर में मामूली वृद्धि

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, बीते सप्ताह भारत के स्पेशल ड्रॉइंग राइट या विशेष आहरण अधिकार में मामूली वृद्धि हुई है। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान एसडीआर में 26 मिलियन की वृद्धि हुई है। इससे एक सप्ताह पहले इसमें 120 मिलियन की कमी हुई थी। अब यह बढ़ कर 18.866 बिलियन का हो गया है। इसी सप्ताह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास रखे हुए देश के रिजर्व मुद्रा भंडार में भी 158 मिलियन डॉलर की वृद्धि हुई है। अब अपना आईएमएफ रिजर्व बढ़ कर 4.873 बिलियन का हो गया है।

# आईआईएम रांची में अंतररास्ट्रीय महिला दिवस उपरे बिसेस कार्जकरम

## स्पोर्ट्र्स थेरेपिस्ट नवनीता गौतम आउर प्रख्यात पर्वतारोही प्रेमलता अग्रवाल होलयं सामिल

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**







रांची। आईआईएम रांची में अंतररास्ट्रीय महिला दिवस में एतवार के बिसेस कार्जकरम आयोजित करल गेलक। इकर में महिलामन कर उपलब्धि, नेतृत्व आउर समाज में उनकर जोगदान के सम्मानित करल गेलक। ई कार्जकरम संस्थान कर इंटरनल कमेटी आउर छात्र जनरल सेंसिटाइजेशन कमेटी कर संजुक्त सहजोग से आयोजित करल गेलक। कार्जकरम में मुध गोतिया कर रूप में परसिध स्पोर्ट्र्स थेरेपिस्ट नवनीता गौतम आउर प्रख्यात पर्वतारोही प्रेमलता अग्रवाल सामिल होलयं। नवनीता गौतम भारत की पहली प्रमाणित एथलेटिक थेरेपिस्ट हैं। उन्हें खेल जगत में 15 बछर से बेसी कर अनुभव आहे। ऊ बास्केटबॉल, गोल्फ, फुटबॉल आउर क्रिकेट कर कई सीर्स खेलाड़ीमन कर संगे काम कइर चुइक हयं।

हुवें, प्रख्यात पर्वतारोही प्रेमलता अग्रवाल दुनिया कर सातों महाद्वीप कर सउबसे ऊंची चोटी के फतह करेक वाला पहिल भारतीय महिला हयं। उनके पर्वतारोहन में असाधारन उपलब्धि ले पदम श्री से सम्मानित करल जाए चुइक हे। ई अवसर में संस्थान कर डीन (अकादमिक) प्रो. तनुश्री दत्ता, आईसी कर चेयरपर्सन प्रो. प्रीति? रे संगे कई फैकल्टी सदस्य आउर कर्मचारी भी उपस्थित रहयं। आपन संबोधन में प्रो. तनुश्री दत्ता कहलयं कि समाज में वास्तविक समानता तभे आवी जब महिलामन कर उपलब्धि कर सम्मान हर दिन करल जाए। नवनीता गौतम कहलयं कि सफलता ले प्रतिभा कर संगे अनुसासन आउर दृढ़ता भी जरूरी आहे। महिलामन केऊ भी छेतर कर सीमा के नवा तरीका से परिभासित करेक कर छमता राखेला। जुवतिमन के आत्मबिस्वास कर संगे आपन कम्फर्ट जोन से बाहरे निकलेक चाही। प्रेमलता अग्रवाल आपन जिनगी कर प्रेरक कहानी सुनालयं। ऊ बतालयं कि दृढ़ संकल्प आउर मेहनत से केऊ भी सपना पूरा करल जाए सकेला। दुईयों बक्तामन महिलामन कर सामने आवेक वाला चुनौति आउर अवसर उपरे भी चर्चा करलयं।




# देसभइर कर 250 स्थान में भेलक अस्मिता एथलेटिक्स लीग कर आयोजन

## हर जिला खेल में सक्रिय होवे आउर बेटी आत्मबिस्वास से भरल : श्रीमती रक्षा खडसे

**सोनू सपवार**





मुंबई। अंतर्रास्ट्रीय महिला दिवस में छत्रपति संभाजीनगर कर गरखेड़ा इस्थित संभागीय खेल परिसर में अस्मिता (महिलामन के प्रेरित कइर के खेल में नवा उपलब्धि हासिल करेक कर पहल करेक) कर अंतर्गत उपमहाद्वीप कर 250 स्थान में राष्ट्रव्यापी एथलेटिक्स लीग कर सुभारंभ भेलक। केंद्रीय राज्य मंत्री अस्मिता बैनर कर अंतर्गत योगा, वुशु, किकबॉक्सिंग आउर भारोत्तोलन लीग कर भी उद्घाटन करलयं।

इकर अलावा, ऊ साइक्लोथॉन आउर वॉकथॉन के झंडी देखाय के रवाना करलयं। इनकर आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) कर रास्ट्रीय उत्कृस्टता केंद्र (एनसीओई) छत्रपति संभाजीनगर द्वारा माई भारत, छत्रपति संभाजीनगर नगर निगम आउर महाराष्ट्र राज्य खेल बिभाग कर सहजोग से फिटनेस, खेल में भागीदारी आउर महिला ससक्तिकरन के बढ़ावा देवेक ले करल जात हे।

श्रीमती रक्षा खडसे कहलयं, ह्यअंतर्रास्ट्रीय महिला दिवस हमिन के याइद दिलवयेला कि महिलामन कर अधिकार, गरिमा आउर समान अवसर न खली एगो सामाजिक आवसकता आहे, बलकि रास्ट्र निरमान कर नींव भी आहे। महिलामन के अवसर परदान कइरके पूरा समाज ससक्त होवेला। एहे हमरे अस्मिता कर माध्यम से करत ही, जेके 2021 में प्रधानमंत्री नरेन्द्रम मोदी द्वारा सुभारंभ करल जाए रहे। एखन तक अस्मिता लीग में 2600 लीग में 33 खेल में लगभग 3 लाख महिलामन भाग लेलयं। 2025-26 में, लगभग 1.59 लाख महिलामन पहिले हे 1287 लीग में भाग लेइ चुइक हे। अंतर्रास्ट्रीय महिला दिवस कर अवसर में, देस भइर कर 250 स्थान में 13 बछर से कम, 13 से 18 बछर आउर 18 बछर से बेसी आयु बर्ग कर छोड़ीमन ले 100 मीटर, 200 मीटर आउर 400 मीटर कर तीन जुदा-जुदा दौड़ श्रेनी में अस्मिता एथलेटिक्स लीग कर आयोजन करल गेलक। एक दिवसीय ई आयोजन में कुल 2 लाख छोड़ीमन भाग लेलयं, जेकर संचालन माई भारत, खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी), एसएआई इकोसिस्टम आउर एनसीओई, राइज आउर जिला खेल संघ कर संगे-संगे जिला युवा अधिकारीमन (डीवाईओ) कर सहजोग से करल गेलक।

# अंतर्रास्ट्रीय महिला दिवस में जल महोत्सव पखवाड़ा कर आयोजन

## सउब से जल संरछन उपरे धेयान देवेक कर अपील



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**देवघर।** अंतर्रास्ट्रीय महिला दिवस में पेयजल एवं स्वच्छता बिभाग जल जीवन मिसन अंतर्गत जल महोत्सव पखवाड़ा कर आयोजन एतवार के करलक। इकर सुभारंभ उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा आउर अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार दीप प्रज्वलित कइर के करलयं। मौका में जल जीवन मिसन कर तहत बिभिन्न काम में उत्कृस्ट परदरसन करेक वाला जलसहिया, स्वयं सहायता समूह आउर महिला कर्मिमन के नीर नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित करल गेलक।

कार्जकरम में उप विकास आयुक्त सउब बिभाग के मिइल के जल महोत्सव पखवाड़ा के सफल बनायेक कर अपील करलयं। ऊ कहलयं कि गांव में बनल सउब नल जल जोजना के चालू राखेक कर जिम्मेवारी जलसहिया आउर ग्रामीनमन कर आहे। ई पखवाड़ा में उत्कृस्ट काम करेक वाला के बिस्व जल दिवस में आयोजित समापन समारोह में सम्मानित करल जाई।

अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार सउब से जल संरछन उपरे धेयान देवेक कर अपील करलयं। कार्यपालक अभियंता संजय प्रसाद आउर राहुल प्रियदर्शी जल जीवन मिसन कर तहत चलेक वाला जोजना कर बिस्तृत जानकारी देलयं। मंच संचालन करेक वाला जिला समन्वयक पंकज भूषण पाठक जल महोत्सव पखवाड़ा कर जानकारी देलयं।

जल महोत्सव पखवाड़ा अंतर्गत जिला, प्रखंड, पंचायत आउर ग्राम स्तर में बिभिन्न कार्जकरम कर आयोजन करल जायेक हय। इकर में 11 मार्च के प्लंबर दिवस आउर 22 मार्च के बिस्व जल दिवस कर आयोजन होवी। एहे बीच हर घर जल सत्यापन, सुजल गांव, जलापूर्ति जोजना कर रखरखाव, जीपीडीपी ले बिसेस ग्राम सभा, स्कीम हैंडओवर, जल स्त्रोत कर साफ सफाई इत्यादि होवेक हय। कार्जकरम कर बाद उप विकास आयुक्त आउर अनुमंडल पदाधिकारी जागरुकता रैली के हरी झंडी देखाय के रवाना करलयं। इकर माध्यम से सशक्त नारी, सशक्त समाज बनायेक कर संदेस देल गेलक। मौका में जिला शिक्षा अधीक्षक, समाज कल्याण पदाधिकारी, सहायक अभियंता अशोक दास, नीलम कुमार, सुमित कुमार, जिला समन्वयक रीना टोप्पो, गोपाल दास, इंदुशेखर झा, प्रमोद कापड़ी भी उपस्थित रहयं।



# श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में फाल्गुन रंग पंचमी उत्सव मनलक

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**





**रांची।** पुंदाग कर श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में फाल्गुन रंग पंचमी उत्सव एतवार के उल्लासपूर्बक मनाल गेलक। ई अवसर में श्री राधा रानी कर बिसेस सिंगार वृंदावन से मंगाल गेल आकरसक परिधान आउर जड़ित आभूसन से करल गेलक। मंदिर में आवल सउब सरधालुमन के अबीर गुलाल कर तिलक लगाल गेलक। मौका में 256वां महाप्रसाद कर आयोजन करल गेलक। महाप्रसाद कर बिधिवत भोग मंदिर कर पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाल गेलक। मंदिर परिसर में आवल 2 हजार से भी बेसी सरधालुमन कर बीच प्रसाद में वेजिटेबल खिचड़ी बांटल गेलक।

उकर बाद भजन-संध्या में ट्रस्ट कर भजन गायक भक्तमन के खूब झुमालयं। श्री राधा कृष्ण कर जयकारा से गोटा बाताबरन कृष्णमय आउर भक्तिमय बइन गेलक। फिन सामूहिक रूप से महाआरती करल गेलक। ट्रस्ट कर प्रवक्ता सह मीडिया परभारी संजय सर्राफ बतालयं कि मंदिर में बिहाने से हे भक्तमन कर तांता लागल रहे। करीब 6 हजार से बेसी सरधालुमन दरसन करलयं। ई अवसर में राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, पूरणमल सर्राफ, मधुसूदन जाजोदिया, अरविंद अग्रवाल, अंजनी अग्रवाल, विष्णु सोनी सुरेश भगत, पवन पोद्दार संगे काफी संख्या में सरधालु पहुंचल रहयं।

## आलक बसंत



संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

आलक बसंत सीजन बदललक
ठंडाह करे लागलक बिसराम,
आम्बा,जामून बिछ भइर पथिया
आचार बानाएक कर मिललक
काम,
आलक बसंत सीजन बदललक
ठंडाह करे लागलक बिसराम।

सेमइर,सखुआ फुल झबरल
महुआ कर गिरलक दाम,
मऊध,भांवरा भु -भुवांय चलथैं
जइसे लागथे उ मनकर हके
धाम,
आलक बसंत सीजन बदललक
ठंडाह करे लागलक बिसराम।

सेके रउद तो कखनु बदरी घेरे
पानी आवेक तइर लेवे नाम,
लुहूर - लुहूर हवा बहे
थाकल काया के मिले आराम,
आलक बसंत सीजन बदललक
ठंडाह करे लागलक बिसराम।

आलक बसंत सीजन बदललक
ठंडाह करे लागलक बिसराम,
आम्बा,जामून बिछ भइर पथिया
आचार बानाएक कर मिललक
काम,
आलक बसंत सीजन बदललक
ठंडाह करे लागलक बिसराम।

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक :** रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर :** शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड :** कुमार राजेश। **फोन नंबर :** 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी :** jharkhandwanitaudyog@gmail.com